कार्तिक कृष्ण पक्ष प्रतिपदा 01:15 उपरांत द्वितीय विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 18 अक्टूबर 2024

वर्ष 5, अंक 333, पृष्ठ 14

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



चरम पर पहुंचा 11 वर्षीय सूर्य का सौरचक्र 14

है जवानी तो इश्क होना है में काम करेंगे वरुण 13

## रेल आरक्षण सीमा 120 दिन से घटाकर 60 दिन की गई

नई दिल्ली, एजेंसी



- 1 नवंबर से ट्रेनों द्वारा अग्रिम आरक्षण में होगा बदलाव

रेलवे ने यात्री गाड़ियों के लिए आरक्षण कराने की अधिकतम सीमा 120 दिन से घटाकर फिर से 60 दिन कर दी है। रेल मंत्रालय ने इस सदर्भ में बुधवार को आदेश जारी किया है।

आदेश में कहा गया है कि 01 नवंबर से ट्रेनों के अग्रिम आरक्षण की मौजूदा समय सीमा 120 दिनों से घटाकर 60 दिन (यात्रा की तिथि को छोड़कर) कर दी जाएगी, हालांकि, 120 दिनों के 31 अक्टूबर तक की गई सभी बुकिंग बरकरार रहेंगी। 01 नवंबर से, एडवांस रिजर्वेशन पीरियड (एआरपी) 60 दिनों (यात्रा के दिन को छोड़कर) की होगी और बुकिंग उसी के अनुसार की जाएगी। तथापि, 60 दिनों की एआरपी के बाद की गई बुकिंग को रद करने की अनुमति होगी। ताज एक्सप्रेस, गोमती एक्सप्रेस आदि जैसी कुछ दिन के समय चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों के मामले में कोई बदलाव नहीं होगा, जहां वर्तमान में अग्रिम आरक्षण के लिए कम समय सीमा लागू है। विदेशी पर्यटकों के लिए 365 दिनों की सीमा के मामले में भी कोई बदलाव नहीं होगा।

# नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए की वैधता बरकरार

## पांच न्यायाधीशों की संवैधानिक पीठ ने सुनाया सुप्रीम फैसला, जेपी पादरीवाला ने असहमति जताई

नई दिल्ली, एजेंसी



उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा, जो 25 मार्च 1971 तक बांग्लादेश से असम आए प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करती है।

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा ने अवैध आव्रजन पर अंकुश लगाने के लिए और अधिक मजबूत नीतिगत उपायों की आवश्यकता पर बल दिया। केंद्र की तत्कालीन राजीव गांधी सरकार और राज्य (असम) में ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन (आसू) सहित प्रफुल्ल महंत के नेतृत्व वाले आंदोलनकारी समूहों के बीच असम समझौते पर हस्ताक्षर के बाद 1985 में नागरिकता अधिनियम 1955 में धारा 6ए शामिल की गई थी। प्रावधान के अनुसार, वे सभी लोग जो 1 जनवरी 1966 को या उसके बाद, लेकिन 25 मार्च 1971 से पहले, नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 1985 के लागू होने के समय बांग्लादेश से असम आए थे और तब से असम के निवासी हैं, भारतीय नागरिकता के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। प्रधान न्यायाधीश, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति सुंदरेश और न्यायमूर्ति मिश्रा ने धारा 6ए की वैधता को बरकरार रखा, जबकि न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला ने अल्पमत वाले अपने फैसले में इससे असहमति जताई। प्रधान न्यायाधीश ने 25 मार्च 1971 की समय सीमा को तर्कसंगत मानते हुए, अपना निर्णय लिखते हुए कहा कि धारा 6ए को भारत में प्रवासियों के प्रवेश में कमी लाने को शामिल किया गया था।

### असम में घुसपैठ का प्रभाव अधिक

सीजेआई ने कहा कि पश्चिम बंगाल (2216 .7 किमी), मेघालय (443 किमी), त्रिपुरा (856 किमी) और मिजोरम (318 किमी) जैसे अन्य राज्य असम (263 किमी) की तुलना में बांग्लादेश के साथ अधिक लंबी सीमा साझा करते हैं, फिर भी असम में घुसपैठ और असमिया और जनजातीय आबादी के सांस्कृतिक और राजनीतिक अधिकारों पर प्रभाव अधिक है। धारा 6ए न तो कम समावेशी है और न ही अधिक समावेशी है।

### तीन न्यायमूर्ति ने कहा- धारा 6ए संविधान के दायरे में आती

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने अपने और न्यायमूर्ति सुंदरेश तथा न्यायमूर्ति मिश्रा की ओर से निर्णय लिखते हुए कहा कि धारा 6ए संविधान के दायरे में आती है और भाईचारे के मूलभूत सिद्धांतों का उल्लंघन नहीं करती है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने लिखा यह माना जाता है कि नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 6ए संविधान के दायरे में आती है और यह एक वैध कानून है।

### न्यायमूर्ति पादरीवाला ने कहा- धारा 6ए मनमाना और अमान्य

बहुमत के फैसले से असहमत, न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा कि धारा 6ए मनमाना और संवैधानिक रूप से अमान्य है। 127 पृष्ठों के एक अलग एवं असहमतिपूर्ण फैसले में कहा समय बीतने के साथ धारा 6ए की खुली प्रकृति का दुरुपयोग होने की अधिक संभावना है, क्योंकि जाली दस्तावेजों के जरिये असम में प्रवेश की गलत तारीख दर्ज हो जाती है।




# नेपाल भाग रहे बहराइच हिंसा के आरोपियों से मुठभेड़, 5 गिरफ्तार

## दो मुख्य आरोपी सरफराज और तालिब के पैर में लगी गोली

- अब तक 57 आरोपी हो चुके गिरफ्तार, 13 एफआईआर दर्ज

संवाददाता, बहराइच/लखनऊ



मुठभेड़ के बाद आरोपियों को अस्पताल ले जाती पुलिस।

**अमृत विचार :** नानपारा थानाक्षेत्र में गुरुवार दोपहर करीब 2:50 बजे बहराइच हिंसा के दो मुख्य आरोपियों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में दो मुख्य आरोपी सरफराज और तालिब के पैर में गोली लगी, दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों आरोपी जिला अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने रामगोपाल की हत्या के मामले में तीन नामजद और दो अन्य आरोपियों सहित कुल पांच आरोपियों को अरेस्ट किया है। महराजगंज मामले में अब तक 57 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। हिंसा के तहत अब तक अलग-अलग 13 एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। साथ ही लापरवाह सीओ महसी रूपेंद्र गौड़ निलंबित हैं।

एसपी वृंदा शुक्ला के मुताबिक गुरुवार को पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने हिंसा और रामगोपाल मिश्रा की हत्या में नामजद आरोपियों समेत पांच को गिरफ्तार किया। इसमें मो. फहीन, मो. तालीब उर्फ सबलू, मो. सरफराज उर्फ रिंकू, अब्दुल हमीद और मो. अफजल शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पूछताछ के बाद असलहा बरामद कराने के लिए नानपारा इलाके में नेपाल मार्ग पर हांडा बसेहरी लेकर गई। जहां हत्या में प्रयुक्त में लाइसेंसी डबल बैरल बंदूक छिपाकर रखी गई थी। पुलिस अभी बरामदगी की कार्रवाई कर ही रही थी। इसी बीच आरोपी मो. सरफराज उर्फ रिंकू और मो. तालिब उर्फ सबलू ने बंदूक से फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग सरफराज और तालिब के पैर में गोली लगी। दोनों घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को पहले सीएचसी नानपारा भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

### आरोपियों के खिलाफ होगी रासुका की कार्रवाई

एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि महराजगंज मामले में अभी और लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम दबिश दे रही है। हिंसक घटना में शामिल लोगों के साथ अफवाह फैलाने वाले, साजिश रचने वाले और आरोपियों को शरण देने वाले सभी के लिए खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। सभी आरोपियों के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### बहराइच हिंसा पर प्रदेश सरकार विफल: अखिलेश



**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बहराइच जिले में हुई सांप्रदायिक हिंसा को गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन की विफलता करार दिया। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने इस बात पर भी आश्चर्य जताया कि जब इतना बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा था तो वहां कोई पुलिस सुरक्षा क्यों नहीं थी। यादव ने लखनऊ में कहा यह बहराइच प्रशासन और सरकार की विफलता है।

## एक नजर

### ईडी ने अभिनेत्री तमन्ना भाटिया से की पूछताछ

**गुवाहाटी।** अभिनेत्री तमन्ना भाटिया से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एचपीजेड टोकन मोबाइल ऐप से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में यहां गुरुवार को पूछताछ की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। ऐप के जरिये बिटकॉइन और कुछ अन्य क्रिप्टोकरेंसी के रूप में अत्यधिक रिटर्न दिलाने के बहाने कई निवेशकों से कथित तौर पर ठगी की गई थी।

### बाराबंकी में देवा महोत्सव की शुरुआत आज से

**देवा (बाराबंकी)।** कौमी एकता का महाकुंभ कहे जाने वाले देवा महोत्सव का आगाज शुक्रवार से होगा। पीएसी बैंड की मधुर धुनों के बीच जिलाधिकारी/अध्यक्ष देवा मेला प्रदर्शनी समिति सत्येंद्र कुमार की धर्मपत्नी सुप्रिया कुमारी आज शाम पांच बजे शेख मोहम्मद हसन द्वार पर फीता काटकर दस दिवसीय मेले का शुभारंभ करेंगी। यह मेला महोत्सव 18 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक चलेगा।

## हल्द्वानी की किशोरी से दिल्ली में गैंगरेप पांच युवक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** मुखानी थानाक्षेत्र से 4 अक्टूबर को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई किशोरी ट्रेन से दिल्ली पहुंच गई। जहां एक होटल में पांच युवकों ने किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इधर, गुमशुदगी की जांच करती हल्द्वानी पुलिस जब दिल्ली पहुंची तब इस घटना का खुलासा हुआ। हल्द्वानी पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के पांचों आरोपी युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए तीन आरोपी मुंबई के और दो दिल्ली के रहने वाले हैं। गुरुवार को कोर्ट ने सभी आरोपियों को जेल भेज दिया।

सामूहिक दुष्कर्म का शिकार हुई किशोरी शहर के एक प्रतिष्ठित स्कूल में 10वीं का छात्रा है। जानकारी के मुताबिक बीती 4 अक्टूबर को किशोरी घर से यह कहकर निकली थी कि वह स्कूल जा रही है, लेकिन न तो वह स्कूल पहुंची और न ही लौट कर घर आई। स्कूल का वक्त गुजरा तो परिजनों ने तलाश शुरू की। तमाम स्थानों पर खोजबीन के बावजूद जब उसका कहीं पता नहीं चला तो पिता ने मुखानी थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो वह स्कूल की ओर जाती नहीं दिखी। उसे रेलवे स्टेशन की ओर जाते देखा गया। घटनाक्रम के अनुसार पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह दिल्ली जाने वाली ट्रेन में सवार हुई थी।

## हरियाणा में मुख्यमंत्री का शपथग्रहण

# नायब सैनी ने ली शपथ भाजपा का शक्ति प्रदर्शन

चंडीगढ़, एजेंसी



शपथ के बाद हस्ताक्षर करते नायब सैनी।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के नायक बने नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को एक भव्य समारोह में राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के कई नेता मौजूद रहे।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को ओबीसी नेता सैनी और 13 अन्य मंत्रियों को शपथ दिलाते हुए देखने के लिए हजारों लोग पंचकूला में जमा हुए थे। इस समारोह के लिए वाल्मीकि जयंती का दिन चुनकर और अपने शासन वाले राज्यों के मुख्यमंत्रियों, मंत्रियों और राजग सहयोगियों के लिए मंच सजाकर भाजपा ने एक साथ दो-दो संदेश दिए। ऋषि-कवि वाल्मीकि हिंदू महाकाव्य रामायण के रचयिता हैं और विशेष रूप से दलितों के बीच पूजनीय हैं। मोदी ने सैनी और उनके मंत्रिमंडल सहयोगियों को शपथ ग्रहण करने पर बधाई दी और उनकी टीम को सुशासन व अनुभव का अद्भुत मिश्रण बताया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह सरकार लोगों के सपनों को साकार करेगी और राज्य के विकास को नई ऊंचाई पर ले जाएगी। मुझे विश्वास है कि डबल इंजन की सरकार गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के अलावा समाज के अन्य सभी वर्गों की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

### समारोह के बाद राजग के नेताओं ने की बैठक

शपथ ग्रहण समारोह के बाद, मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्रियों समेत राजग के नेता विकास के मुद्दों पर चर्चा के लिए यहां आयोजित एक बैठक में भी शामिल हुए। बैठक से पहले एक बयान में भाजपा ने कहा कि देशभर में 13 मुख्यमंत्री और 16 उपमुख्यमंत्री भाजपा के हैं, जबकि महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, बिहार, सिक्किम, नगालैंड और मेघालय के मुख्यमंत्री उसके सहयोगी दलों के हैं, जो इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। सम्मेलन में योगी आदित्यनाथ भी पहुंचे।

## मुठभेड़ में लारेंस विश्नोई गिरोह का शूटर गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- मूल रूप से बदायूं का रहने वाला है शूटर राजू

**अमृत विचार :** मथुरा के रिफाइनरी थानाक्षेत्र में गुरुवार सुबह यूपी और दिल्ली पुलिस की लारेंस विश्नोई गिरोह के शूटर से मुठभेड़ हो गई। दोनों तरफ से हुई फायरिंग शूटर योगेश उर्फ राजू घायल हो गया। उसके पैर में गोली लगी। पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

पुलिस अधिकारी के मुताबिक योगेश दिल्ली के चर्चित जिम मालिक नादिरशाह हत्याकांड का मुख्य आरोपी है। आरोपी के पास से एक पिस्टल 32 बोर, सात जिंदा कारतूस और तीन खोखा बरामद किया गया। एसपी सिटी मथुरा डॉ. अरविंद कुमार के मुताबिक लारेंस विश्नोई व हाशिम बाबा गिरोह के शूटर योगेश कुमार उर्फ राजू के रेलवे स्टेशन के पास होने की सूचना मिली। उसकी तलाश में काफी दिनों से मथुरा में दिल्ली पुलिस की टीम ने डेरा डाल रखा था। दिल्ली पुलिस और रिफाइनरी थाने की पुलिस ने संयुक्त रुप से राजू की घेराबंदी की। इस पर उसने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में उसके पैर में गोली लग गई।

## दीपावली पर 1.86 करोड़ परिवार को निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर

- शासनादेश जारी होते ही वितरण शुरू, 1,890 करोड़ खर्च होगा

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने बीते साल की तरह इस दीपावली पर भी निशुल्क एलपीजी सिलेंडर देने का शासनादेश जारी कर दिया है। सरकार के इस कदम से उप्र. के 1.86 करोड़ परिवारों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का सीधा लाभ होगा। वहीं मुख्यमंत्री के आदेश के बाद दीपावली से पहले ही निशुल्क एलपीजी सिलेंडर का वितरण शुरू कर दिया गया है।साल में दो बार होली और दीपावली पर ही निशुल्क एलपीजी सिलेंडर का वितरण किया जाता है। पिछले साल जहां 1.85 करोड़ लाभार्थी परिवार और 85 लाख से अधिक महिलाओं को इसका लाभ दिया गया था। वहीं इस साल लाभार्थियों की संख्या बढ़कर 1.86 करोड़ परिवार हो गयी है। इसपर 1,890 करोड़ रुपये खर्च होगा। उज्ज्वला योजना के तहत लाभार्थियों को 300 रुपये की सब्सिडी केंद्र सरकार दे रही है जबकि शेष छूट राज्य सरकार देती है।

## सपा के सात प्रत्याशी मैदान में, दो सीट कांग्रेस को मिली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### उप्र. विस उपचुनाव

- सपा ने पश्चिमी उप्र. की मीरापुर सीट पर उतारा उम्मीदवार
- गाजीपुर और खैर सीट पर कांग्रेस से गठबंधन के उम्मीदवार उतरेंगे

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उपचुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस में सीटों का बंटवारा हो गया है। नौ सीटों के लिए होने वाले उपचुनाव में सपा, कांग्रेस को दो सीटें दे सकती है। सूत्रों के अनुसार, श्रीनगर में राहुल गांधी और अखिलेश यादव के बीच सीटों को लेकर बातचीत में कांग्रेस को दो सीट गाजियाबाद और खैर देने की सहमति बनी है।

इधर, गुरुवार को सपा ने पश्चिमी उप्र. की मीरापुर सीट पर सुम्बुल राणा को अपना उम्मीदवार बना दिया है। ऐसे में अब तक कुल सात सीट के लिए अखिलेश यादव ने उम्मीदवार मैदान में उतार दिए हैं। सपा ने गाजियाबाद और खैर विधानसभा सीट पर अभी प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। इन्हीं दोनों सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवार गठबंधन के तहत उतरेंगे। हालांकि, इसकी औपचारिक घोषणा नहीं की गई है।

## भाजपा-रालोद की मांग, 13 की जगह 20 नवंबर को कराएं मतदान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उपचुनाव की तिथि बदलने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी के नाम मांगपत्र सौंपा
- कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व के चलते मतदान प्रतिशत प्रभावित होने की जताई आशंका

**अमृत विचार :** कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व के चलते मतदान प्रतिशत प्रभावित होने की आशंका जताते हुए भाजपा और रालोद नेताओं ने गुरुवार को उप चुनाव के मतदान की तिथि 13 की जगह 20 नवंबर करने की मांग उठाई।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, संजय राय, रामप्रताप सिंह चौहान समेत चुनाव आयोग सम्पर्क विभाग के प्रदेश संयोजक अखिलेश कुमार अवस्थी ने गुरुवार को कार्तिक पूर्णिमा पर्व के दृष्टिगत मतदान तिथि में परिवर्तन के लिए अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मिलकर मांगपत्र सौंपा। मांग की गई कि प्रदेश में उप चुनाव की तिथि 13 नवंबर घोषित की गई है जबकि 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा का स्नान पर्व है। विधानसभा क्षेत्र कुंदरकी, मीरापुर, गाजियाबाद व प्रयागराज में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होने वाले मेले में लोग तीन-चार दिन पूर्व ही पहुंच जाते है। ऐसे में मतदान की तिथि न बदली गई तो बहुसंख्यक मतदाता मतदान से वंचित रह सकते हैं। भाजपा के प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि चुनाव आयोग शत् प्रतिशत मतदान के लिए संकल्पित है। भाजपा और रालोद को अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आश्वस्त किया है कि चुनाव आयोग नई दिल्ली से यथोचित पत्र व्यवहार किया जाएगा।

## बिहार: जहरीली शराब पीने से 25 लोगों की मौत, 12 लोग गिरफ्तार

पटना, एजेंसी

बिहार के सिवान और सारण जिलों में नकली शराब पीने से गुरुवार को 25 लोगों की मौत हो गई। इस मामले में 12 लोग गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस महानिदेशक आलोक राज ने बताया कि नकली शराब से सिवान में 20 और सारण में पांच लोगों की मौत हुई है।

राज ने बताया कि घटना के बाद दो विशेष जांच दल गठित हुई हैं। स्थानीय स्तर पर गठित दल नवीनतम प्रकरण में आपराधिक बिंदुओं की जांच करेगा। वहीं पटना में मद्य निषेध विभाग द्वारा एक और एसआईटी गठित हुई है, जो हाल के दिनों में हुई ऐसी घटनाओं का अध्ययन करेगी, जिसके आधार पर कार्रवाई हो। एक शराब माफिया का नाम सामने आया है। वह फिलहाल जमानत पर बाहर है। हम मामले की सभी संभावित पहलुओं से जांच कर रहे हैं।

### मौकापरस्त डबल सरकार सैकड़ों जान लेने की जिम्मेदार



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जहरीली शराब से हुई मौत पर गुरुवार को दुख जताया और आरोप लगाया कि प्रदेश की मौकापरस्त डबल सरकार सैकड़ों लोगों की जान लेने के लिए जिम्मेदार है। खरगे ने कहा कि सीवान और सारण में जहरीली शराब से अब तक 36 की मौत हो चुकी है ।

### धड़ल्ले से बिक रही शराब : प्रियंका



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने जहरीली शराब से कई लोगों की मौत पर आरोप लगाया कि प्रदेश में शराबबंदी के बावजूद जहरीली शराब धड़ल्ले से बिक रही है। राज्य सरकार को इस पर लगाम लगानी चाहिए।

# दुनिया को युद्ध में नहीं, बुद्ध में मिलेगा समाधान : मोदी

## अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस और पाली को शास्त्रीय भाषा की मान्यता देने के समारोह को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी



अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस के दौरान बौद्ध भिक्षुओं से मुलाकात करते प्रधानमंत्री मोदी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि पूरे विश्व को महात्मा बुद्ध की शिक्षाएं ग्रहण कर शांति की राह पर चलना चाहिए, क्योंकि दुनिया को युद्ध में नहीं, बल्कि बुद्ध में समाधान मिल सकता है। मोदी ने दिल्ली के विज्ञान भवन में अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस और पाली को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता देने के लिए आयोजित समारोह को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया अस्थिरता से ग्रस्त है, बुद्ध न केवल प्रासंगिक हैं, बल्कि एक जरूरत भी हैं। उन्होंने कहा कि मैं आज अभिधम्म पर्व पर पूरे विश्व का आवाहन करता हूं- बुद्ध से सीखिए... युद्ध को दूर करिए...शांति का पथ प्रशस्त करिए...क्योंकि, बुद्ध कहते हैं- नत्थि-संति-परम-सुखं अर्थात् शांति से बड़ा कोई सुख नहीं है। नही वेरेन वैरानि सम्मन्तीध कुदाचनम्, अवेरेन च सम्मन्ति एस धम्मो सनन्ततो अर्थात वैर से वैर, दुश्मनी से दुश्मनी शांत नहीं होती। वैर अवैर से, मानवीय उदारता से खत्म होता है। बुद्ध कहते हैं- भवतु-सब्ब-मंगलम् ।। यानी, सबका मंगल हो, सबका कल्याण हो- यही बुद्ध का संदेश है, यही मानवता का पथ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर देश अपनी विरासत को अपनी पहचान से जोड़ता है, लेकिन भारत इस मामले में बहुत पीछे रह गया है।

### अभिधम्म दिवस याद दिलाता है करुणा और सद्भावना

अभिधम्म दिवस हमें याद दिलाता है कि करुणा और सद्भावना से ही हम दुनिया को और बेहतर बना सकते हैं। इससे पहले 2021 में कुशीनगर में ऐसा ही आयोजन हुआ था। वहां उस आयोजन में भी मुझे शामिल होने का सौभाग्य मिला था और ये मेरा सौभाग्य है कि बुद्ध के साथ जुड़ाव की जो यात्रा मेरे जन्म के साथ ही शुरू हुई है, वो अनवरत जारी है। मेरा जन्म गुजरात के उस वडनगर में हुआ, जो एक समय बौद्ध धर्म का महान केंद्र हुआ करता था।

## आज का मौसम

धूप खिलेगी और आसमान साफ रहेगा

32.0° अधिकतम तापमान | 20.0° न्यूनतम तापमान

## शहर में आज

- रोटरी क्लब बरेली साउथ के 38 वें विराट दशहरा मेले का दूसरे दिन का उद्घाटन बरेली क्लब में शाम 7 बजे ।
- महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव मेला समिति की ओर से वाल्मीकि सद्भावना मेला का उद्घाटन और स्टार नाइट शाम 7 बजे
- बरेली-नैनीताल रोड स्थित जीआरएम स्कूल में दो दिवसीय अंतर विद्यालयीय शतरंज चैलेंज प्रतियोगिता का समापन दोपहर 1 बजे से
- राजकीय इंटर कॉलेज में 68 वीं बालक वर्ग की प्रदेशीय विद्यालय वालीबॉल प्रतियोगिता सुबह 10 बजे
- आईएमए हाल में ब्रह्माकुमारी की ओर से मेडिटेशन कार्यक्रम शाम 9 बजे
- मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में कार्यक्रम सुबह 9 बजे

### अंदर के पन्नों पर...

- बरेली क्लब ग्राउंड पर रोटरी दशहरा मेले की रंगारंग शुरुआत... पेज- 5

# बरेली-बदायूं फोरलेन के लिए 1527 करोड़ का बजट मंजूर

## सड़क परिवहन मंत्री की स्वीकृति से और चमकी बदायूं रोड की किस्मत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली से मथुरा तक फोरलेन सड़क बनाने की योजना का हिस्सा होगा ये प्रोजेक्ट
- चौथे चरण में शुरू होगा निर्माण, बदायूं रोड से जुड़े इलाकों की बदलेगी तस्वीर

**अमृत विचार :** बरेली-बदायूं रोड की किस्मत लगातार और चमकती जा रही है। पहले गंगा एक्सप्रेस वे से जुड़ने की वजह से इस रोड का महत्व बढ़ा और अब मथुरा की कनेक्टिविटी बढ़ाने के प्रोजेक्ट के तहत केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने बरेली से बदायूं तक फोरलेन सड़क बनाने के लिए 1527 करोड़ का बजट मंजूर कर दिया है।

मथुरा से बरेली तक करीब 216 किमी लंबे हाईवे को चार चरण में फोरलेन किया जाना है। पहले चरण में मथुरा से हाथरस, दूसरे चरण में हाथरस से कासगंज बाईपास, तीसरे चरण में कासगंज बाईपास से बदायूं बाईपास और चौथे चरण में बदायूं बाईपास से बरेली तक सड़क का चौड़ीकरण होना है। पहले और दूसरे चरण का काम जारी है। तीसरे चरण का काम शुरू कराने के लिए केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री बीएल वर्मा पिछले दिनों दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिले थे। चौथे चरण में बदायूं बाईपास से बरेली में प्रस्तावित रिंग रोड तक 38.5 किमी हाईवे को फोरलेन बनाने के लिए बजट मंजूर होने का इंतजार किया जा रहा था। बृहस्पतिवार को इसे भी मंजूरी दे दी गई। करीब 1527 करोड़ का बजट मंजूर होने के बाद माना जा रहा है कि एनएचएआई की ओर से जल्द ही फोरलेन बनाने के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। फोरलेन बनने से बरेली और बदायूं के बीच न सिर्फ सफर आसान हो जाएगा बल्कि समय की भी बचत होगी। मथुरा और बरेली के फोरलेन से जुड़ने पर दोनों जिलों की कनेक्टिविटी भी बढ़ेगी।

### सभी प्रोजेक्ट पूरे होंगे तो बदल जाएगी तस्वीर

माना जा रहा है कि बरेली से बदायूं तक सड़क फोरलेन होने के बाद उससे जुड़े इलाकों का नक्शा काफी बदल जाएगा। यह फोरलेन रोड बदायूं जिले की सीमा में बिनावर से होते हुए गुजर रहे गंगा एक्सप्रेस से जुड़ेगा तो बरेली की कनेक्टिवटी तमाम शहरों से काफी बेहतर हो जाएगी। बीडीए को भी इससे काफी फायदा होने की उम्मीद है क्योंकि वह बदायूं रोड पर ही अपनी नाथ धाम आवासीय योजना और नाथ धाम एमएसएमई टाउनशिप जैसी महत्वाकांक्षी परियोजनाओं की शुरुआत कर चुका है। बरेली रिंगरोड, गंगा एक्सप्रेस वे के साथ बरेली-बदायूं फोरलेन प्रोजेक्ट जब पूरे होंगे तो इस इलाके की तस्वीर ही कुछ और होगी।

उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग-530B (पैकेज-4) के बरेली-बदायूं खंड के फोरलेन निर्माण के लिए 1527 करोड़ रुपये की लागत के साथ स्वीकृति दी गई है। यह बरेली और बदायूं के बीच यात्रियों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाएगी और दोनों शहरों के बीच यात्रा का समय कम करेगी। इसके साथ यह परियोजना बरेली और पवित्र धाम मथुरा के बीच भी कनेक्टिविटी बढ़ाएगी। पूरे क्षेत्र की आर्थिक वृद्धि और शाश्वत विकास को बढ़ावा देगी।

\- केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का ट्वीट

जल्द ही भूमि अधिग्रहण शुरू हो जाएगा। बदायूं से बरेली के बीच 90 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण होना है। दो साल में यह प्रोजेक्ट पूरा करने का लक्ष्य है।

\- उत्कर्ष शुक्ला, पीडी एनएचएआई बदायूं



खिलाड़ियों को दी न भूल पाने वाली विदाई

राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर तीन दिन से चल रही 68 वीं बालिका प्रदेशीय विद्यालयी वालीबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह को साहू गोपीनाथ इंटर कॉलेज की छात्राओं ने एक के बाद एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर खिलाड़ियों के लिए यादगार बना दिया। ● खबर पेज- 7 पर

# अतिक्रमण हटाने पहुंचे बुलडोजर के सामने खड़ी हुई महिलाएं

- आईजीआरएस पर शिकायत के बाद चाहबाई में नाले पर किया अतिक्रमण हटाने पहुंची थी नगर निगम की टीम

**बरेली, अमृत विचार:** जनसुनवाई और आईजीआरएस पर शिकायत के बाद चाहबाई में नाले पर किए गए अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर निगम की टीम को महिलाओं ने घेर लिया और बुलडोजर के सामने खड़ी हो गईं। काफी देर नोकझोंक के बाद टीम ने जैसे-तैसे महिलाओं को हटाया और नाले पर किया गया निर्माण तोड़ दिया।

चाहबाई में एक होटल, कुछ दुकानों और मकानों के आसपास नाले पर अतिक्रमण कर लिया गया था। नगर निगम में मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान एक व्यक्ति ने इसकी शिकायत की थी। इस पर बाद बृहस्पतिवार दोपहर नगर निगम की टीम बुलडोजर लेकर अतिक्रमण हटाने पहुंची थीं लेकिन यहां कुछ महिलाओं के साथ तमाम लोग विरोध करते हुए बुलडोजर के सामने खड़े हो गए। टीम से काफी देर नोकझोंक हुई। प्रवर्तन दल ने बाद में विरोध कर रहे लोगों को खदेड़ दिया। इसके बाद नाले पर डाले गए स्लैब को बुलडोजर चलाकर तोड़ दिया गया।



अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम से हुई महिलाओं की नोकझोंक।




# महानगर सबस्टेशन से पांच घंटे बंद रही आपूर्ति

- आज डेलापीर और शाहदाना सब स्टेशन पर पांच घंटे का शटडाउन

**बरेली, अमृत विचार :** बिजली विभाग की ओर से मरम्मत कार्य किए जाने की वजह से महानगर सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में बृहस्पतिवार को पांच घंटे आपूर्ति बंद रही। शुक्रवार को डेलापीर और शाहददाना सबस्टेशन पर पांच घंटे का शटडाउन लेने का एलान किया गया है।

महानगर सब स्टेशन के फीडर परवाना नगर की सरदार जी कॉलोनी, महानगर पार्ट वन, महानगर कॉलोनी में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक सप्लाई बाधित रही। सुभाषनगर और किला सब स्टेशन से जुड़े इलाकों में काम कराने और लोकल फाल्ट के चलते आपूर्ति प्रभावित हुई। मरम्मत कार्य के चलते शुक्रवार को डेलापीर और शाहदाना सब स्टेशन से जुड़े इलाकों में पांच घंटे आपूर्ति बाधित रहेगी। लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। एक्सईएन सुरेन्द्र गौतम ने बताया कि मरम्मत कार्य के कारण शाहदाना सब स्टेशन के सभी फीडर की आपूर्ति सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बंद रहेगी। गंगापुर, सिकलापुर, माधोबाड़ी, हाजियापुर, कांकरटोला, बजरिया, आजाद, सैलानी, शास्त्री मार्केट, मठकी चौकी आदि क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

इसके अलावा डेलापीर सब स्टेशन के आईवीआरआई फीडर का एचटी लाइन का शटडाउन रहेगा, जिससे दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक आईवीआरआई, मंडल विहार आदि इलाकों में बिजली बंद रहेगी।

# त्योहारों के बीच शुरू हुई जहरखुरानी

बरेली, अमृत विचार : त्योहारों के बीच जहरखुरान सक्रिय हो गए हैं। गुरुवार को रोडवेज की बस में बेहोश मिले युवक को चालक ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। होश न आने से उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी।

दिल्ली से बरेली आई बस में युवक जहरखुरान का शिकार हो गया। नशा देकर बेहोश करने के बाद उसे लूट लिया गया। पुराना अड्डे पर बस पहुंचने पर चालक-परिचालक ने जब युवक को बेहोश देखा तो जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस उसके होश में आने का इंतजार कर रही है ताकि उसके परिवार को सूचना दी जा सके।

# पूरी हुई टेंडर प्रक्रिया, जिला अस्पताल में अब होंगे मोतियाबिंद के ऑपरेशन

**बरेली, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में बृहस्पतिवार को आंखों के लेंस और दवाओं की खरीद के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर लिए जाने के बाद मोतियाबिंद के मरीजों के ऑपरेशन का रास्ता साफ हो गया है। उम्मीद जताई जा रही है कि शुक्रवार को लेंस और दवाएं उपलब्ध होने के बाद ऑपरेशन शुरू हो जाएंगे।

जिला अस्पताल में लेंस और दवाएं न होने से छह महीने से मोतियाबिंद के ऑपरेशन नहीं हो पा रहे थे। दो दिन पहले अमृत विचार में खबर प्रकाशित होने के बाद अफसरों की नींद टूटी। आननफानन टेंडर प्रक्रिया पूरी की गई। नेत्र रोग विभाग के सर्जन डॉ. डीएन सिंह ने बताया कि लेंस और दवाएं न होने से काफी समय से ऑपरेशन नहीं हो पा रहे थे। अब सर्दी शुरू होने के साथ ऑपरेशन के लिए आने वाले मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी थी। अब लेंस और दवाएं मिलने से मरीजों के ऑपरेशन हो सकेंगे।



लेंस न होने से जिला अस्पताल में छह महीने से ऑपरेशन बंद

कई पत्र लिखे, फिर भी टेंडर नहीं



## एक नजर

### अनुशासनहीनता पर बीएसए ने शिक्षक को निलंबित किया

बरेली, अमृत विचार : समय पर विभागीय सूचनाएं न देने के लिए लैपटॉप खराब होने का बहाना मझगवां ब्लॉक के बिशारतगंज प्राइमरी स्कूल के सहायक अध्यापक अखिलेश गुप्ता को भारी पड़ गया। बीएसए ने उन्हें अनुशासनहीनता और लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक बीआरसी पर नवीन आधार कार्ड अपडेशन की सूचना देने के लिए अखिलेश को 3 अक्टूबर तक का समय दिया गया था। उन्होंने दो दिन तक कोई सूचना नहीं दी। बीईओ ने 5 अक्टूबर को पूछताछ की तो बताया कि लैपटॉप खराब था जिसे उन्होंने रिपेयरिंग के लिए बिशारतगंज की एक दुकान दे दिया है। अधिकारियों की शिकायत पर पुलिस ने दुकान से लैपटॉप बरामद कर लिया। बीएसए ने बताया कि शिक्षक ने कोई सूचना दिए बिना मनमानी की है। इसके साथ बीईओ के निर्देश के बाद भी समय पर जरूरी सूचनाएं मुहैया नहीं कराईं। इससे शासकीय कार्य प्रभावित हुआ है।

### कोर्ट के आदेश पर सात माह बाद लिखी हत्या की रिपोर्ट

नवाबगंज, अमृत विचार : न्यायालय के आदेश पर नवाबगंज पुलिस ने सात माह बाद युवक की हत्या की रिपोर्ट दर्ज की। नवाबगंज के गांव शाहपुरजी सुखराय निवासी अमर सिंह ने बताया कि 5 मार्च की गांव में ही एक दावत में गए उसके बेटे अजय को कुछ लोगों ने शराब में जहरीला पदार्थ देकर हत्या कर दी थी। आरोप है कि उसका शव उसके ही पशुशाला में डाल गए थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम तो कराया, लेकिन कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसके बाद उसने एसएसपी से शिकायत की, इसके बाद भी कार्रवाई नहीं हुई तो उसने कोर्ट की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने गुरुवार को ग्राम के ही सोहन लाल, प्रमोद कुमार, शिवम और अंकित, प्रशान्त और रोहित के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की।

### बिल कम कराने के नाम पर 18 हजार रुपये ठगे

नवाबगंज, अमृत विचार : ठग ने बिजली का बिल कम कराने के नाम पर एक युवक से 18 हजार रुपये ले लिए। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव सैदपुर निवासी रमेश चंद्र का आरोप है कि ग्राम खामपुर निवासी एक युवक ने बिजली का बिल कम कराने के नाम पर 18 हजार रुपये ले लिए, लेकिन आज तक न तो बिल कम कराया और न ही पैसे वापस किए। जब भी रुपये वापस मांगों को वह टालमटोल करता है।

### किशोरी को दूसरे समुदाय का युवक ले गया

नवाबगंज, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को दूसरे समुदाय का युवक बहलाकर अपने साथ भगा ले गया। किशोरी के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पीड़ित पिता ने बताया कि उसकी 15 वर्षीय बेटी को बुधवार शाम को कही चली गई, देर रात तक उसकी तलाश की गई, लेकिन उसका पता नहीं चला। इस बीच उसे जानकारी मिली कि थाना क्षेत्र के गांव नवादा इकरामुल्ला निवासी अजय कुमार उसकी बेटी को भगा ले गया।

# फतेहगंज पश्चिमी में मिला 108 क्विंटल पटाखों का जखीरा

## दिवाली की तैयारी पर पानी फिरा, छह क्विंटल के लाइसेंस पर बड़े बर्तन व्यापारी ने गोदामों में इकट्ठे कर रखे थे 90 क्विंटल पटाखे

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

- बुधवार को मारे गए थे छापे, बृहस्पतिवार तक चलती रही पटाखों की बरामदगी
- कस्बे के दो व्यापारियों के खिलाफ थाना प्रभारी ने लिखाई रिपोर्ट पर गिरफ्तारी नहीं

अमृत विचार : कस्बे और पड़ोस के गांव में बुधवार को मारे गए छापों में अवैध पटाखों की बरामदगी बृहस्पतिवार तक चलती रही। पुलिस और राजस्व विभाग की टीम के शाम को कार्रवाई पूरी करने तक 108 क्विंटल पटाखों का जखीरा बरामद हो चुका था। थाना प्रभारी की ओर से दोनों लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

एसडीएम तृप्ति गुप्ता की अगुवाई में बुधवार को पहले मोहल्ला ठाकुरद्वारा में ओमप्रकाश गुप्ता के घर पर छापा मारा गया जहां 32 पेटी करीब 8.80 क्विंटल पटाखे और बारूद बरामद हुआ। इसके बाद एक और सूचना पर बुधवार देर रात व्यवसायी प्रवीन अग्रवाल की फर्म राधे फायर वर्क्स के कस्बे और गांव कुरतरा में स्थित दो गोदामों पर छापा मारा गया तो पटाखों का अकूत भंडार देखकर पुलिस की आंखें फटी रह गई। दोनों गोदामों से बृहस्पतिवार शाम तक पटाखों की पेटियों की गिनती और बरामदगी चलती रही। कार्रवाई खत्म होने के बाद इन गोदामों से करीब सौ क्विंटल पटाखे बरामद होना दिखाया गया है। प्रवीन अग्रवाल के मुताबिक उनके गोदामों में कई व्यापारियों के पटाखे रखे हुए थे।

उनके पास छह क्विंटल का लाइसेंस है। एसडीएम ने बताया कि तय क्षमता से ज्यादा पटाखे होने के कारण कार्रवाई की जा रही है। ओमप्रकाश गुप्ता और प्रवीन अग्रवाल दोनों के खिलाफ थाना प्रभारी राजेश बाबू मिश्रा की ओर से एफआईआर दर्ज करा दी गई है।



छापे की कार्रवाई के बाद फतेहगंज पश्चिमी थाना परिसर में रखा जब्त किए गए पटाखों की जखीरा। ● अमृत विचार

### प्रवीन को बचाने पहुंचे भाजपा के कई नेता

बरेली, अमृत विचार : फतेहगंज पश्चिमी के मोहल्ला साहूकारा में रहने वाले प्रवीन अग्रवाल बर्तनों के बड़े व्यापारी हैं। उन्होंने 2020 में पत्नी सारिका के नाम से पटाखों का लाइसेंस बनवाया था जिसकी वैधता 30 मार्च 2025 तक है। पुलिस-प्रशासन की टीम ने प्रवीन के गोदाम से जब अवैध पटाखों की 373 पेटियां यानी करीब 90 क्विंटल माल पकड़ा तो भाजपा के कई नेताओं का मौके पर जमावड़ा लग गया। भाजपा के एक बड़े नेता भी पहुंच गए। उन्होंने पुलिस और प्रशासन के अफसरों से प्रवीन के खिलाफ कार्रवाई न करने के लिए कहा लेकिन अफसरों ने टालमटोल कर दी। हालांकि इतना जरूर किया कि एफआईआर में उनकी पत्नी का नाम शामिल नहीं किया, बावजूद इसके कि पटाखों का लाइसेंस उनकी पत्नी के ही नाम पर है। पुलिस ने अवैध विस्फोटक पदार्थ यानी पटाखे बरामद होने के मामले में प्रवीन अग्रवाल के विरुद्ध ही रिपोर्ट दर्ज की। उन पर 5/9ख विस्फोटक अधिनियम के तहत विस्फोटक पदार्थ रखने में लापरवाही के आरोप में एफआईआर दर्ज की है।

### क्योलड़िया में पांच घरों से 15 लाख के पटाखे बरामद

क्योलड़िया, अमृत विचार : एसडीएम अजय उपाध्याय, सीओ हर्ष मोदी, इंस्पेक्टर परमेश्वरी और कस्बा इंचार्ज अर्जित कुमार ने फायर ब्रिगेड की टीम बृहस्पतिवार देर रात को कस्बे के साथ कई गांवों में छापे मारे। क्योलड़िया के राम अवतार, मोहम्मद सैफ, लोकेश कुमार, सोनू, गंगा दीप समेत कई दुकानदारों के घरों से करीब 15 लाख कीमत के पटाखों का जखीरा बरामद हुआ। किसी भी दुकानदार के पास पटाखों के भंडारण का लाइसेंस नहीं निकला। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।

### नवाबगंज में भी घर से मिला पटाखों का जखीरा

नवाबगंज : सूचना पर तहसीलदार दुष्यंत प्रताप सिंह और फायर अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह के साथ पुलिस ने बड़ागांव में छविराम के यहां छापा मारकर 8 गत्तों और 2 कट्टों में भरे पटाखे बरामद किए। उपनिरीक्षक नफीस अहमद ने छविराम को हिरासत में लेने के साथ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि पटाखों का भंडारण बगैर लाइसेंस के किया गया था।

### जेल भेजा गया रिश्वतखोर जेई, विभाग ने किया निलंबित

बरेली, अमृत विचार : निजी ट्यूबवेल के कनेक्शन के लिए किसान से 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किए गए पावर कॉरपोरेशन के जेई को पुलिस ने जेल भेज दिया है। बृहस्पतिवार को विभागीय अधिकारियों ने उसे निलंबित भी कर दिया।

नदौसी उपकेंद्र पर तैनात जेई आबिद हुसैन को बुधवार दोपहर एंटी करप्शन की टीम ने एक किसान से 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार करने के बाद थाना फतेहगंज पश्चिमी में उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बृहस्पतिवार को आबिद हुसैन को जेल भेजने के साथ एंटी करप्शन टीम ने अपनी रिपोर्ट बिजली विभाग को भेज दी। इसके बाद अधीक्षण अभियंता ग्रामीण ज्ञानेंद्र सिंह ने जेई आबिद हुसैन को निलंबित कर दिया। जेई की गिरफ्तारी के बाद बृहस्पतिवार को नदौसी उपकेंद्र पर पूरे दिन सन्नाटा पसरा रहा।

# बहेड़ी में मेडिकल स्टोरों पर छापे, नशे की दवाएं और इंजेक्शन जब्त


बहेड़ी के सहर मेडिकल स्टोर पर जांच करती ड्रग इंस्पेक्टरों की टीम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : ड्रग इंस्पेक्टरों की टीम ने बहेड़ी के तीन मेडिकल स्टोरों पर छापा मारा। एक मेडिकल स्टोर पर कई दवाओं के बिल नहीं मिले तो उन्हें बेचने पर रोक लगा दी गई। दूसरे मेडिकल स्टोर पर प्रतिबंधित नशीली दवाएं बरामद हुईं जिन्हें जब्त कर वहां दवाओं को खरीदने-बेचने पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है।

औषधि प्रशासन विभाग के मंडल कार्यालय पर बहेड़ी में दवाओं के अवैध कारोबार की शिकायत की गई थी। सहायक आयुक्त औषधि संदीप चौधरी के निर्देश पर बृहस्पतिवार को ड्रग इंस्पेक्टर राजेश कुमार, अनामिका, अंकुर जैन ने बहेड़ी के शोभित मेडिकल स्टोर और सहर मेडिकल स्टोर समेत तीन मेडिकल स्टोरों पर छापा मारकर जांच की। शोभित मेडिकल स्टोर से सात संदिग्ध दवाओं के नमूने लेकर जांच के लिए लखनऊ प्रयोगशाला भेजा गया है। सहर मेडिकल स्टोर पर औषधि व प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 के तहत सभी दवाओं को बेचने पर रोक लगाकर अनियमितताओं की रिपोर्ट तैयार की गई है।

औषधि निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि सहर मेडिकल स्टोर से साल्ट ट्रामाडोल, क्लोनाजापम, फ्लोक्सिन नौ तरह की नशीली दवाएं मिली हैं। इसके अलावा एविल के इंजेक्शन भी जब्त किए गए हैं। एविल आमतौर पर एलर्जी के लिए इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन दूसरी दवा के साथ नशे का भी काम करता है। इन दवाओं के क्रय-विक्रय के मेडिकल स्टोर पर कोई बिल नहीं मिले। छापे के दौरान कई मेडिकल स्टोर बंद कर उनके मालिक भाग निकले। उन पर भी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

### बिजली बकायादारों को भी मिलेगा नया कनेक्शन

बरेली, अमृत विचार : पावर कॉरपोरेशन अब ऐसे लोगों को भी नया बिजली कनेक्शन देगा जिन पर बिजली चोरों का केस चल रहा हो या उनका पुराना कनेक्शन बकाया न अदा करने पर काटा गया हो। इस संबंध में मुख्यालय से आदेश जारी किया गया है। अब तक बकाया होने और बिजली चोरी के मामले में उपभोक्ता को नया बिजली कनेक्शन जारी नहीं किया जाता था लेकिन अब पावर कॉरपोरेशन ने नियम बदल दिया है। पावर कॉरपोरेशन की निदेशक वाणिज्य निधि कुमार नारंग ने सभी मुख्य अभियंताओं को भेजे आदेश में कहा है कि नया कनेक्शन लेते समय उपभोक्ता को एक्सईएनके नाम शपथ पत्र देना होगा कि उसके ऊपर बिजली चोरी पर कितना जुर्माना निर्धारित किया गया है और उसे वह कब तक जमा कर देगा।


### जाम लगने से नहीं रोक पाई पुलिस

महर्षि वाल्मीकि के प्रकटोत्सव पर शहर में कई शोभायात्राएं निकाली गईं, इनमें पुलिस सुरक्षा का भारी इंतजाम किया गया था लेकिन इसके बावजूद शहर की कई सड़कों पर जाम लगा। ईंट पजाया चौराहे पर सबसे भीषण जाम लगा जहां शोभायात्रा निकलने के बाद भी काफी देर तक सैकड़ों वाहन सड़क पर फंसे रहे। शोभायात्रा निकलने के बाद पुलिस ने भी जाम खुलवाने की सुध नहीं ली। ● अमृत विचार

# पूर्व प्राचार्य समेत तीन और आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, सीबीगंज

- खुसरो कॉलेज में डी फार्मा के छात्रों को फर्जी डिग्री देने का मामला

अमृत विचार : डी फार्मा के करीब चार सौ विद्यार्थियों को फर्जी डिग्री देकर 3.69 करोड़ की ठगी करने के मामले में पुलिस ने बृहस्पतिवार को खुसरो कॉलेज के पूर्व प्राचार्य समेत तीन और लोगों को गिरफ्तार किया है। कॉलेज का चेयरमैन शेर अली जाफरी, उसका बेटा फिरोज और फर्जीवाड़े में उसका प्रमुख मददगार विजय शर्मा पहले से जेल में है।

बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किए गए लोगों में सीबीगंज के स्लीपर रोड निवासी खुसरो कॉलेज के पूर्व प्राचार्य विश्वनाथ शर्मा के अलावा दो कर्मचारी अभयपुर निवासी जाकिर अली और मोहल्ला मीर खां बाबरनगर निवासी तारिक अल्वी शामिल हैं। खुसरो कॉलेज में मान्यता न होने के बावजूद डी फार्मा के कोर्स के लिए चार सौ विद्यार्थियों के दाखिले किए गए थे और उनसे करीब 3.69 करोड़ की फीस वसूलने के बाद उन्हें उड़ीसा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और यूपी के कुछ विश्वविद्यालयों की फर्जी डिग्री बनाकर दी गई थी। विद्यार्थियों ने इस धोखाधड़ी का पता लगने के बाद कॉलेज से लेकर उच्चाधिकारियों के कार्यालयों तक जमकर हंगामा किया था। कई दिन जांच करने के बाद पुलिस ने कॉलेज के चेयरमैन शेर अली जाफरी, उसके बेटे फिरोज और विजय शर्मा को गिरफ्तार किया था। विश्वनाथ, जाकिर और तारिक फरार हो गए थे जिन्हें बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि तीनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# ब्लॉक की वजह से निरस्त ट्रेनों ने त्योहारी सीजन में बढ़ाई यात्रियों की दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ट्रेनों में बेतहाशा भीड़, ऊपर से आ रही हैं घंटों देरी से

अमृत विचार: त्योहारी सीजन के बीच रेलवे के ब्लॉक ने रेल यात्रियों की परेशानी बढ़ा दी है। एक तो ट्रेनों में बेतहाशा भीड़ बढ़ गई है, ऊपर से ट्रेनें घंटों देरी से जंक्शन पहुंच रही हैं। इससे यात्रियों को लंबे इंतजार से थकने के बाद ट्रेनों में सवार होने के लिए भी मारामारी करनी पड़ रही है।

पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के गोरखपुर-गोंडा रेल खंड पर डोमिनगढ़-जगतबेला के बीच ऑटोमेटिक सिग्नल और कुसम्ही-गोरखपुर कैंट-गोरखपुर तीसरी लाइन के लिए डोमिनगढ़ स्टेशन पर 25 अक्टूबर तक प्री-नान इंटरलॉकिंग काम और 26 और 27 अक्टूबर को नॉन इंटरलॉकिंग का काम कराए जाएंगे। इसकी वजह से 04032 आनंद विहार टर्मिनस-सहरसा स्पेशल ट्रेन 27 अक्टूबर तक निरस्त रहेगी। वहीं, 04031 सहरसा-आनन्द विहार टर्मिनस स्पेशल ट्रेन 15 से 28 अक्टूबर तक निरस्त चल रही है।

गुरुवार को 04493 गोरखपुर-दिल्ली स्पेशल ट्रेन भी निरस्त रही।




शुक्रवार को 04314 हरिद्वार-मुजफ्फरपुर स्पेशल ट्रेन निरस्त रहेगी। इसके अलावा लालकुआं-वाराणसी सिटी स्पेशल ट्रेन 21 और वाराणसी सिटी-लालकुंआ स्पेशल ट्रेन 22 अक्टूबर को निरस्त रहेगी। ब्लॉक के चलते रेलवे की तरफ से कई ट्रेनों के मार्ग भी बदल दिए गए हैं।

इस वजह से जंक्शन पर यात्रियों को दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है। बता दें कि रेल प्रशासन की ओर से एक के बाद एक कई ब्लॉकों की घोषणा की गई है। चूंकि त्योहारों की वजह से ट्रेनों में पहले से ही भीड़ बढ़ी हुई है, इसलिए ट्रेनों का निरस्त होना और डायवर्ट होना यात्रियों के लिए बड़ा संकट साबित हो रहा है।

# नए नियम से साढ़े पांच हजार दिव्यांगों की पेंशन अटकी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एनपीसीआई पोर्टल पर करानी है पेंशन खातों की मैपिंग
- 23 हजार में से 18 हजार दिव्यांगों को इस बार मिल पाई पेंशन

अमृत विचार : विधवा और वृद्धावस्था पेंशन के साथ दिव्यांग पेंशन के लिए भी खातों की एनपीसीआई पोर्टल पर मैपिंग कराना अनिवार्य कर दिया गया है। इस नई व्यवस्था के लागू होने से पांच हजार से ज्यादा दिव्यांगों की पेंशन अटक गई है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग ने पेंशनधारकों से जल्द अपने खातों की एनपीसीआई मैपिंग कराने को कहा है।

जिले में करीब 23 हजार दिव्यांगों को एक हजार रुपये की मासिक पेंशन मिल रही है। पेंशन की धनराशि हर तिमाही दी जाती है। जुलाई में सभी दिव्यांगों की पेंशन जारी हो गई थी, मगर इसके फौरन बाद नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) पोर्टल पर खाते की मैपिंग कराने की अनिवार्यता लागू कर दी गई। जिलाधिकारी की ओर से निर्देश जारी होने के बाद करीब 18 हजार दिव्यांगों ने तो मैपिंग करा ली लेकिन करीब 5400 ऐसे दिव्यांग पेंशनधारकों को एनपीसीआई पोर्टल पर मैपिंग न होने के कारण पेंशन मिलने का रास्ता साफ नहीं हो सका है।

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी चमन सिंह ने बताया कि अब एकाउंट बेस्ड पेमेंट की जगह आधार बेस्ड पेमेंट प्रणाली लागू कर दी गई है। इस वित्तीय वर्ष की दूसरी किस्त लाभार्थियों के खाते में भेजी जा चुकी है। जिन दिव्यांगों के खाते में पेंशन नहीं पहुंची हैं, उन्हें बैंकों से संपर्क कर अपने पेंशन खाते को एनपीसीआई पोर्टल पर मैपिंग (डीबीटी) कराना होगा। इसके अलावा वे अपना आधार कार्ड, बैंक पासबुक, दिव्यांग प्रमाणपत्र की फोटो प्रति भी उनके कार्यालय में जमा कर दें ताकि पेंशन पोर्टल पर उनका आधार अपडेट किया जा सके। उधर, पेंशन से वंचित दिव्यांगों का कहना है कि वे कई बार कोशिश कर चुके हैं पोर्टल पर उनके खाते की मैपिंग नहीं हो पा रही है।

# डिवाइडर से टकराई बाइक, पीछे बैठे युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बाइक चलाने वाला भी गंभीर घायल, निजी अस्पताल में भर्ती
- सराय चौकी के सामने हादसा, दोनों के नहीं लगा था हेलमेट

अमृत विचार : रामपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक सराय चौकी के सामने डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक पर पीछे बैठे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सुभाषनगर के गणेशनगर गली नंबर चार निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि उनका बेटा निहाल (18) बुधवार रात दोस्त दिनेश के साथ किला की ओर गया था। वह देर रात करीब 11 बजे वापस आ रहा था। बाइक दिनेश चला रहा था।

किला ओवरब्रिज से उतरते समय सराय चौकी के सामने बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में पीछे बैठा निहाल और दिनेश गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस दोनों को जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहां डॉक्टरों ने निहाल को मृत घोषित कर दिया। जबकि दिनेश को हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों ने दिनेश को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत गंभीर है। निहाल दो भाइयों में सबसे बड़ा था। आसपास के लोगों ने बताया कि बाइक पर सवार दोनों युवकों में से काई हेलमेट नहीं लगाए था। निहाल कपड़ों की दुकान पर नौकरी करता था।

### बिशारतगंज में पराली जलाने पर किसान पर रिपोर्ट दर्ज

बिशारतगंज, अमृत विचार : चुराह गांव निवासी किसान मुन्ने खान ने धान के खेत में बचे अवशेष (पराली) को जला दिया। मामला एसडीएम आंवला के संज्ञान में आने के बाद राजस्व विभाग की टीम को गांव भेज कर जांच कराई गई। जांच में पुष्टि होने पर राजस्व निरीक्षक प्रवेश बाबू की ओर से मुन्ने खान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। उप कृषि निदेशक अभिनंदन सिंह ने बताया की किसान पर 2500 का जुर्माना भी लगाया गया है।

# बड़े-बड़े दावे किए थे मगर जीआईएस सर्वे ने डुबो दिया

## वित्तीय वर्ष के सात महीने गुजरे, अब तक लक्ष्य का दस प्रतिशत हाउस टैक्स ही वसूल पाया नगर निगम

कार्यालय संवाददाता, बरेली




- खत्म होने का नाम नहीं ले रहीं टैक्स बिलों की गड़बड़ियां
- प्रदेश के सभी नगर निगम सबसे खराब हालत बरेली की

अमृत विचार : जिस जीआईएस सर्वे के बारे में बड़े-बड़े दावे किए गए थे, उसने नगर निगम को डुबो दिया है। हाउस टैक्स का कलेक्शन करना अफसरों के गले की ऐसी फांस बन गया है जो निकाले नहीं निकल रही है। टैक्स वसूली के लक्ष्य में अच्छी-खासी बढ़ोतरी करने के बावजूद इस बार पिछले साल की तुलना में एक तिहाई ही टैक्स वसूल हो पाया है। पिछले वित्तीय वर्ष में अक्टूबर तक 11 और पूरे साल में 59 करोड़ की वसूली की गई थी, इस बार अब तक सिर्फ 11 करोड़ वसूल हो पाए हैं।

दावा किया गया था कि जीआईएस सर्वे के बाद लागू की गई नई टैक्स प्रणाली सुविधाजनक होगी। जून तक हाउस टैक्स जमा करने पर छूट की भी घोषणा की गई थी लेकिन हालत यह है कि विभाग अब तक टैक्स बिलों की गड़बड़ियों से ही नहीं उबर पाया है। न बिलों में गड़बड़ियों की शिकायतें खत्म हो रही हैं, न ही भौतिक सत्यापन कर उन्हें दुरुस्त करने का काम। अब तक करीब आठ हजार शिकायतें आ चुकी है। जीआईएस सर्वे से नगर निगम क्षेत्र में 82897 नए भवनस्वामियों की पहचान हुई थी जिनसे 45 करोड़ का राजस्व बढ़ने का अनुमान जताया गया था, वह भी धरा रह गया है।

जीआईएस सर्वे न सिर्फ शहर के लोगों बल्कि विभाग के लिए भी ऐसी मुश्किल बन गया है जो खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। टैक्स जमा न होने से विभाग काफी नुकसान में पहुंच गया है। वित्तीय वर्ष के सात महीने गुजरने तक मुश्किल से 11 करोड़ रुपये का टैक्स जमा हो पाया है जबकि लक्ष्य 100 करोड़ रुपये का है। जीआईएस सर्वे की गड़बड़ियों की वजह से अप्रैल, मई, जून में हाउस टैक्स जमा ही नहीं हो पाया। टैक्स वसूली में काफी पिछड़ जाने के बाद अब मामला शासन तक पहुंच चुका है।

### डीएम ने सीटीओ का वेतन रोका, लखनऊ से भी मांगा गया जवाब

बरेली, अमृत विचार : हाउस टैक्स और वाटर टैक्स की कम वसूली के कारण बरेली नगर निगम बरेली उत्तर प्रदेश में ई श्रेणी में चला गया है। बृहस्पतिवार को लखनऊ में हुई समीक्षा बैठक के बाद नगर निगम के टैक्स विभाग से जवाब तलब किया गया है। इसके साथ सीएम डैश बोर्ड में नगर निगम के टैक्स विभाग के पिछड़ जाने पर जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने कार्रवाई करते हुए मुख्य कर निर्धारण अधिकारी का सितंबर का वेतन रोकने के साथ जवाब तलब किया है। इस कार्रवाई के बाद टैक्स विभाग में खलबली मची हुई है।

### आग लगने से चार बीघा धान की फसल जली

शीशगढ़, अमृत विचार : देर रात एक किसान के धान के खेत में किसी ने आग लगा दी, जिससे चार बीघा धान की फसल जलकर राख हो गई। किसान ने बताया कि ठेके पर जमीन लेकर चार बीघा धान लगाया था, फसल खेत में कटी हुई थी कि गुरुवार देर रात कटी फसल आग लगने से जलकर राख हो गईं। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है। मोहल्ला जाटवान निवासी झुंडे लाल ने बताया कि उन्होंने जमीन ठेके पर लेकर धान की फसल की थी। चार बीघा फसल कटी पड़ी थी, जिसे वह इकट्ठा करके घर पर खाना खाने के लिए गए। इसी बीच किसी ने धान की फसल में आग लाग दी।

डॉ. अमित कुमार कुशवाहा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (चेस्ट स्पेशलिस्ट)
श्वास, दमा, टी.बी, फेफड़ों के कैंसर, खर्राटों की जांच व इलाज की सुविधा एवं अन्य छाती की बीमारियों के विशेषज्ञ
जन आरोग्य क्लीनिक
बन्नू बाल नगर, पीलीभीत रोड बरेली, निकट शहीद भगत सिंह आई ऑस्पिटल
9411477351
समय : - दोपहर 1 से शाम 6 बजे तक
सोमवार, बुद्धवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार
पीलीभीत क्लीनिक
गौहनिया चौराहा, माधोटांडा रोड, पीलीभीत।
8191813757
समय : - सुबह 10 से शाम 5 बजे तक
मंगलवार, शनिवार

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
- सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
- दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
- गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
- बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157

हर दर्द का इलाज करते हैं
डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

# पीडब्ल्यूडी के मुआवजा न देने पर किसानों का हंगामा

## सड़क बनाने के लिए ली थी जमीन, किसानों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** किसान संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव शोयब इजहार खान और संगठन मंत्री डॉ. रवि नागर की अगुवाई में किसानों ने बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। पीडब्ल्यूडी पर सड़क बनाकर भूमि का मुआवजा न देने का आरोप लगाया।

किसान नेताओं ने कहा कि कार्यकर्ताओं के साथ बिलवा, मुड़िया और फतेहगंज टोल प्लाजा पर अभद्रता की जा रही है। कर्मचारी गुंडागर्दी दिखा रहे हैं। अफसरों ने पूर्व में यह कहा था कि मुंडिया टोल को हटाया जाएगा, लेकिन अभी तक नहीं हटाया गया है। बिलवा टोल से उसकी दूरी 40 किलोमीटर है। बहेड़ी, मंडलपुर आदि के लोगों को यदि किच्छा जाना होता है तो 10 किलोमीटर का टोल कटवाना पड़ता है। इस दौरान जिलाधिकारी के नाम संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट राजीव शुक्ल को सौंपा। किसानों के लिए टोल फ्री कराने की मांग भी उठाई। नगर मजिस्ट्रेट ने समस्या निस्तारण का आश्वासन दिया। इसके बाद किसान नेताओं लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता को ज्ञापन सौंपा। उन्हें बताया कि किसानों की जमीन पर लोक निर्माण विभाग ने सड़क बना दी हैं लेकिन मुआवजा नहीं दिया है। बताया कि मीरगंज के गाम हसनपुर शाही में अनाधिकृत रूप से किसानों की जमीन पर सड़क बनाई गई है। कहा कि यदि 5 नवंबर तक समस्या का समाधान नहीं किया गया तो अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। पंडित राजेश शर्मा, रहीस मियां, जय सिंह यादव, श्याम पाल सिंह, राजन, जावेद वारसी, ठाकुर अनुज सिंह, ओमकार सिंह, घनश्याम गुर्जर, पप्पू सिंह आदि मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट पर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते किसान नेता। ● अमृत विचार

# कोलकाता कांड : आईएमए सदस्यों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पश्चिम बंगाल सरकार, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री कार्यालय को ज्ञापन भेजा

**अमृत विचार :** कोलकाता में जूनियर डॉक्टर से दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में आरोपियों पर सख्त कार्रवाई न होने से डॉक्टरों में आक्रोश है। इसको लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) आंदोलनरत मेडिकल छात्रों के समर्थन में आ गया है। गुरुवार को आईएमए के डाक्टरों ने काली पट्टी बंधी फोटो और कार्रवाई को लेकर ज्ञापन पश्चिम बंगाल सरकार, प्रधानमंत्री और सीएम कार्यालय को ई-मेल के माध्यम से भेजा।

इस दौरान आईएमए के अध्यक्ष डॉ. आरके सिंह, सचिव डॉ. रतन पाल सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ. शिवम कामठान, पीआरओ डॉ. शालिनी माहेश्वरी, पूर्व अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार गोयल, डॉ.अतुल कुमार श्रीवास्तव, डॉ. डीपी गंगवार, डॉ. गौरव गर्ग, डॉ. दुष्यंत कुमार आदि मौजूद रहे।

**आईएमए ने ये रखी हैं मांगें :** आईएमए ने ज्ञापन में 10 सूत्रीय मांगें रखी हैं, जिसमें कहा है कि उचित जांच के माध्यम से कोलकाता कांड में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाए, स्वास्थ्य मंत्रालय को स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रशासनिक अक्षमता और भ्रष्टाचार की जिम्मेदारी लेनी चाहिए, स्वास्थ्य सचिव को तत्काल पद से हटाया जाना चाहिए। राज्य के सभी अस्पतालों और मेडिकल कालेजों में केंद्रीय रेफरल सिस्टम लागू किया जाए। प्रत्येक मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक डिजिटल बेड रिक्ति मानिटर स्थापित किया जाना चाहिए। जूनियर डाक्टरों के निर्वाचित प्रतिनिधित्व के साथ कॉलेज आधारित टास्क फोर्स का गठन किया जाना चाहिए, जिसमें सीसीटीवी, आन काल रूम, बाथरूम, हेल्पलाइन नंबर और आवश्यकता के अनुसार पैनिक बटन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। अस्पतालों में पुलिस सुरक्षा बढ़ाई जाए, नागरिक स्वयंसेवकों के बजाय स्थायी पुरुष और महिला पुलिस की नियुक्ति की जानी चाहिए।

# कुपोषण की चपेट में बच्चे, छह माह से एनआरसी के सभी बेड फुल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- लगातार बढ़ रही गंभीर कुपोषित बच्चों की तादाद
- निमोनिया, बुखार और डायरिया के लक्षण भी मिल रहे

**अमृत विचार :** कुपोषित बच्चों की संख्या लगातार बढ़ रही है। आंकड़े भी इसकी तस्दीक कर रहे हैं। जिला अस्पताल में पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) छह महीने से फुल चल रहा है। 10 बेड पर 11 कुपोषित बच्चे भर्ती हैं। हालांकि बच्चों की सेहत में सुधार हो रहा है, लेकिन संख्या अधिक होने के कारण एक बेड पर दो-दो बच्चों को भर्ती कर इलाज करना पड़ रहा है। कुपोषण के साथ इन बच्चों में निमोनिया, डायरिया, खांसी, जुकाम, बुखार के भी लक्षण मिल रहे हैं।

**किस माह में कितना रहा बीओआर:** केंद्र की डाइटिशियन डॉ. रोजी जैदी के मुताबिक छह महीने से लगातार टीमों की ओर से यहां कुपोषित बच्चों को भर्ती कराया जा रहा है। मई में 23 बच्चे भर्ती हुए और बेड ऑक्यूपेंसी रेट (बीओआर) 90 फीसदी रहा। जून में 22 बच्चे भर्ती हुए और बीओआर 98 फीसदी रहा। जुलाई में 24 बच्चे भर्ती हुए और बीओआर 100 फीसदी रहा। अगस्त में 26 बच्चे भर्ती हुए और बीओआर 96 फीसदी रहा। सितंबर में अवकाश अधिक होने के चलते बच्चों की संख्या 21 और बीओआर 84 फीसदी रहा है, लेकिन बेड छह माह से फुल चल रहे हैं।



जिला अस्पताल परिसर स्थित एनआरसी वार्ड में भर्ती बच्चे। ● अमृत विचार

### टीम गंभीर कुपोषित बच्चों को चिह्नित कर भर्ती करा रही

आंगनबाड़ी के अलावा स्वास्थ्य विभाग की ओर से आरबीएसके (राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम) टीम भी गठित की गई है। जो रोजाना केंद्रों पर जाकर बच्चों की जांच कर गंभीर कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराती है।

### कुपोषण के लक्षण

जन्म के समय दो किलो से कम वजन होना, बच्चे में चिड़चिड़ापन और सुस्त रहना, बार-बार बीमारियों की चपेट में आना, बच्चे में उम्र के साथ वजन न बढ़ना, कुछ भी खाने पर तुरंत उल्टी दस्त होना आदि।

# एसडीएम ने धान क्रय केंद्रों का किया निरीक्षण

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** एसडीएम सदर गोविंद मौर्य ने गुरुवार भोजीपुरा ब्लाक क्षेत्र में स्थित मझौआ गंगापुर,जल्ला लाडपुर और पचदौरा कला के यूपीएसस और पीसीयू के धान खरीद केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया सभी केंद्रों पर केंद्र प्रभारी उपस्थित मिले परंतु अभी तक किसी भी केंद्र पर धान की खरीद नहीं हो पाई है । जिसके लिए संबंधित क्रय केंद्र प्रभारियों को लक्ष्य के अनुरूप समय से धान खरीदने के लिए निर्देशित किया गया। केंद्रों पर समस्त अभिलेख चेक किए गए जिसमें साफ-सफाई , पानी की व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था,नमी मापक यंत्र तथा धान तौलने की मशीन और ई- पॉश मशीन मुख्य रूप से देखे गए । केंद्र पर धान खरीद को बढ़ावा देने के लिए प्रधान, सचिव, लेखपाल को प्रत्येक गांव में बैठक कर 10 बड़े-बड़े काश्तकारों के धान को क्रय केंद्र पर बेचने के लिए रजिस्टर में नाम अंकित करने को कहा।

# दिवाली: ज्यादा से ज्यादा बसें चलाएं, लोड फैक्टर भी बढ़ाएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आरएम ने एआरएम के साथ की बैठक, त्योहारों पर बसों के संचालन को बनाई रणनीति

**अमृत विचार :** दिवाली समेत अन्य त्योहार अब नजदीक हैं। जिसको लेकर रोडवेज बसों की आय बढ़ाने समेत बसों के संचालन कराने को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। इस संबंध में गुरुवार को बरेली रीजन के चारों एआरएम के साथ आरएम ने बैठक की। इस दौरान लोड फैक्टर बढ़ाकर दिवाली पर सभी बसों को ऑन रोड करने के निर्देश दिए।

परिवहन निगम के बरेली रीजन के आरएम दीपक चौधरी ने पुराने बस अड्डे पर आयोजित बैठक में बरेली रीजन के रुहेलखंड, बरेली, पीलीभीत और बदायूं के आरएम से कहा कि दिवाली पर सभी बसों को ऑन रोड किया जाए, जिससे बाहर से आने जाने वाले यात्रियों को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। वहीं बसों के फेरे बढ़ाने के साथ ही लोड फैक्टर बढ़ाकर आय में इजाफा किया जाए। एआरएम संजीव श्रीवास्तव, अरुण कुमार वाजपेयी आदि मौजूद रहे।



अफसरों की बैठक लेते आरएम।

# महर्षि वाल्मीकि ने ज्ञान और शिक्षा के महत्व को समझाया : शिवचरन

**बरेली, अमृत विचार :** सपा कार्यालय पर बृहस्पतिवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। जिलाध्यक्ष शिव चरन कश्यप ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने जीवन में कई चुनौतियों का सामना किया। धैर्य के साथ उन पर विजय प्राप्त की। रामायण जैसे महान ग्रंथ की रचना कर हमें ज्ञान और शिक्षा के महत्व को समझाया। महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने भी विचार रखे। जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव, डॉ. अनीस बेग, सुरेंद्र सोनकर, दीपक शर्मा, राजेश मौर्य, शेर सिंह गंगवार, असलम खान, भारती चौहान, सविता यादव, राजेश्वरी सिंह, संजीव कश्यप, विशाल कश्यप, अनुज वाल्मीकि, प्रमोद अग्रवाल, दीपक यादव, संजय वर्मा आदि मौजूद रहे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें। | आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकोमा की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

# सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना के लिए विभागों से मांगी सूचना

**बरेली, अमृत विचार :** सौर ऊर्जा नीति 2022 के तहत सरकारी और अर्द्धसरकारी भवनों पर सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना के लिए सभी विभागों के कार्यालयध्यक्षों से एक सप्ताह में सूचना मांगी गई है। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की ओर से कार्यालयध्यक्षों को परियोजना अधिकारी यूपीनेडा के ई-मेल pobare<bha>@</bha>rediffmail.com या फिर वाट्सएप नंबर 9415609034 पर सूचना भेजने के निर्देश दिए गए हैं। डीएम ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से सभी सरकारी, अर्द्धसरकारी भवनों पर सोलर रूफटॉप संयंत्र की स्थापना कैपेक्स या रेस्को मोड में कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए यूपीनेडा को नोडल एजेंसी नामित किया गया है। नोडल एजेंसी की ओर से रेस्को मोड के माध्यम से 500 मेगावाट की निविदा पूरी कर ली गई है।

# मझगवां में मलेरिया का इस बार भी भीषण प्रकोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिले में पिछले साल की तुलना में कम हुए केस, इस बार डेंगू का प्रकोप और बढ़ने की आशंका

**अमृत विचार :** जिले के मझगवां ब्लॉक में इस बार भी मलेरिया का भारी प्रकोप छाया हुआ है। हालांकि पूरे जिले में मलेरिया के केस पिछले साल की तुलना में करीब 15 फीसदी कम हुए हैं। इस बीच अब डेंगू ने दस्तक देनी शुरू कर दी है। एक सप्ताह में डेंगू के दो मरीज मिले हैं।

डेंगू और मलेरिया के मामले में वर्ष 2018 में बरेली पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर रहा था लेकिन उसके बाद से मलेरिया के केस कम हो रहे हैं। सिर्फ मझगवां ब्लॉक ऐसा है जहां मलेरिया के इस बार भी सबसे ज्यादा सात सौ से ज्यादा केस हैं। मलेरिया विभाग के अनुसार वर्ष 2023 में 15 अक्टूबर तक जिले में मलेरिया के 3409 केस थे जो जो इस वर्ष घटकर 2651 रह गए हैं। इस बार पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा जांच की गईहैं। पिछले वर्ष मलेरिया की 40,6,942 जांच की गईं थी। इस बार 292855 जांच हो चुकी हैं और अभी दो महीने बाकी है। पिछले सालों में डेगू का प्रकोप भी जिले में सिर चढ़कर बोलता रहा है। वर्ष 2022 में जिले में डेंगू के 473 केस थे लेकिन 2023 में यह संख्या 1079 हो गई थी। इस साल अब तक डेंगू के मरीजों की संख्या 38 है। सर्वाधिक पांच मामले इनमें भोजीपुरा में मिले हैं। अफसर आशंका जता रहे हैं कि शहरी क्षेत्र में इस बार डेंगू का प्रकोप ज्यादा रह सकता है।

> पिछले बरसों की तुलना में इस बार जिले में मलेरिया की ज्यादा जांचें की गई हैं। मरीजों की संख्या कम है। सोर्स रिडक्शन कार्रवाई में लगाई गईं टीमों की कड़ी निगरानी की जा रही है। अब ठंड के सीजन में डेंगू का प्रकोप बढ़ने की आशंका है।
> – सत्येंद्र सिंह, जिला मलेरिया अधिकारी

# रोटरी दशहरा मेले की रंगारंग शुरुआत, दो सौ स्टाल भी सजे

## एडीजी ने किया बरेली क्लब ग्राउंड पर रोटरी क्लब बरेली साउथ के 38 वें मेले का उद्घाटन, दिव्यांगों को बांटी गईं ट्राई साइकिलें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** दीपावली नजदीक आते ही शहरवासियों को बरेली क्लब के मैदान पर लगने वाले विराट दशहरा मेला का इंतजार रहता है। उनका इंतजार बृहस्पतिवार देर शाम समाप्त हो गया। रंग-बिरंगी लाइटों और घरेलू उत्पादों से लेकर कार और दोपहिया वाहनों के स्टॉल और आकर्षण सजावटी सामान से सजे मेले की रौनक देखते ही बन रही है।

मुख्य अतिथि एडीजी जोन रमित शर्मा ने रोटरी क्लब बरेली साउथ की ओर से आयोजित 38 वें विराट दशहरा मेले का उद्घाटन रात करीब 9 बजे किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज में एकता और सामाजिक चेतना को बढ़ावा मिलता है। मेले में जिले के नए उत्पादों के करीब 200 स्टाल लगे हैं। इस मौके पर विधायक संजीव अग्रवाल और मुख्य अतिथि ने रोटरी साउथ की समाज सेवा कार्य के तहत छह दिव्यांगों को ट्राई साइकिलें वितरित कीं।

एडीजी ने मेला प्रांगण में स्थापित दुर्गा माता के मंदिर में पूजा की और मेले का भ्रमण किया गया। इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश ने सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत की। जाल म्यूजिक ग्रुप ने शानदार प्रस्तुति दी। देर रात तक चले कार्यक्रम में बाहर से आए कलाकारों ने मेला देखने पहुंचे सैकड़ों लोगों को अपनी धुन पर थिरकने को मजबूर कर दिया। रोटरी पब्लिक स्कूल फरीदपुर के बच्चों ने नृत्य की प्रस्तुति दी। पहले दिन लोगों ने जमकर खरीदारी की। मेले में फूड प्लाजा में राजस्थानी, पंजाबी, साउथ इंडियन, चाइनीज के साथ उत्तर भारत के व्यंजनों के स्टाल नजर आए। इस दौरान आतिशबाजी का शानदार नजारा देखने का मिला। पूर्व मेयर डॉ. आईएस तोमर, मंडल अध्यक्ष रवि प्रकाश अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ रवि मेहरा, सचिव हिमांशु कौशिक, सह मेला डायरेक्टर विभोर अग्रवाल, सह मेला डायरेक्टर अंकुर बंसल, घनश्याम खंडेलवाल, विमल रेवाड़ी, अनिल अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, प्रदीप मदवार, ध्रुव तिलक डॉ एसके भारद्वाज, राजेंद्र कुमार वैश्य आदि उपस्थित रहे। संचालन संदीप मेहरा, अनिल अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, प्रदीप मदवार और ध्रुव तिलक ने किया।


रोटरी दशहरा मेले में रोटरी स्कूल के बच्चों ने पेश किए कई सांस्कृतिक कार्यक्रम। ● अमृत विचार


एडीजी रमित शर्मा, सीडीओ जग प्रवेश और विधायक संजीव अग्रवाल ने रोटरी क्लब के पदाधिकारियों के साथ ट्राई साइकिलों का वितरण किया।


स्टालों पर हुई खूब खरीदारी।


केशलता इंटरनेशनल स्कूल के कैंप में पहुंचे बच्चे। ● अमृत विचार



### बच्चों को भाए पजल गेम

**बरेली, अमृत विचार** : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के केशलता इंटरनेशनल स्कूल की ओर से भी किड्स कॉर्नर लगाया गया, जिसमें 3 से 12 वर्ष के बच्चों के लिए रोचक और गणित की पहेलियों के आईक्यू गेम स्टाल लगे थे, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। डॉ. पुनीत अग्रवाल, स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ .नरेंद्र शर्मा, रिया, कुणाल, सबीना, वर्षा, शिवानी, अंशुल, रूचि मौजूद रहीं।

### फैंसी ड्रेस में आराध्य और विराट रहे अव्वल


मेले के पहले दिन जूनियर और सीनियर वर्ग की फैंसी ड्रेस और डांस बरेली डांस प्रतियोगिता हुई। जूनियर वर्ग के 14 वर्ष तक के बच्चों ने डांस प्रतियोगिता में भाग लिया। फैंसी ड्रेस जूनियर वर्ग में आराध्य जिंदल प्रथम, हिमांशु जिंदल दूसरे, विधान जौहरी तृतीय स्थान पर रहे। सीनियर वर्ग में 21 वर्ष तक की आयु के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। फैंसी ड्रेस सीनियर वर्ग में विराट जौहरी प्रथम, अर्थव जिंदल द्वितीय और सौंदर्य श्रीवास्तव तृतीय स्थान पर रहे।



## एक नजर

### सरताज राशिद बनीं सपा महिला सभा की महानगर अध्यक्ष

**बरेली, अमृत विचार** : सूफी टोला निवासी सरताज राशिद उर्फ गजल अंसारी को समाजवादी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव ने महिला सभा बरेली महानगर अध्यक्ष मनोनीत किया है। सरताज राशिद इससे पहले महिला सभा की महानगर महासचिव, प्रगतिशील समाजवादी पार्टी की महानगर अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। मनोनयन पर जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप, महासचिव दीपक शर्मा, अशोक यादव, उपाध्यक्ष समयुन खान, महिला सभा की जिलाध्यक्ष स्मिता यादव ने हर्ष व्यक्त किया है।

### नगर आयुक्त से जलापूर्ति ठीक कराने की मांग

**बरेली, अमृत विचार** : पार्षद जय प्रकाश राजपूत ने नगर आयुक्त से सिकलापुर वार्ड 64 के करीब 30 घरों में पानी की आपूर्ति न आने की शिकायत की है। उन्होंने बताया कि लोगों को इंडिया मार्का हैंडपंप का सहारा लेना पड़ रहा है। यह समस्या पिछले माह से है। उन्होंने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत कर समस्या के निदान की मांग की है।

### हरे चारे की व्यवस्था करें

**आंवला, अमृत विचार** : एसडीएम कार्यालय में गुरुवार को गो आश्रय संरक्षण अनुश्रवण समिति की बैठक हुई, जिसमें गोवंश को हरे चारे और सर्दी से बचाव को लेकर व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। एसडीएम एन राम ने चरागाह की भूमि पर चारा बोए जाने के निर्देश दिए।

## खानकाए-ए-नियाजिया में रोशन होंगे मन्नतों के चिराग

**बरेली, अमृत विचार :** खानकाह-ए-नियाजिया में जश्न-ए-चिरागा, उर्स-ए-महबूबीन 20 और 21 अक्टूबर को मनाया जाएगा। जश्न-ए-चिरागा की रस्म तीन सौ साल पुरानी है। खानकाह पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

खानकाह-ए-नियाजिया में गुरुवार को आयोजित प्रेसवार्ता में प्रबंधक जुनैदी मियां नियाजी ने कहा कि खानकाह-ए-नियाजिया का पूरे विश्व में महत्व इसी वजह से है कि यहां पर नफरत और बुराइयों से बचने के लिए तमाम अच्छाइयों पर अमल करके दिखाया जाता है। इसी वजह से लोगों का इससे अटूट रिश्ता है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को लेकर कई कमेटियों का गठन किया गया है। जश्न-ए-चिरागा में तमाम खानकाहों के गद्दीनशीन, उलमा, विख्यात फनकार शिरकत करेंगे। इस मौके पर गुलपोशी, चादरपोशी, नजर नियाज, लंगर, महफिल-ए-कव्वाली, चिश्तिया रंग होंगे। वहीं, इसी दौरान महबूबे सुबहानी और महबूबे इलाही दोनों का उर्स मनाया जाएगा।


प्रेसवार्ता में जानकारी देते प्रबंधक जुनैदी मियां नियाजी।

## पोर्टल के फेर में फंसी शिक्षकों की बहाली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिले के 20 से अधिक शिक्षकों को है बहाली का इंतजार

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा के विभागीय पोर्टल का संचालन दो माह से ठप है। इस वजह से जिले के विभिन्न ब्लॉकों में निलंबित शिक्षकों की बहाली नहीं हो पा रही है। शिक्षक विभागीय दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं। जिले में 20 से अधिक शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशकों की बहाली और वेतन संबंधी प्रकरण लटके हुए हैं।

विभागीय सूत्रों के मुताबिक शिक्षकों की समायोजन की प्रकिया अंतिम चरण में चल रही है। इस प्रक्रिया के संपन्न होने के बाद ही पोर्टल का संचालन शुरू होने की उम्मीद है। स्कूलों में सरप्लस और कम शिक्षकों की सूची तैयार कर शासन को भेज दी गई है। वहीं, दो महीने से निलंबन की कार्रवाई का सामना कर रहे शिक्षकों का कहना है कि बहाली नहीं होने के कारण तमाम विभागीय कार्य लंबित हैं। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि पोर्टल का संचालन महानिदेशक स्कूल शिक्षा कार्यालय से ही होता है। हालांकि इस संबंध में शासन की ओर से पोर्टल संचालन शुरू करने को लेकर कोई आधिकारिक सूचना नहीं है। शासन से मिले इनपुट के मुताबिक समायोजन प्रक्रिया पूरी होने के बाद पोर्टल का संचालन शुरू हो सकता है।

## वृंदावन में समागम के लिए संतों की टोली रवाना

**बरेली, अमृत विचार:** विश्व हिंदू परिषद की ओर से वृंदावन में आयोजित संत समागम में शामिल होने के लिए 25 संतों की टोली बस से बृहस्पतिवार को विहिप कार्यालय कृष्ण लीला स्थल से रवाना हुई।

विहिप पदाधिकारियों ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि के लिए अग्रिम योजना तय करने के उद्देश्य से विश्व हिंदू परिषद संत समागम आयोजित कर रहा है, जिसमें ब्रज प्रांत के सभी साधु संत सम्मिलित हो रहे हैं। वृंदावन जाने वाले संतों में अलखनाथ मंदिर के पवन गिरी, वीरगिरी ,मंगला माता मंदिर से अजेंद्रानंद महाराज,काली माता सिद्ध पीठ के अजयानन्द, शेलेंद्रानंद , मौनी बाबा, शिवेंद्रानंद आदि शामिल हैं। विभाग संगठन मंत्री देवेंद्र सिंह सोम, दिव्य चतुर्वेदी, संजय शुक्ला, अलंकृत सक्सेना,राजेश पाठक, केवलानन्द गौड़, केशव गुप्ता आदि उपस्थित रहे ।





मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी

Neuropsychiatrist

M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.

(के.जी.एम.यू. लखनऊ)

भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली

मिलने का समय

सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक

गुरुवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमोशिया
- याद्दाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।

संवेदना क्लीनिक

100 फिटा रोड, बरेली।

Mob. 08126922960

Clinic : 7409944400


## हॉर्न न सुनने पर ऑटो चालक को पीटा

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर के करेली निवासी अनुराग ने पुलिस को तहरीर देकर बाइक सवारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। अनुराग ने बताया कि बुधवार सुबह 8.30 बजे वह अपने ऑटो से रिश्तेदारी में जा रहे थे। रास्ते में कडयां स्कूल के पास बाइक सवार ने ओवरटेक करके उन्हें गाली दी और कहा कि हार्न सुनाई नहीं देता है। विरोध करने पर आकाश, आशु और उनके तीन साथियों ने मारपीट की। शिकायत पर सीबीगंज पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## मारपीट और छेड़खानी करने का आरोप लगाया

**बरेली, अमृत विचार :** सीबीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला ने बताया कि मंगलवार सुबह 8 बजे गांव के शकील और उनके बच्चों का खेलते समय विवाद हो गया था। लोगों ने बीच बचाव कर दिया। इसके बाद आरोपी शकील, उसके बेटे समीर, तारिक, आरिफ और शकील की पत्नी उनके घर में घुस आई। आरोपियों ने मारपीट की और कपड़े फाड़ दिए। महिला का आरोप है कि तारिक, समीर और आरिफ ने छेड़खानी की।

## कूड़ा डालने का विरोध करने पर किया हमला

**बरेली, अमृत विचार :** कूड़ा डालने का विरोध करने पर दबंगों महिला के साथ मारपीट की। शिकायत पर बिथरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। बिथरी के गांव तैय्यतपुर निवासी हेमवती ने बताया कि मंगलवार शाम देवरानी धर्मवती और देवर रंजू से नाली में कूड़ा डालने पर विवाद हो गया था। उन्होंने कूड़ा डालने का विरोध किया। दोनों ने उन पर लाठी डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गईं। शिकायत पर पुलिस ने धर्मवती और रंजू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## दहेज में एक लाख रुपये न मिलने पर डंडों से पीटा

**बरेली, अमृत विचार :** सीबीगंज के गांव हमीरपुर निवासी भूरी ने पति और एक महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। भूरी ने बताया कि उनका मायका मीरगंज के गांव जटपुरा उर्फ मुगलपुर में है। उनका 12 वर्ष पहले गांव हमीरपुर निवासी गुड्डू उर्फ अशोक के साथ विवाह हुआ था। आरोप है कि गुड्डू का प्रेम प्रसंग एक महिला से है। जिसकी वजह से वह दहेज में एक लाख रुपये की मांग करता है और महिला के उकसाने पर अक्सर उसे पीटता है। 1 अक्टूबर को सुबह 7 बजे गुड्डू ने महिला के उकसाने पर उसे डंडों से पीटा।

## व्यापारी को धमकी देने वाले के खिलाफ रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी के मॉडल टाउन निवासी चरनजीत सिंह ने बताया कि वह प्लाईवुड फैक्ट्री के मालिक हैं। वह एक निजी अस्पताल में भी पार्टनर हैं। 6 अक्टूबर को सुबह 10 :47 बजे उनके वाट्सएप नंबर पर एक व्यक्ति ने कॉल कर कहा कि वह जमीन छोड़ दें। ऐसा न करने पर उन्हें जान से मार दिया जाएगा। धमकी के बाद से चरनजीत सिंह और उनका परिवार डरा हुआ है। एसएसपी के निर्देश पर बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# नाबालिग बेटी से दुष्कर्म के जुर्म में सौतेले पिता को 10 साल कैद

### पॉक्सो एक्ट कोर्ट के स्पेशल जज ने सुनाई सजा, 10 हजार का जुर्माना भी

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** सौतेले पिता को 16 साल की नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म करने का जुर्म साबित होने के बाद पॉक्सो एक्ट कोर्ट के स्पेशल जज उमाशंकर कहार ने 10 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने मुजरिम पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी डाला है जो पीड़िता को दिया जाएगा।

घटना करीब 10 साल पहले कैंट इलाके के गांव भोलापुर हिंडोलिया में हुई थी। सरकारी वकील राजीव कुमार तिवारी और आलोक प्रधान के मुताबिक पीड़िता के सगे पिता ने एसएसपी को तहरीर दी थी कि उसकी पत्नी, एक बेटी और बेटे को मैकूलाल बहलाफुसलाकर अपने घर ले गया था। अनपढ़ और गरीब होने के कारण वह कोई कार्रवाई नहीं कर सका। कुछ समय बाद मैकूलाल ने उसकी पत्नी को पीटा तो वह बेटी को उसी के घर छोड़कर अकेली कहीं चली गई। इसके बाद मैकूलाल ने उसकी बेटी के साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दीं। 12 जनवरी 2014 की रात 11 बजे जब वह सो रही थी तो उसके हाथ-पैर बांध दिए और मुंह में कपड़ा ठूंसकर दुष्कर्म किया। इससे वह लहूलुहान हो गई।

पीड़िता ने अदालत के समक्ष बयान दिया कि इसके 4-5 दिन बाद मैकूलाल ने उसे रात में 11 बजे जंगल में ले जाकर फिर दुष्कर्म किया। वह चीखती रही लेकिन उस पर कोई असर नहीं पड़ा। सुबह वह लहूलुहान हालत में उसके पास पहुंची तो वह उसे लेकर थाने गया लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। एसएसपी के आदेश पर कैंट पुलिस ने मैकू लाल के विरुद्ध दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। शासकीय अधिवक्ता ने 8 गवाह पेश किए।

**अदालत को बताई थी पिता के हैवान होने की कहानी**

अदालत में पीड़ित किशोरी ने सौतेले पिता के खिलाफ दिए अपने बयान में उसकी हैवानियत की दास्तां सुनाई थी। पीड़िता ने बताया था कि वह मैकूलाल को पिता ही कहकर बुलाती थी, उसने उसके साथ जब अश्लील हरकतें शुरू कीं तो वह समझ नहीं पाई कि वह क्या चाहता है। उसने पहली बार चारपाई से हाथ-पैर बांधकर उसके साथ दुष्कर्म किया तो वह उससे पूछती रही कि वह उसके साथ क्या कर रहा है, उससे ऐसा न करने की भी बहुत मिन्नत की लेकिन वह नहीं माना। पीड़िता ने अदालत को बताया कि कुछ ही दिन बाद मैकूलाल ने उसे फिर जंगल में ले जाकर दुष्कर्म किया जिसके बाद मौका पाते ही वह अपने असल पिता के पास लौट गई।

> सामाजिक अपराध से जुड़े इस मामले में अभियोजन की ओर से अदालत में कड़ी पैरवी कर अभियुक्त को कठोर दंड देने की याचना की थी। कोर्ट ने अभियुक्त को 10 वर्ष सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।
>
> – **राजीव तिवारी**, विशेष लोक अभियोजक

## गैर इरादतन हत्या की कोशिश में पिता-पुत्रों समेत चार को 4 वर्ष कैद

**बरेली, अमृत विचार :** 7 वर्ष पहले युवक की गैर इरादतन हत्या की कोशिश में थाना सीबीगंज के घुरा राघवपुर निवासी चन्दा, उसके दो पुत्रों प्रमोद, नन्हें और एक अन्य धर्मेन्द्र को परीक्षण में दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश हरेन्द्र बहादुर सिंह ने प्रत्येक को 4-4 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई।

डीजीसी क्राइम रीतराम राजपूत ने बताया कि धर्मपाल ने थाना सीबीगंज में तहरीर देकर बताया था कि 19 मार्च 2017 को वह, पत्नी नीरज और घर के अन्य सदस्य गमी की होली में जाने की तैयारी कर रहे थे, तभी गली से होते हुए गांव का धर्मेन्द्र और चन्दा बाबू बिना वजह गालियां देने लगा। विरोध करने पर दोनों डंडे लेकर आए और उन्हें पीटने लगे। पीटने वालों में प्रमोद और नन्हें भी थे। पुलिस ने मारपीट, अपमानित करने के आरोप में एनसीआर दर्ज की थी। विवेचना में मुकदमे में गैर इरादतन हत्या करने की कोशिश की धारा बढ़ाई गई।साक्ष्य एकत्र कर आरोप पत्र कोर्ट भेजा गया था। मामले में शासकीय अधिवक्ता ने सात गवाह पेश किए थे।

## शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर पुलिस का डंडा



चेकिंग के दौरान पुलिस कर्मियों को निर्देशित करते एसपी सिटी मानुष पारीक।

विधि संवाददाता, बरेली

- बुधवार रात सेटेलाइट समेत कई स्थानों पर वाहनों की चेकिंग की

**अमृत विचार :** रात में आठ बजे के बाद शराब पीकर लोग तेज गति से वाहन चलाते हैं। ऐसे में शहर में हादसों की संख्या बढ़ गई है। इसे रोकने के लिए बुधवार रात एसपी सिटी मानुष पारीक खुद सड़कों पर उतरे और लोगों के मुंह को ब्रीथ लाइजर से चेक किया। शराब पीने की पुष्टि होने पर चालान की कार्रवाई की।

दो दिन में शहर में रात को तीन हादसे हुए हैं, जिनमें एक युवक की मौत हो गई। जबकि युवती समेत दो लोग घायल हो गए। वहीं, रात को शराब पीकर लोग वाहनों की रेस लगाते हैं। इस तरह की शिकायतों को एसपी सिटी मानुष पारीक ने गंभीरता से लिया। उन्होंने बुधवार रात 9 से 2.30 बजे तक बारादरी, कोतवाली, सेटेलाइट, सौ फुटा समेत कई स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान तेज गति से जा रहे एक डंपर, दो कार और चार बाइकों को चालान किया गया।

## पत्नी से विवाद के बाद ड्राइवर ने फंदे पर लटककर जान दी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आशुतोष सिटी में किराए के मकान में रहते थे पंकज

**अमृत विचार :** किराये के मकान में रह रहे चालक ने फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली।

बारादरी थाना क्षेत्र में गोल्डन ग्रीन पार्क में रहने वाली पुष्पा ने पुलिस को बताया कि पीलीभीत जिला के थाना सुनगढ़ी के मोहल्ला नई बस्ती निवासी उनके चाचा प्रेमचंद्र का बेटा पंकज शर्मा इज्जतनगर क्षेत्र में आशुतोष सिटी में पूजा के मकान में किराये पर रहता था। वह दो दिन से पंकज को कॉल कर रही थीं, मगर फोन नहीं उठ रहा था। गुरुवार रात जब वह पंकज के किराये के आवास पर पहुंचीं। वहां मकान अंदर से बंद था और बदबू आ रही थी। अनहोनी की आशंका पर पुलिस को सूचना दी। बैरियर टू चौकी इंचार्ज इंद्रपाल सिंह पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और किसी तरह दरवाजा खोलकर अंदर दाखिल हुए। अंदर पंकज शर्मा का शव फंदे पर लटका था। चौकी इंचार्ज ने बताया कि पंकज और उसकी पत्नी का सात वर्ष से विवाद चल रहा है। पत्नी अलग रह रही है। वह बरेली में प्राइवेट वाहन चलाता था। वहीं, पंकज ने आत्महत्या क्यों की, इसकी जानकारी परिजन नहीं दे सके।

## हैदराबाद भागने की फिराक में था हरपाल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सही समय के इंतजार में तीन दिन गन्ने के खेत में छिपा रहा
- पुलिस ने केस में पत्नी और दोस्त रमेंद्र का नाम बढ़ाया

**अमृत विचार :** सेंट्रल जेल फरार हुआ कैदी हरपाल हैदराबाद भागने की फिराक में था। पुलिस की सरगर्मियां शांत होने के इंतजार में वह तीन दिन से गन्ने के खेत में छिपा हुआ था कि उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अब पुलिस उसके मददगार रमेंद्र की तलाश कर रही है।

फतेहगंज पूर्वी के गांव खनी नवादा का हरपाल सेंट्रल जेल के कृषि फार्म में ट्रैक्टर से जुताई करते समय 10 अक्टूबर को फरार हो गया था।

पुलिस के मुताबिक फरारी के बाद दातागंज (बदायूं) का रमेंद्र पाल उसे सेंट्रल जेल के पास रोड नंबर दो पर मिला और टाटा मैजिक के डाले में उसे लिटाकर बदायूं ले गया था। सुबह फिर उसे नकटिया ले आया जहां एक गन्ने के खेत में उसकी पत्नी नगीना और बच्चे पहले से मौजूद थे। इसके बाद हरपाल खेत में ही रुक गया, उसके पत्नी-बच्चों को लेकर रमेंद्र लौट गया।

हरपाल तीन दिन गन्ने के खेत में ही रुका रहा। नगीना रोज उसे खाना पहुंचाती रही। हरपाल की योजना पत्नी के साथ हैदराबाद भागने की थी। बाद में रमेंद्र को भी उसके बच्चों को लेकर हैदराबाद पहुंचना था लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसकी पत्नी को भी गिरफ्तार कर लिया है। फरार रमेंद्र की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। इंस्पेक्टर इज्जतनगर धनंजय पांडे ने बताया कि सेंट्रल जेल के जेलर नीरज कुमार ने हरपाल समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अब केस में रमेंद्र और नगीना का भी नाम बढ़ा दिया गया है।

## दबंगों ने किया हमला, तीन घायल

**बरेली, अमृत विचार :** होटल के बाहर लड़ रहे दो पक्षों के बीच बचाव करने पर दबंगों ने होटल स्वामी के रिश्तेदारों पर हमला कर दिया, जिसमें तीन लोग घायल हो गए।

कोतवाली पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेजा है। बारादारी के सैलानी निवासी दानिश ने बताया कि उनके मित्र जलज कुकरेती के यहां गृह प्रवेश था। जलज के रिश्तेदार का होटल स्टेशन रोड पर है। वहीं पर जलज ने दोस्तों के साथ पार्टी की थी। बृहस्पतिवार देर रात होटल के सामने दो पक्षों में विवाद हो रहा था। शोर-सुनकर वे लोग नीचे गए और बचाने का प्रयास किया। समझाने पर दोनों पक्ष एक हो गए और उन पर हमलावर हो गए। आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिसमें जलज कुकरेती, पंकज कुकरेती और अजय घायल हो गए।



## संगोष्ठी में स्वैच्छिक स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी और फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज विभाग की ओर से कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें छात्राओं, महिलाओं और किशोरों के बीच व्यक्तिगत स्वच्छता और स्वस्थ जीवन शैली के प्रति जागरूक किया गया। सत्र का संचालन सहायक प्रो. महिमा तिवारी और अस्सिटेंट प्रो. मेघा यादव ने किया। कॉलेज की एसोसिएट प्रो. साक्षी भटनागर ने बताया कि प्रतिदिन स्नान करें और स्वच्छ कपड़े पहनें। डॉ. प्रशांत गुप्ता ने नियमित रूप से ब्रश करने के लिए कहा। अस्सिटेंट प्रो. बबिता शर्मा ने पोषण संबंधी जानकारी दी। आयोजन में 190 छात्राओं एवं फैकल्टी ने भाग लिया। प्राचार्य डॉ. पुष्पेंद्र कन्नौजिया ने महिलाओं के स्वास्थ्य पर जागरूकता के लिए समस्त फैकल्टी को सराहा। यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने सभी को बधाई दी।

## बिजली विभाग ने बकाएदारों के कनेक्शन काटे

**नवाबगंज, अमृत विचार :** बिजली विभाग ने अभियान चलाकर बड़ बकाएदारों के कनेक्शन काटने के साथ ही जुर्माना लगाया। उपखंड अधिकारी राजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में निकली विद्युत विभाग की टीम ने नगर के 28 बड़े बकाएदारों के कनेक्शन काटने के साथ ही ढाई लाख रुपये की बकाया वसूल की । इसके अलावा पहले काटे गए कनेक्शन धारियों ने फिर से कनेक्शन जोड़ लिए थे, ऐसे 11 आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई। हरदुआ के पास लगाए गए शिविर में भी साढ़े चार लाख की बकाया वसूली की गई । एसडीओ राजेन्द्र सिंह ने बताया कि नगर में ऐसे कई उपभोक्ता भी है जिन्होंने कनेक्शन लेने के बाद से ही बिल जमा नहीं किए है उनके भी कनेक्शन काटे जाएंगे ।

## अग्रवाल समाज ने रक्तदान कर दिया समरसता का संदेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली




शिविर में रक्तदान करते अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी से जुड़े लोग।

- शिविर में 25 लोगों ने किया रक्तदान

**अमृत विचार:** महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह के तहत श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी के तत्वावधान में बृहस्पतिवार को आईएमए हॉल में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें 25 अग्रबंधुओं ने रक्तदान कर समरसता का संदेश दिया।

सोसाइटी के अध्यक्ष उमानाथ अग्रवाल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने अग्र समाज को दान-धर्म का जो रास्ता दिखाया है, उसी पर चलते हुए समाज हित के लिए रक्तदान किया है। शिविर संयोजक अभय कुमार अग्रवाल व विकास अग्रवाल ने कहा कि नियमित रक्तदान से व्यक्ति स्वस्थ रहता है। ब्लड बैंक संचालक डा.अंजू उप्पल ने अध्यक्ष उमानाथ अग्रवाल और अन्य पदाधिकारीगण को सम्मानित किया। संरक्षक एडवोकेट अजय कुमार अग्रवाल, मीडिया प्रभारी हर्ष कुमार अग्रवाल एडवोकेट ने बताया कि 19 अक्टूबर को करवाचौथ कार्यक्रम में रक्तदाताओं को सम्मानित किया जाएगा। ऋषभ अग्रवाल, मधुर अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, शिल्पी अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, देवेश अग्रवाल, विभोर अग्रवाल, कविशा अग्रवाल, कोमल अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, गौरव गोयल, स्मिता अग्रवाल, अमित अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल आदि ने ब्लड डोनेट किया। शिविर के दौरान आनंद गोयल, आलोक अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, देवेश अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, कमल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## प्लांट की मशीन भिजवाने के नाम पर 26 लाख की ठगी

- एसएसपी के आदेश पर चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** एक किसान ने फ्लोर मिल लगवाने के लिए ऊधम सिंह नगर की कंपनी को मशीन भिजवाए जाने के लिए 26 लाख रुपये दे दिए, लेकिन ठगों ने मशीन नहीं भिजवाईं। एसएसपी के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ भोजीपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

गांव जटऊ पट्टी निवासी चुन्नीलाल ने फ्लोर मिल लगवाने के लिए बैंक से 25 लाख का ऋण लिया था, इससे पहले वह शिव शक्ति ट्रेडर्स ट्रांजिस्ट कैंप आजाद नगर के प्रोपराइटर राकेश कुमार से मिला। राकेश ने बताया कि उसके पार्टनर प्रदीप कुमार निवासी रहपुरा गनीमत थाना देवरनियां ओर विजय शर्मा निवासी चांदपुर थाना मूढ़ा पांडे मुरादाबाद है। यह मशीन दिलवा देंगे। मशीनों का इन लोगों ने 2688146 रुपये का कोटेशन भिजवाया। 29 दिसंबर 2023 को चुन्नीलाल ने 2328293 लाख रुपये दे दिए। इसके बाद तीन लाख तेईस हजार रुपये और दे दिए। आरोप है कि उन लोगों ने पालिश की हुई पुरानी मशीन भिजवा दीं। पुरानी मशीनों की जानकारी होने पर उसने मशीनों को वापस करवा दिया। उन लोगों ने दोबारा से नई मशीनें नहीं भिजवाईं। जब चुन्नीलाल ने मशीनों को भिजवाए जाने के लिए कहा तो उससे साफ इंकार कर दिया। रुपये भी देने से मना कर दिया। चुन्नीलाल ने विरोध किया तो जान से मारने की धमकी दे डाली।

## सार-संक्षेप

### रेलवे कार्मिक यूनियन ने की आम सभा



**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे कार्मिक यूनियन की आम सभा गुरुवार को कारखाना गेट पर केंद्रीय अध्यक्ष रमाकांत और महामंत्री राकेश मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। केंद्रीय अध्यक्ष और महामंत्री ने कहा कि ट्रेड यूनियन की मान्यता के लिए चुनाव में यूनियन हिस्सा लेगी। कर्मचारियों से चुनाव में सहयोग करने का अपील की गई। आर.डी.शर्मा, संजय लाल, कौशिक वैष्णव, उपेंद्र नाथ तिवारी, अनुभव श्रीवास्तव, करन सिंह, हरप्रीत सिंह, संजीव कुमार, अशोक कुमार, दिनेश सिंह, सुनील मीना, जितेन्द्र राठौर, धीरेंद्र कुमार, जेपी भारती, पंकज, पुष्पेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### संगठन हित में कार्य करने की शपथ दिलाई



**बरेली, अमृत विचार :** वरिष्ठ नागरिक कल्याण सोसाइटीज के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने बृहस्पतिवार शाम मनोहर भूषण इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित समारोह में शपथ ग्रहण की। डा. महेंद्र कुमार सक्सेना ने सभी पदाधिकारियों को संगठन हित में कार्य करने की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी का स्वागत किया। सोसाइटीज ने महेंद्र कुमार सक्सेना को प्रदेश अध्यक्ष और राकेश चन्द्र सक्सेना को प्रदेश महासचिव बनाया है। राधेश्याम, सतीश कुमार सिंह, कैसर खां, नरेशपाल गुप्ता, सुधा रावत, बाबू खां आदि उपस्थित रहे।

### श्रद्धा आईवीएफ सेंटर ने मनाई वर्षगांठ



**बरेली, अमृत विचार :** शहर में पीलीभीत बाईपास रोड स्थित श्रद्धा आईवीएफ सेंटर में दूसरी वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। सेंटर की निदेशक डॉ. श्रद्धा माहेश्वरी ने बताया कि जिन निसंतान दंपतियों को सेंटर की ओर से संतान प्राप्ति हुई है, उन्हें आमंत्रित कर बधाई दी गई। वहीं, सेंटर में जन्मे बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। बताया कि सेंटर में सफलता की दर 80 से 90 फीसदी है। 25 से 45 साल तक के सभी दंपति आकर मिल सकते हैं, जिन महिलाओं के दोनों ट्यूब बंद हैं। बच्चेदानी या अंडे दानी में रसौली या गांठ, अंडों की कम संख्या, एवं पुरुषों में निल शुक्राणु, खराब गुणवत्ता हो, वे इस इलाज का लाभ ले सकते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर दंपतियों को इलाज में विशेष छूट दी जा रही है।

## नंदिनी कृषक समृद्धि योजना में 50 फीसदी सब्सिडी

अनुपम सिंह, बरेली

- मंडल के हर जिले में चार-चार मिनी डेयरी का वार्षिक लक्ष्य तय, तैयारी शुरू
- हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, गुजरात की 10 स्वदेशी नस्लों की गायें रखनी होंगी

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार की नंदिनी कृषक समृद्धि मिनी डेयरी योजना के तहत मंडल के चारों जिलों में पहली बार में चार-चार लोगों को लाभान्वित करने लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस योजना में लाभार्थी को परियोजना की आधी धनराशि यानी 11.80 लाख की सब्सिडी मिलेगी। शासनादेश आने के बाद पशु पालन विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है।

नंद बाबा दुग्ध मिशन के क्रियान्वयन के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित स्टेट स्टीयरिंग कमेटी की 3 अक्टूबर 2024 को लखनऊ में हुई बैठक में स्वदेशी उन्नत गायों की 10 नस्लों की नंदिनी कृषक समृद्धि मिनी योजना शुरू करने को मंजूरी दी गई। परियोजना की कुल अनुमानित लागत 23.60 लाख है, जिसमें 11.80 लाख की सरकार सब्सिडी देगी। नौ अक्टूबर को नंद बाबा दुग्ध मिशन के निदेशक और दुग्ध आयुक्त का पत्र आने के बाद पशु पालन विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। पात्रता के आधार पर चयनित लाभार्थी को टिनशेड बनाकर हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान और गुजरात से स्वदेशी नस्लों की दुधारू गायें खरीदकर लानी होंगी। मिनी डेयरी के लिए लाभार्थी को परियोजना की लागत का 15 फीसदी खुद और 35 फीसदी बैंक लोन लेकर लगाना होगा, 50 फीसदी खर्च सरकार वहन करेगी। सत्यापन समिति में उप मुख्य चिकित्साधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी, पशुधन प्रसार को नामित किया जाएगा। समिति स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट लगाएगी।

**इन नस्लों की गाय रखी जाएंगी**

मिनी डेयरी में साहीवाल, गिर और थारपारकर प्रजाति की 10 उन्नत नस्लों की गायों को रखा जाएगा। सब्सिडी का लाभ एक वर्ष के अंदर दो किस्तों में मिलेगा। मिनी डेयरी के लिए पशु शेड का निर्माण मानकीकृत डिजाइन के अनुसार कराना होगा।

> नंदिनी कृषक समृद्धि मिनी डेयरी योजना के लिए शासनादेश आ चुका है। जल्द ही गाइड लाइन जारी होगी। विज्ञापन प्रकाशित होने के बाद एक माह के अंदर आवेदन प्राप्त किए जांएगे।
>
> – **डॉ. मेघश्याम**, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी

## सार-संक्षेप

### तीन राउंड के मुकाबलों में ऋषित, शिव और अशरफ आगे



**बरेली, अमृत विचार :** इंडिपेंडेंट स्कूल्स एसोसिएशन के क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक सप्ताह के तहत नैनीताल रोड स्थित जीआरएम स्कूल ब्रांच में दो दिवसीय अंतर विद्यालयी शतरंज चैलेंज चेकमेट प्रतियोगिता गुरुवार से शुरू हो गई। प्रतियोगिता में सीबीएसई – आईसीएसई के 30 स्कूलों के 152 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। पहले दिन खेले गए तीन राउंड के मुकाबलों में अंडर 11 में व्यास वर्ल्ड के ऋषित गोयल, राधामाधव के शिव मिश्रा, डीपीएस के मो. अशरफ आगे चल रहे हैं। अंडर 14 में जीआरएम दोहरा के रचित, सेंट फ्रांसिस के राघव खंडेलवाल, डीपीएस के साईं सक्सेना आगे हैं। अंडर 19 में माधवराव सिंधिया के गीतांशु जायसवाल, क्रिएथिक्स के अभिनव यादव, जीआरएम के ओजस्य सक्सेना शीर्ष पर हैं। इससे पहले मुख्य अतिथि उप महानिरीक्षक (कारागार) कुंतल किशोर ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि खेलकूद की गतिविधियां पढ़ाई का अभिन्न अंग हैं। प्रबंधक राजेश जौली ने भी विचार रखे। संचालन सिया आनंद और अस्फिया खान ने किया। प्रधानाचार्य रनवीर सिंह रावत, निदेशक त्रिजित अग्रवाल, आईएसए प्रेसिडेंट निर्भय बेनीवाल, सेक्रेटरी अंकित बग्गा, सौभाग्य चौधरी, आईएसए पूर्व अध्यक्ष पारुष अरोरा, डॉ. विनीता सक्सेना आदि मौजूद रहे। आयोजकों के अनुसार शुक्रवार को प्रतियोगिता के चौथे और पांचवें राउंड खेले जाएंगे और विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

### देवीना ने जीता गोल्ड तो वृंदा के हाथ आई चांदी



**बरेली,अमृत विचार :** 24 वीं उत्तर प्रदेश स्टेट इंटर स्कूल शूटिंग प्रतियोगिता में शहर की रामपुर गार्डन स्थित बरेली शूटिंग अकादमी की देवीना गर्ग ने गोल्ड और वृंदा महाजन ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया। अकेडमी के संचालक एवं कोच अमित यादव ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 13 अक्टूबर को हापुड़ में हुआ था। वहीं, अकादमी से अदिति सिंह, मनप्रीत कौर, अनमोल , आदित्य, सफवान,उत्कर्ष आदि ने राष्ट्रीय स्तर की शूटिंग प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया है। एनआरएआई की तरफ से होने वाली 26 वीं ऑल इंडिया कुमार सुरेन्द्र सिंह इंटर स्कूल शूटिंग प्रतियोगिता 30 नवंबर से 5 दिसम्बर तक नालंदा पटना में होनी है। यूपी स्टेट राइफल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष महिपाल सिंह यादव ने कोच गौरव कुमार शर्मा, ओम गुप्ता और खिलाड़ियों को बधाई दी है।

### इंटर रीजन स्टेट फुटबॉल में बरेली मंडल ने बस्ती को हराया

**बरेली, अमृत विचार :** अयोध्या में चल रही इंटर रीजन स्टेट फुटबॉल प्रतियोगिता में गुरुवार को बरेली और बस्ती मंडल के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें बरेली मंडल की टीम ने 4-1 से बस्ती को मात दी। जिला फुटबॉल संघ के सचिव मून रॉबिंसन ने बताया कि शहर के युगांक आर्या, कार्तिक चौहान,गौरव मदेसिया,अभिषेक बिष्ट, हर्ष बिष्ट और प्रशांत ने टीम को 26 वें, 34वें और 55वें मिनट में गोल करने में भूमिका निभाई। युगांक ने तीन गोल किए।

# वाल्मीकि सद्भावना मेले में बॉलीवुड कलाकारों ने बांधा समा

## अरुण बख्शी के गानों पर झूमे दर्शक, रैपर आदित्य-वरदान के ग्रुप ने बिखेरा जलवा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** माधोबाड़ी नई बस्ती में चल रहे तीन दिवसीय 44 वें वाल्मीकि सद्भावना मेले में गुरुवार रात स्टार नाइट आयोजित की गई। बॉलीवुड अभिनेता अरुण बख्शी ने मैं चला आ मैं चला'' जब गया तो दर्शकों खड़े होकर झूमने लगे। उन्होंने तुन्ना तुन्ना, झुमका गिरा रे बरेली की बाजार में, दुनिया की ठा-ठा ठा, रंग बरसे आदि गीत गाकर समा बांधा।

कार्यक्रम की शुरुआत म्युजिकल ग्रुप के ऑर्गेनाइजर आशीष जौहरी ने संगीतमय गणेश वंदना के साथ की। दिल्ली और मुम्बई के कलाकारों ने नृत्य और गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों को थिरकने पर विवश कर दिया।

रैपर आदित्य वरदान ग्रुप ने अपने गीतों से युवाओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। जयपुर से आए पं. राम प्रसाद शर्मा ग्रुप ने राजस्थान की लोक संस्कृति पर आधारित कई कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इससे पहले सुबह बाबा ब्रह्मदास ने विश्व शांति के लिए हवन किया गया। श्रद्धालुओं ने कीर्तन एवं वाल्मीकि रामायण का पाठ किया। मेले में लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

खेल-खिलौने आदि स्टालों पर ग्राहकों की भीड़ दिखी। दूसरे दिन मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि वन मंत्री डा. अरुण कुमार और विशिष्ट अतिथि विधायक संजीव अग्रवाल ने किया।

इस मौके पर सांसद छत्रपाल गंगवार, एससी-एसटी आयोग के सदस्य उमेश कठेरिया, भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, आयोजन समिति के अध्यक्ष मनोज थपलियाल, दक्ष शर्मा पराशर, राजेन्द्र गुप्ता, आकाश पुष्कर, सुनील दत्त, विकास महर्षि, तरुण गंगवार, कंवल विग, आशीष जौहरी, योगेश बंटी, बंटी सिंह, विक्रम सिंह, अनिल नायर आदि उपस्थित रहे।

**इनको मिला पुरस्कार :** मेले में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। 100 मीटर दौड़ में बालिका वर्ग में उन्नति को प्रथम, दीक्षा को द्वितीय, दिव्यांशी को तृतीय पुरस्कार मिला। बालक वर्ग में मयंक रत्नाकर को प्रथम , आदर्श को द्वितीय, उमर को तृतीय पुरस्कार मिला। लंबी कूद बालक वर्ग में आर्यन और बालिका वर्ग में ईशा विजेता रहे।



वाल्मीकि सद्भावना मेला में मौजूद वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, सांसद छत्रपाल गंगवार, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल और बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल। ● अमृत विचार



अभिनेता अरुण बख्शी ने भी मंच पर बिखेरा अपना जलवा। ● अमृत विचार

### शहर में धूमधाम से निकली महर्षि वाल्मीकि शोभायात्रा

महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव पर शहर में वाल्मीकि शोभायात्रा निकाली गई। देर शाम कई शोभायात्राएं एक हुईं और विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शहामतगंज से शोभायात्रा शाहदाना, ईंट पजाया से होते हुए नई बस्ती की ओर गई। डीजे की धुन पर लोग झूम रहे थे। महर्षि वाल्मीकि की झांकी आकषर्ण का केंद्र रही। राम-लक्ष्मण आदि देवी देवताओं की वेशभूषा में सजे बच्चे नजर आए। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। मेला समिति ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की और शोभायात्रा अध्यक्ष का पटका पहनाकर अभिनन्दन किया।

### आज रजा मुराद दिखाएंगे अदाकारी के जलवे

मेला समिति के मीडिया प्रभारी विकास महर्षि ने बताया कि मेले के तीसरे दिन शुक्रवार को पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह, वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, मेयर डॉ. उमेश गौतम मुख्य अतिथि रहेंगे। फिल्म स्टार रजा मुराद स्टार नाइट में अदाकारी के जलवा बिखरेंगे।





### नई खोज के लिए सम्मानित हुए डॉ. केशव

वाल्मीकि सद्भावना मेले में चिकित्सा के क्षेत्र में नई खोज और उत्कृष्ट कार्य के लिए बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल, डॉ. विनोद पागरानी, डॉ. रमेश गंगवार और डॉ. हमीद मुराद को सम्मानित किया गया।





महर्षि वाल्मीकि के प्रकटोत्सव पर शहर में आकर्षक झांकियों के साथ अलग-अलग इलाकों से कई शोभायात्राएं निकाली गईं। ये सभी शोभायात्राएं जब आपस में विलय हुईं तो सड़क पर दूर तक लोगों का हुजूम दिखाई देने लगा। ● अमृत विचार

### हैंडबॉल ट्रायल की नई तिथियां घोषित

**बरेली, अमृत विचार :** खेल निदेशालय की ओर से हैंडबॉल ट्रायल की मंडल और जिला स्तर पर ट्रायल की नई तिथियां गुरुवार को जारी हुईं। आरएसओ जीतेंद्र यादव के अनुसार प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता के जिला ट्रायल 21 और मंडल ट्रायल 22 को होंगे। सब जूनियर बालक वर्ग में जिला ट्रायल 25 और मंडल ट्रायल 26 अक्टूबर को होंगे। वहीं सीनियर वर्ग पुरुष के जिला ट्रायल 9 और मंडल ट्रायल 10 दिसंबर को होंगे। महिलाओं के जिला ट्रायल 16 और मंडल ट्रायल 17 दिसंबर को होने हैं।

# प्रदेश वालीबॉल में गोरखपुर चैंपियन

## वाराणसी मंडल उपविजेता, मेयर और सीडीओ ने दी टीमों को ट्रॉफी



मेयर उमेश गौतम और सीडीओ जग प्रवेश ने दी विजेता टीम को ट्रॉफी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज में चल रही 68 वीं बालिका प्रदेशीय विद्यालयी वालीबॉल प्रतियोगिता में तीनों वर्गों में गोरखपुर विजेता और वाराणसी मंडल उपविजेता रहा। गुरुवार को प्रतियोगिता का समापन हो गया। मुख्य अतिथि मेयर डॉ. उमेश गौतम और विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी जगप्रवेश ने विजेताओं को ट्राफी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विभिन्न स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। मेयर ने कहा कि हमारे खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रदर्शन से देश का नाम रोशन कर रहे हैं। पूरा विश्वास है कि यहां प्रतिभाग कर रहीं बालिकाएं भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा जरूर मनवाएंगी।

मंडलीय क्रीड़ा सचिव नईम अहमद ने बताया कि बालक वर्ग की भी प्रदेशीय विद्यालयी वालीबॉल प्रतियोगिता गुरुवार से शुरू हो गई है। संयुक्त शिक्षा निदेशक राकेश कुमार, अपर सचिव क्षेत्रीय कार्यालय डा. नीरज पांडेय, डीआईओएस देवकी सिंह, प्रधानाचार्य ओमप्रकाश राय, निशांत शर्मा,शाहिद रजा, कुसुमलता राजपूत आदि मौजूद रहे। संचालन डा. अवनीश यादव और डा. इंद्रवीर ने किया।

### बालिका वर्ग के परिणाम

अंडर 19 में गोरखपुर वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज ने प्रथम, वाराणसी ने द्वितीय, लखनऊ ने तृतीय और बरेली मंडल ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। अंडर 17 में भी गोरखपुर स्पोर्ट्स कॉलेज ने प्रथम, वाराणसी ने द्वितीय, गोरखपुर ने तृतीय और अयोध्या मंडल ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। अंडर 14 में गोरखपुर स्पोर्ट्स कॉलेज प्रथम, वाराणसी द्वितीय, लखनऊ तृतीय, झांसी मंडल चतुर्थ स्थान पर रहा।

# सीबीगंज में भी निकली भव्य वाल्मीकि शोभायात्रा

संवाददाता, सीबीगंज

**अमृत विचार :** महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव पर वाल्मीकि बस्ती में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस मौके पर भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई।

वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण को लिखा। आज श्रीराम कथा आम जनमानस के सामने है। मेयर डॉ. उमेश गौतम ने कहा कि हमें उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। डॉ. विनोद पागरानी ने भी विचार रखे। भाजपा नेता अनिल सक्सेना, उमेश कठेरिया, रिशिपाल, वेद प्रकाश वाल्मीकि, मुकेश वाल्मीकि, राजन श्रीवास्तव, राजेंद्र कुमार, सतीश चंद्र, अमित वाल्मीकि, सुदेश वाल्मीकि, रामबाबू, मधुकर आदि मौजूद रहे। इसके बाद वाल्मीकि शोभायात्रा निकली गई, जो इंद्रानगर कालोनी से शुरू होकर महर्षि वाल्मीकि मंदिर पहुंची। यहां पूजा अर्चना करने के बाद शोभायात्रा किला, सिटी होते हुए जाटवपुरा में पहुंचकर संपन्न हुई। वहीं, महर्षि वाल्मीकि मंदिर पर दुर्गा जागरण और भंडारा हुआ। बहोरन लाल वाल्मीकि, दिनेश वाल्मीकि, जागन लाल प्रजापति, रामौतार आदि का सहयोग रहा।



कार्यक्रम में वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार, भाजपा नेता अनिल सक्सेना।

### कलाकारों ने राम जन्म का मंचन किया

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** नगर में चल रही रामलीला मंचन में गुरुवार को कलाकारों ने राम जन्म की लीला का मंचन किया, जिसे देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। बुधवार को रामलीला मंचन की शुरूआत विधायक ने कराई। अयोध्या से आए कलाकार श्रीराम से जुड़े विविध प्रसंग का मार्मिक ढंग से मंचन कर रहे है । मेला कमेटी के अध्यक्ष पवन राज मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार को रामचंद्र की बाल लीला का मंचन किया जाएगा । रामलीला के मंचन में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोतवाल संतोष सिंह लगातार भ्रमण पर रहे।

# भाकपा की 11 सदस्यीय जिला कमेटी बनी

**बरेली, अमृत विचार :** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी (भाकपा) बरेली का 23 वां जिला सम्मेलन बृहस्पतिवार को नावल्टी स्थित एक क्लब में हुआ। सम्मेलन स्थल का नाम कामरेड नारायन दास नगर और शिशुपाल सभागार रखा गया। उद्घाटन बीएल भारती ने किया।

राजीव शांत ने तीन वर्षों की राजनैतिक सांगठनिक रिपोर्ट पेश की। जिला सचिव ने तीन वर्षों के लिए 11 सदस्यीय जिला कमेटी का प्रस्ताव रखा, जिसमें दो स्थान रिक्त रखे गये और नौ स्थानों पर राजीव शान्त, प्रो. अजय, आबिद हुसैन, हरीश ठाकुर, हेमराज, कपप्पू जोशी, इरशाद अहमद, राजकरन, टीआर लोधी एडवोकेट को सर्वसम्मति से चुना गया। तीन सदस्यीय सचिव मंडल में राजीव शांत, प्रो. अजय, आबिद हुसैन को चुना गया। राजीव शांत ने आगामी सत्र के लिए अजय कुमार को जिला सचिव बनाने का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। अध्यक्ष मंडल की ओर से चुन्ने शाह ने सम्मेलन समाप्ति की घोषणा की।



जिला सम्मेलन में रिपोर्ट प्रस्तुत करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार
क्लासीफाइड

सूचना
मैंने अपने पुत्रों मोहम्मद रूहान अली एवं तंजील अरबाज से उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध समाप्त कर लिये हैं। भविष्य में इनके द्वारा किये कृत्यों से मेरा कोई वास्ता नहीं होगा। **मोहम्मद अब्दुल मोमिन पुत्र मोहम्मद अली हसन बी-10 कल्याणपुर, लखनऊ**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अनिल बजाज व उसकी पत्नी आकांक्षा को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई सरोकार नहीं होगा। **चन्द्रसेन पुत्र श्री पूरन लाल निवासी ग्राम गोकिलपुर थाना शीशगढ़ तहसील मीरगंज जिला बरेली।**

सूचना
मेरे पुत्र MOHD OWAIS QURESHI के स्कूल शैक्षिक अभिलेखों में पिता का नाम HAJI MOHAMMAD ASLAM QURESHI पंजीकृत है, जो गलत है, सही नाम MOHD ASLAM QURESHI है। **मो. असलम कुरैशी पुत्र हमीदुल्ला कुरैशी, नि. मो. भूरे खां, पीलीभीत (उ.प्र.)**

सूचना
मेरे पासपोर्ट MOHD AYAYUB KHAN नाम से जारी है। मैंने अपना नाम बदलकर Mohd Ayub Khan रख लिया है। भविष्य में मुझे Mohd Ayub Khan नाम से जाना व पहचाना जाये। **मो0 अयूब खां पुत्र श्री अब्दुल मजीद खां निवासी मेडकीहा पौन्डा बलाई गांव बहराइच।**

सूचना
मैं अपने पुत्र ब्रज मोहन पुत्र गुलाबी राम व पुत्रवधू रतना को उनको गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **गौरी देवी पत्नी गुलाबी राम निवासी मौ. नौगवां कस्बा फतेहगंज पश्चिमी तहसील मीरगंज, जिला बरेली (उ.प्र.)**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# मेनोपॉज... यानी इस मुकाम पर रुकना नहीं है

## वर्ल्ड मेनोपॉज डे आज

● डॉक्टरों के मुताबिक कम उम्र से ही शुरू कर देनी चाहिए मेनोपॉज की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** महिलाओं के लिए मेनोपॉज का मतलब कुछ खत्म हो जाना नहीं है। डॉक्टर कहते हैं कि अंग्रेजी के अक्षरों को तोड़ने पर मी-नो-पास की ध्वनि निकलती है जिसका मतलब यही है कि अभी रुकना नहीं है। इतना जरूर है कि मेनोपॉज के दौरान अपनी खास देखभाल की जरूरत होती है क्योंकि इसके बाद शरीर कमजोर पड़ने लगता है। बेहतर यही है कि इसकी तैयारी किशोरावस्था से ही शुरू कर दी जाए क्योंकि इसी उम्र में ही शरीर में सबसे अधिक कैल्शियम बनता है।

डॉक्टरों के मुताबिक हर देश में महिलाओं में मेनोपॉज की उम्र अलग है। भारत में यह उम्र 46 से 48 वर्ष है। दूसरे देशों में 50 से 52 तक है। मेनोपॉज की अवस्था तक पहुंचने से पहले ही महिलाओं की चुनौती शुरू हो जाती है क्योंकि 30 की उम्र के बाद शरीर में बोन मास डेन्सिटी (हड्डियों का घनत्व) स्टोर नहीं होती। यही वजह है कि हर सौ में से 25 महिलाएं मेनोपॉज के समय में होने वाली समस्याएं झेलती हैं। इस अवस्था में बोन मास डेंसिटी सबसे ज्यादा घटने के साथ गर्भाशय संबंधी समस्या भी शुरू हो जाती हैं।

**मेनोपॉज हार्मोन थेरेपी महत्वपूर्ण:** बरेली ऑब्स एंड गायनी सोसाइटी की अध्यक्ष डॉ मृदुला शर्मा के मुताबिक इस वर्ष की थीम मेनोपॉज हार्मोन थेरेपी रखी गई है। इसका अर्थ है कि मेनोपॉज के बाद शरीर में एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन की कमी से होने वाले लक्षणों से राहत दिलाने के लिए मेनोपॉज हार्मोन थेरेपी की जाती है। डॉ. मृदुला ने बताया कि ये थेरेपी दुधारी तलवार की तरह है क्योंकि लंबे समय तक एस्ट्रोजन रहने से शरीर में गर्भाशय के कैंसर और ब्रेस्ट कैंसर के आसार बढ़ते हैं, इसलिए डॉक्टर से नियमित चेकअप कराते रहना चाहिए।

**मेनोपॉज:** मेनोपॉज का मतलब महिला का मासिक धर्म स्थाई रूप से बंद हो जाना है। आमतौर पर ऐसा 45 से 55 की उम्र के बीच होता है। शरीर में एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन हार्मोन का स्तर घटने से कई शारीरिक और मानसिक परिवर्तन होते हैं। गर्मी लगना, रात को पसीना आना, अनिद्रा इसके प्रमुख लक्षण हैं।

### कैसे रखें अपना ख्याल

- मेनोपॉज के दौरान हड्डियों की सेहत बनाए रखने के लिए कैल्शियम और विटामिन डी युक्त भोजन करें। दूध, दही, पनीर, हरी पत्तेदार सब्जियां और मछली आहार में शामिल करें। ओमेगा-3 फैटी एसिड और फाइबर से भरपूर खाद्य पदार्थ दिल की सेहत भी बेहतर रखते हैं।
- रोजाना 30 मिनट का व्यायाम, जैसे योग, पैदल चलने जैसी गतिविधियां न सिर्फ शारीरिक फिटनेस बनाए रखती हैं बल्कि मानसिक तनाव को भी कम करती हैं। वजन नियंत्रित रखने और हड्डियों को मजबूत रखने के लिए नियमित व्यायाम बेहद महत्वपूर्ण है।
- मेनोपॉज के दौरान मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना जरूरी है। ध्यान, गहरी सांस लेने की तकनीक और सामाजिक गतिविधियों में भाग लेना मूड को स्थिर रखने में मदद करते हैं।
- मेनोपॉज के बाद हड्डियों की जांच, ब्रेस्ट कैंसर की स्क्रीनिंग और दूसरी नियमित जांच कराना बहुत जरूरी है।
- सोने का एक नियमित शेड्यूल बनाएं और सोने से पहले तनाव कम करने के लिए किताब पढ़ने या ध्यान करने जैसी गतिविधियों की आदत डालें।

## एक नजर

### गेला टांडा का 12 दिवसीय रामलीला मेला शुरू

**नवाबगंज, अमृत विचार :** ग्राम गेला टांडा में लगने वाला 12 दिवसीय रामलीला मेला गुरुवार से शुरू हो गया। आयोजक अतुल गंगवार के अनुसार 12 दिन तक चलने वाले इस मेले में रामलीला के साथ ही बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले लगेंगे। इसके साथ ही विशाल दंगल भी होगा, जिसमें दूर - दराज के आए पहलवानों की कुश्ती होंगी।

### महर्षि वाल्मीकि की जयंती मनाई

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** ग्राम चठिया फैजू स्थित विद्याश्री पार्थ कॉलेज एवं ठाकुर रोशन सिंह इंटर कॉलेज में महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। कॉलेज चेयरमैन डॉ. हरीओम सिंह राठौर ने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।एनसी सी ऑफीसर सोनी सिंह चौहान ने कहा कि वाल्मीकि जी को उनकी विद्वता और तप के कारण महर्षि की पदवी प्राप्त हुई थी। उन्होंने रामायण की रचना की, इसलिए उन्हें संस्कृत का आदिकवि कहा जाता है।

### युवती का अश्लील वीडियो बनाकर कर रहा ब्लैकमेल

**बहेड़ी, अमृत विचार :** एक युवक ने युवती को प्रेमजाल में फंसाकर उसका अश्लील वीडियो बना लिया। आरोपी उससे दो लाख रुपये मांग रहा है, न देने पर उसका वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी युवक सहित तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बताया ग्राम लदपुरा थाना जहानाबाद निवासी अनिल ने उसकी 21 साल की लड़की को अपनी बातों में लेकर उसकी अश्लील वीडियो बना ली। अब वह उस वीडियो को डिलीट करने के बदले दो लाख रुपये मांग रहा है। आरोपी युवक जनसेवा केंद्र चलाता है। पुलिस ने आरोपी अनिल मौर्य, दुर्गा प्रसाद, डालचन्द के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### सड़क हादसे में गोवंशीय पशु की मौत

**कैंट, अमृत विचार :** बीआई बाजार स्थित रिसाला चौकी से मात्र 20 कदम की दूरी पर बुधवार सुबह किसी वाहन ने एक गोवंशीय पशु को टक्कर मार दी, जो गुरुवार दोपहर तक वहीं पड़ा तड़पता रहा। 24 घंटे बाद भी किसी ने उसकी सुध नहीं ली। दोपहर 2 बजे वहां से गुजर रहे कैंट सदर बाजार निवासी समाजसेवी इमरान खान उर्फ काशिफ ने पशु चिकित्सक को फोन कर गोवंशीय पशु के चोटिल होने की जानकारी दी। पशु डॉ. अखिलेश इलाज करने पहुंचे, इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई।

### नदी में मिले शव की दूसरे दिन भी नहीं हुई शिनाख्त

**देवरनियां, अमृत विचार :** सेमीखेड़ा-बरौर मार्ग पर भोजपुर सर्वसुख गांव के पास देवरनियां नदी के पुल के नीचे बुधवार को एक युवक का शव मिल था, जिसकी शिनाख्त दूसरे दिन भी नहीं हो सकी।पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। इंस्पेक्टर मुकेश कुमार सिंह ने बताया की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, विसरा सुरक्षित रख लिया गया है।

### आग लगने से चार बीघा धान की फसल जली

**शीशगढ़, अमृत विचार :** देर रात एक किसान के धान के खेत में किसी ने आग लगा दी, जिससे चार बीघा धान की फसल जलकर राख हो गई। किसान ने बताया कि ठेके पर जमीन लेकर चार बीघा धान लगाया था, फसल खेत में कटी हुई थी कि गुरुवार देर रात कटी फसल आग लगने से जलकर राख हो गईं। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है। मोहल्ला जाटवान निवासी झुंडे लाल ने बताया कि उन्होंने जमीन ठेके पर लेकर धान की फसल की थी, उनकी चार बीघा धान की फसल कटी पड़ी थी, जिसमें किसी ने आग लगा दी।

# गन्ना सहकारी समितियों पर निर्विरोध जीते भाजपा समर्थित उम्मीदवार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** सहकारी गन्ना विकास समिति की प्रबंध कार्यकारिणी के लिए आठ साल बाद हुई सामान्य निर्वाचन प्रक्रिया गुरुवार को संपन्न हो गई। जिले के सभी समितियों पर भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की।


प्रमाण पत्र लेते तेजपाल सिंह फौजी।

### मीरगंज में तेजपाल सिंह फौजी बने चेयरमैन

मीरगंज में सभापति पद के लिए ठिरिया खुर्द निवासी डायरेक्टर तेजपाल सिंह फौजी ने नामांकन कराया। जबकि धनेटा गांव निवासी हरीराम लोधी ने उप सभापति पद के लिए नामांकन किया। दोपहर बारह बजे तक किसी अन्य का नामांकन न होने से तेजपाल सिंह फौजी को सभापति, हरीराम लोधी को उपसभापति को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। एसडीएम तृप्ति गुप्ता ने निर्वाचन अधिकारी के रूप में प्रमाण पत्र सौंपे। इस दौरान सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, विधायक डॉक्टर डीसी वर्मा, ब्लाक प्रमुख गोपाल कृष्ण गंगवार आदि मौजूद रहे।

### भोजीपुरा में महिपाल गंगवार बने सभापति

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** सहकारी गन्ना विकास समिति के गुरुवार को हुए चुनाव में सभापति महिपाल गंगवार और उपसभापति राजेंद्र सिंह गंगवार निर्विरोध चुने गए। गुरुवार को दोनों पदों के लिए केवल दो नामांकन हुए जांच के बाद दोनों नामांकन वैध होने पर निर्धारित समय के बाद सभापति पद के लिए महिपाल गंगवार और उपसभापति पद के लिए राजेंद्र सिंह गंगवार को आरओ कमल कुमार ने निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। सभापति के नामांकन में एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, पूर्व सभापति दिलीप सिंह गंगवार भाजपा नेता, भुवनेश गंगवार, चौधरी विजयपाल सिंह, रामकिशोर गंगवार, हरिशंकर समेत सभी नौ डायरेक्टर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



### निर्भय गंगवार बने गन्ना समिति के चेयरमैन

**नवाबगंज, अमृत विचार :** भाजपा समर्थित प्रत्याशी निर्भय गंगवार को गुरुवार को गन्ना विकास परिषद का निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया। अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर सुबह से ही गन्ना समिति परिसर में चहल कदमी रही, एक मात्र प्रत्याशी निर्भय गंगवार के नामांकन किए जाने के बाद चुनाव अधिकारी तहसीलदार बहेड़ी भानुप्रताप सिंह ने उन्हें निर्वाचित घोषित किया। उनकी जीत पर विधायक डॉ. एमपी आर्य, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लेखराज गंगवार, पूर्व पालिकाध्यक्ष रविन्द्र सिंह राठौर, पालिकाध्यक्ष पति नीरेन्द्र सिंह राठौर, विमला शुक्ला, डॉ. एके गंगवार, विनोद कुमार दिवाकर, रवि गंगवार आदि ने बधाई दी।





### बहेड़ी में राजेंद्र गंगवार अध्यक्ष, चौधरी नरेन्द्र सिंह बने उपाध्यक्ष

**बहेड़ी, अमृत विचार :** सहकारी गन्ना विकास समिति के चुनाव में राजेंद्र गंगवार राजू भैया निर्विरोध अध्यक्ष एवं चौधरी नरेन्द्र सिंह निर्विरोध उपाध्यक्ष बन गए हैं। इस मौके पर जिला अध्यक्ष पवन शर्मा, ब्लॉक प्रमुख दमखोदा पति दुष्यंत गंगवार, चौधरी आराम सिंह, अमरिंदर सिंह गोल्डी, सुनील रस्तोगी, महेश शर्मा, सूर्य कुर्मी, राहुल दीप गंगवार, घनश्याम दीक्षित, डालचंद, खूबचंद गंगवार, उमाशंकर चौधरी, संदीप सिंह, चौधरी राजीव सिंह, वीरपाल गंगवार, सतीश राठौर, भानु प्रताप, अरुण गंगवार, रोहित राठौर आदि ने खुशी जताई।



### फरीदपुर में नारदमुनि चुने गए अध्यक्ष

**फरीदपुर अमृत विचार :** भाजपा समर्थित उम्मीदवार नारद मुनि गौड़ ने निर्विरोध चेयरमैन चुने गए। उन्होंने पार्टी नेताओं का आभार जताया। बता दें कि डेलीगेटस के चुनाव के नामांकन के दौरान सपा ने अधिकारियों पर भेदभाव के आरोप लगाए थे।

# स्कूल में कार्यक्रम करने को लेकर हिंदू संगठनों में बहस

## एसडीएम और सीओ ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार :** एक स्कूल सभागार में पूर्व नियोजित कार्यक्रम का विरोध करने पर दो हिंदू संगठनों के पदाधिकारी आमने -सामने आ गए। दोनों संगठनों ने एक दूसरे पर आरोप लगाए। जिससे दोनों के बीच नोकझोंक हुई। सूचना पर एसडीएम और सीओ पहुंच गए। दोनों पक्षों को समझा मामला शांत कराया। विरोध के चलते एक संगठन ने स्कूल में अपना कार्यक्रम रद्द कर बाहर चला गया।

नगर के सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल सभागार में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल की ओर से पूर्व नियोजित कार्यक्रम होने थे। जिसके लिए संगठन पदाधिकारियों ने अनुमति ले ली थी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनोज सिंह शामिल होने थे। कार्यक्रम शुरू होने के समय राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पदाधिकारी स्कूल पहुंच गए और सभागार में संघ का कार्यक्रम होने की बात कहकर अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के कार्यक्रम को रद्द कर अन्य जगह करने की कहने लगे। इस पर दोनों संगठनों के पदाधिकारियों के बीच कहासुनी होने लगी। विवाद बढ़ने पर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर एसडीएम एनराम, सीओ नीलेश मिश्र, इंस्पेक्टर कुंवर बहादुर सिंह पुलिस बल के साथ स्कूल पहुंच गए। अधिकारियों ने दोनों पक्षों से वार्ता कर मामला शांत कराया। वहीं विभिन्न आरोप लगाकर अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता स्कूल से बाहर चले गए। उन्होंने नगर में सांकेतिक रैली निकाल कर कार्यक्रम सम्पन्न किया।


कार्यक्रम स्कूल को लेकर विवाद करते दोनों संगठन के पदाधिकारी।

### वे लोग समाज को भ्रमित कर रहे हैं

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जिला प्रचारक धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि वह संगठन संघ का अनुषांगिक संगठन नहीं है। वह समाज को भ्रमित करने के लिए संघ के विद्यालयों का उपयोग करना चाहता है। दोनों संगठनों के नाम मिलते -जुलते होने से लोग भ्रमित हो जाते है। विद्या मंदिर और शिशु मंदिर स्कूलों में संघ परिवार के संगठनों के कार्यक्रम होते हैं। तथाकथित दूषित मानसिकता के लोग उक्त संगठन को संघ का बताकर कार्य कर रहे हैं। उसको और बल देने के लिए आज विद्या मंदिर में बैठक का आयोजन किया था। जिससे संघ का संगठन बताने में सरलता हो। ऐसी मानसिकता रखने वाले लोगों को संघ के नाम का अथवा विद्यालयों का उपयोग नहीं होने दिया जाएगा।

### जिला प्रचारक संघ विरोधी मानसिकता के

अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के प्रदेश महामंत्री सुनील गुप्ता ने बताया कि उनके संगठन की ओर से हनुमान चालीसा पाठ और महाकुंभ में संगठन की ओर से किए जा रहे कार्यक्रमों की रुपरेखा बनाने के लिए कार्यक्रम होना था। जिसका संघ जिला प्रचारक ने विरोध किया। उन्होंने जिला प्रचारक पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा का न होने का आरोप लगाया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के बीच कोई मतभेद नहीं है। जिला प्रचारक संघ विरोधी हैं। वह हिंदुओं को जोड़ने के स्थान पर तोड़ने का काम कर रहे हैं। इसलिए उन्होंने व्यक्तिगत रुप से उनके संगठन का कार्यक्रम नहीं होने दिया।

> दोनों संगठनों के बीच विवाद की सूचना पर वह स्कूल पहुंचे थे। पदाधिकारियों से वार्ता कर उन्हें समझा बुझाकर शांत करा दिया।
>
> **-एन राम** एसडीएम आंवला

# बहू की हत्या कर ससुराली घर छोड़कर भागे, रिपोर्ट

संवाददाता, क्योलड़िया



- शादी में कम दहेज मिलने की वजह से ससुराली कर रहे थे प्रताड़ित

**अमृत विचार :** दहेज लोभी ससुरालियों ने बुधवार रात बहू की हत्या करके घर से भाग गए ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतका के पिता ने पति समेत सात ससुरालियों पर दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई।

क्योलड़िया थाना क्षेत्र के गांव खमरियापुल निवासी नन्हेंलाल ने बटी प्रियंका की शादी गांव मौजम नगला ठाकुरदास के हरपाल से 2020 में की थी। शादी में मिले दहेज से ससुराल वाले खुश नहीं थे, इसलिए प्रियंका को प्रताड़ित करते थे। इस बीच उसने एक बेटी को जन्म दिया तो ससुराली उसे और प्रताड़ित करने लगे। नन्हेंलाल ने बताया कि बुधवार रात को पति हरपाल, ससुर लीलाधर, सास सुशीला, हरीश, मुकेश, नीतीश, संजू ने उनकी बेटी की हत्याकर फंदे पर लटका कर भाग गए। सूचना पर सीओ हर्ष मोदी, थाना प्रभारी परमेश्वरी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचीं और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका के पिता ने सात आरोपियों के खिलाफ नामजदजद तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

# एसएसपी के आदेश पर चार भाईयों पर हत्या की रिपोर्ट

**भमोरा, अमृत विचार :** मकान के विवाद में युवक की हत्याकर फंदे पर लटकाने के मामले में भमोरा पुलिस ने एसएसपी के आदेश के बाद बुधवार चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

भमोरा थाना क्षेत्र के इस्लामाबाद गांव निवासी राजेश सिंह ने एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 7 अक्टूबर को गांव का ही विरम यादव, गजेंद्र यादव, जितेंद्र यादव उसके पुराने मकान पर आए और उसके बेटे पंकज को गालियां देते हुए बोले ये मकान खाली कर दें मैंने तेरे बाबा गंगा सिंह से ये मकान खरीद लिया है। विवाद की सूचना पर उसने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर थाने से भेज दिया। अगले दिन सुबह उसकी बेटी जब बेटे पंकज को चाय देने वहां गई तो उसने उक्त आरोपियों को उसके मकान से निकलकर भागते देखा, उसने अंदर जाकर देखा तो पंकज कुंडे से लटका मिला। शोर मचाने पर जुटे लोगों ने उसे कुंडे से उतार कर डॉक्टर के पास ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की। बुधवार देर रात भमोरा पुलिस ने एसएसपी ने निर्देश पर चारों सगे भाइयों पर हत्या के आरोप में केस दर्ज कर लिया।

## सार-संक्षेप

### वाल्मीकि जयंती पर किया रामायण पाठ



**मीरगंज, अमृत विचार :** महर्षि वाल्मीकि जयंती पर वाल्मीकि पार्क में कार्यक्रम हुआ, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल गंगवार, विधायक डॉ. डीसी वर्मा ने पहुंचकर पूजा अर्चना की। इस मौके पर वाल्मीकि समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। रामायण का पाठ नगर पंचायत से राजीव गिरी ने शुरू कराया गया एवं प्रसाद वितरण किया। विधायक डीसी वर्मा ने वाल्मीकि के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान गोपाल कृष्ण गंगवार, राजू भारती, तेजेश्वरी सिंह, ममता गंगवार, निरंजन यदुवंशी संजू वाल्मीकि, अशोक वाल्मीकि, रतनलाल वाल्मीकि, संजीव वाल्मीकि प्रेम पाल वाल्मीकि, रामस्वरूप वाल्मीकि, जितेंद्र बाल्मीकि, आदि मौजूद रहे। इसके अलावा दिव्य कृपाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई।इस दौरान रमेश चंद्र गंगवार एवं समस्त स्टाफ सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### वाल्मीकि जयंती पर रिठौरा में निकाली शोभायात्रा



**रिठौरा, अमृत विचार :** हर्षोल्लास से रिठौरा में वाल्मीकि जयंती मनाई गई। गुरुवार को नगर के सभी मंदिरों को दुल्हन की तरह सजाया गया, रामायण पाठ किया गया। मोहल्ला नई बस्ती स्थित वाल्मीकि मंदिर में चेयरमैन प्रतिनिधि अमित गुप्ता ने पूजा-अर्चना की। उन्होंने सभी से प्रभु श्री राम एवं वाल्मीकि के जीवन चरित्र को अनुसरण करने का आह्वान किया। इसके बाद पूरे नगर में श्रीराम दरबार एवं वाल्मीकि एवं लवकुश की विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जगह-जगह फूलों की वर्षा कर जोरदार स्वागत -सम्मान किया गया। इस मौके पर धनपाल सिंह, सभासद नीरज कुमारी, दिनेश भास्कर, राजीव उर्फ़ लवकुश साहू, लोकेश गुप्ता, रामरतन, सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### महर्षि वाल्मीकि जयंती पर हुआ हवन-पूजन

**नवाबगंज, अमृत विचार :** वाल्मीकि जयंती पर वाल्मीकि जन्मोत्सव आयोजन समिति की ओर सुबह हवन पूजन और रामायण पाठ के बाद शाम को शोभायात्रा निकाली गई ।आयोजन समिति के अध्यक्ष मदन लाल गांधी और महामंत्री अनिल चौधरी के नेतृत्व में निकाली गई शोभायात्रा पुराने रोडवेज वाल्मीकि मंदिर से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्ग, कबाड़ खाना रोड और हाईवे स्थित अंबेडकर पार्क होती हुई वाल्मीकि मन्दिर पर पहुंच कर संपन्न हुई, जिसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। शोभायात्रा का नगर में जगह जगह पर स्वागत किया गया।

### नेग को लेकर किन्नरों और ग्रामीणों में विवाद

**आंवला, अमृत विचार :** नेग मांगने को लेकर किन्नरों और परिवार के बीच बच्चे की छीनाझपटी में बच्चा जमीन पर गिर गया था। जिससे उसकी मौत हो गई थी। किन्नरों के फिर गांव पहुंचने पर ग्रामीण आक्रोशित हो गए। इसे लेकर दोनों पक्षों में जमकर कहा सुनी हुई। किन्नरों ने मारपीट का आरोप लगाकर पुलिस को शिकायत दी। देर शाम दोनों पक्षों में समझौता हो गया। रेवती गांव निवासी ग्रामीणों ने बताया कि 15 दिन पहले गांव के एक गरीब व्यक्ति के घर में बड़ी मिन्नतों के बाद बेटे का जन्म हुआ था। इसी बीच आंवला नगर के कुछ किन्नर नेग लेने के लिए उसके घर पहुंच गए। वह 11 हजार रुपये मांग रहे थे। गरीब मोहल्ले वालों से 21 सौ रुपये लेकर उन्हें देने लगा। परंतु एक किन्नर बच्चे को बाहर उठा लाया। परिजनों और किन्नरों के बीच बच्चे की छीनाझपटी में बच्चा नीचे गिर गया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई, इस बीच किन्नर चले गए। कुछ दिन बाद बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना से ग्रामीणों में गुस्सा था। इसी बीच गुरुवार को किन्नर गांव पहुंच गए। एक परिवार में बच्चे के जन्म होने पर उससे नेग मांगने लगे। सूचना पर ग्रामीण एकत्रित होकर पहुंच गए और बच्चे की मौत को लेकर कहासुनी हुई। किन्नरों ने बताया कि ग्रामीणों ने उनके साथ मारपीट की। वहीं ग्रामीणों ने मारपीट से इन्कार किया है। किन्नरों की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में ले लिया। एक के नाबालिग होने पर उसे छोड़कर दो लोगों के खिलाफ शांति भंग कार्रवाई की।पुलिस की कार्रवाई पर ग्रामीण थाने पहुंचे और पुलिस से अपनी बात बताई। वहीं दोनों पक्षों ने आपसी सहमति के आधार पर समझौता कर लिया।

### सांसद छत्रपाल गंगवार ने रखी मंदिर की नींव

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार और जिला पंचायत सदस्य तेजस्वरी सिंह गंगवार ने गांव कुरतरा और सतुईया खास के बीच मौजूद लक्ष्मन जति-माता रानी सेवा धाम देवस्थल के परिसर में शिवालय पूजन पाठ के बाद नींव रखी ।गांव कुरतरा और सतुईया खास के बीच मौजूद प्राचीन देवस्थल परिसर में कमेटी शिवालय का निर्माण करा रही हैं। जिसकी नींव गुरुवार को पूजा- अर्चना के बाद सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार और जिला पंचायत सदस्य तेजेश्वरी सिंह गंगवार ने रखी। पूजा पाठ पंडित रमेश चंद्र शर्मा ने कराया ।उमेश साहू, हरीश गंगवार कातिव, कुलवीर सिंह, ढाकन लाल गंगवार, टीकाराम सागर, महेश चौहान, हरप्रसाद गंगवार आदि मौजूद रहे।

### कौशल किशोर पांचवीं बार बने विद्यालय के प्रबंधक



**फरीदपुर अमृत विचार :** कौशल किशोर अग्रवाल लगातार पांचवीं बार सीएएस इण्टर कॉलेज के प्रबन्धक चुने गए। संयुक्त शिक्षा निदेशक बरेली राकेश कुमार के अनुमोदन से विद्यालय प्रबन्ध समिति का कार्यकाल तीन वर्ष से बढ़ाकर पांच वर्ष हो गया है। चुनाव में सर्व सम्मति से बीडी आग्वाल (अध्यक्ष), महेश चन्द्र अग्रवाल उपाध्यक्ष, कौशल किशोर अग्रवाल को प्रबंधक, डॉ. महेश कुमार चौधरी उप प्रबन्धक, जयशंकर अग्रवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। राजीव कुमार अग्रवाल भुवनेश चन्द्र अग्रवाल के एम अग्रवाल अरविंद मित्तल सेठ प्रवेश कुमार अग्रवाल राकेश कुमार अग्रवाल एवं प्रदीप कुमार अग्रवाल को प्रवन्ध समिति का सदस्य चुना गया।

### मृत दिखाकर पीएम सम्मान निधि की किस्त रोकी

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** किसान को कागजों में मृत दिखाकर उसकी पीएम सम्मान निधि रोक दी गई। परेशान किसान योजना का लाभ लेने के लिए अधिकारियों के चक्कर लगा रहा हैं। भोजीपुरा के ग्राम चकदहा भगवतीपुर निवासी मोहम्मद फारूक ने बताया कि उसे 11वीं किश्त इसी वर्ष जून माह में मिली थी। इसके बाद से उसे योजना का लाभ नहीं मिल रहा हैं। उसने पोर्टल पर चेक कराया तो उसमें उसे मृतक दर्शाकर अपात्र घोषित कर दिया गया है। इसके बाद से वह योजना का लाभ लेने के लिए अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हो रही है।

### सर्वाइकल कैंसरसे बचने कराएं नियमित जांच



**बरेली, अमृत विचार :** मण्डलायुक्त और आकांक्षा समिति की अध्यक्ष की अध्यक्षता में गुरुवार को भोजीपुरा के गांव पुरनापुर और सुरला में संचारी रोग नियंत्रण एवं सर्वाइकल कैंसर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। मंडलायुक्त ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है, जितनी तेजी से सर्वाइकल कैंसर बढ़ रहा है उतनी ही तेजी से महिलाओं को जागरूक करना बेहद जरूरी है। उन्होंने डेंगू, मलेरिया एवं सर्वाइकल कैंसर से संबंधित ग्रामीणों से सवाल किए, ग्रामीणों के सही उत्तर देने पर मंडलायुक्त और आकांक्षा समिति के सदस्यों ने पुरस्कृत किया ।इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं की गोदभराई तथा बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया गया। इसके बाद मंडलायुक्त ने चयनित लोगों को डेंगू -मलेरिया से रोकथाम के लिए मच्छरदानी वितरित की। डॉ .मनोज कुमार तांगड़ी ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में सबसे अधिक फैलने वाली बीमारी है। इससे बचने के लिए नियमित जांच कराए और टीकाकरण कराएं।

# पति से विवाद के बाद महिला ने खाया जहर, मौत

संवाददाता, कैंट

**अमृत विचार :** पति से हुए विवाद के बाद महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया, हालत बिगड़ने पर ससुरालियों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर कैंट पुलिस ने अस्पताल पहुंच कर शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

थाना क्षेत्र के चनेहटा निवासी संजीव पटेल की शादी तीन साल पहले थाना इज्जतनगर के गांव बैसपुर गुलड़िया निवासी भूपराम की बेटी नन्हीं देवी (25) के साथ हुई थी। मृतका के मायके वालों का आरोप है, संजीव और नन्हीं देवी में अक्सर विवाद होता रहता था। वहीं मृतका के जेठ संतोष पटेल का कहना है कि उनका भाई संजीव दो दिन से पत्नी का दिया खाना नहीं खा रहा था। बुधवार शाम को भी उसने संजीव को खाना दिया, लेकिन उसने नहीं खाया। इसी बात से क्षुब्ध होकर उसने घर में रखी गेहूं में डालने वाली दवा का सेवन कर लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर उनकी मां राजकुमारी ने उन्हें फोन कर बुलाया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया। गुरुवार सुबह 4 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका अपने पीछे डेढ़ साल के बेटे को बिलखता छोड़ गई है। इंस्पेक्टर कैंट राजेश कुमार ने बताया कि सूचना पर पहुंचकर पुलिस द्वारा शव को पंचायतनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया था। थाने पर कोई प्रार्थना पत्र नहीं दिया गया है। यदि प्रार्थना पत्र मिलता है। तो जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

### खबर सुनते ही सास को हुआ ब्रेन हैमरेज

बहू की मौत की खबर सुनकर सदमे में सास राजकुमारी (57) की हालत बिगड़ गई। बेहोशी की हालत में उसे निजी अस्पताल ले जाया गया। जांच में डॉक्टरों ने उन्हें ब्रेन हैमरेज बताया। उनका भोजीपुरा स्थित एक अस्पताल के आईसीयू में इलाज चल रहा था। हालत में सुधार न होने पर उन्हें दूसरे अस्पताल में रेफर कराया गया है। यहां भी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### भाभी ने ननद को बंधक बनाकर की मारपीट

- चार दिन तक कमरे में भूखे-प्यासा रखा, दीवार फांदकर घर से भागी किशोरी



**भमोरा, अमृत विचार :** एक महिला ने अपनी नाबालिग ननद को चार दिन तक कमरे बंधक बनाकर बेरहमी से मारपीट की, गुरुवार को वह दीवार फांदकर घर से निकली और आपबीती पड़ोसियों को बताई। पड़ोसी के साथ थाने के पहुंचकर भाभी के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। भमोरा थाना क्षेत्र के ललितापुर गांव निवासी सोनम (17) ने बताया उसके तीन भाई हैं, बड़े भाई अजय की शादी हो चुकी है, दो छोटे भाई अतुल और सुक्खू बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। उसकी मां मानसिक रूप से कमजोर हैं। पिता को एक माह पहले भाभी ने मारपीट कर घर से निकाल दिया और तभी से उसका शारीरिक और मानसिक शोषण शुरू कर दिया। पांच दिन से भाई अजय काम के सिलसिले में बाहर गए है। घर पर वह और उसकी भाभी अकेली थी। चार दिन पहले भाभी ने उसे कमरे में बंद कर लोहे के रॉड और डंडों से पीटा, इसके बाद उसे कई बार पीटा और भूखे-प्यासे रखा। गुरुवार को उसने उसे बाहर निकाला और बर्तन धुलने के लिए बैठा दिया। इस बीच मौका पाकर दीवार लांघकर पड़ोस में रहने वाली हरप्यारी घर पहुंच गई। और उनसे उसे बचा लेने की गुहार लगाई। इसके बाद वह उसे लेकर थाने पहुंचीं। गांव वालों के साथ थाने पहुंची सोनम के शरीर पर चोट के निशान देख पुलिस वाले भी परेशान हो गए। उसे तत्काल इलाज के लिए सीएचसी भिजवाया। भमोरा थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप चतुर्वेदी ने बताया कि ललितापुर गांव निवासी सोनम ने अपनी भाभी के खिलाफ चार दिनों से कमरे में बंद कर मारपीट करने की तहरीर दी है, पीड़िता को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया है जांच की जा रही है।

# तारों का जाल दे रहा है हादसे की चेतावनी

संवाददाता, बहेड़ी

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायत गिरधरपुर में बिजली व्यवस्था बदहाल है। ट्रांसफार्मर से पोलों तक लगाई गई केबिल के जल जाने से ग्रामीण सीधे ट्रांसफार्मर से केबिल जोड़ रहे है। इस कारण ट्रांसफार्मर के पास तारों का जाल बन गया है। इस वजह से हादसे की आशंका बढ़ गई है।

ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों को व्यवस्था ठीक कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिए, मगर आज तक किसी ने सुध नहीं ली। दरअसल ठेकेदार ने गांव के पश्चिम दिशा में नए पोल, नई केबिल और ट्रांसफार्मर लगाया था, जिम्मेदारों के ध्यान नहीं देने की वजह से उसने इतना घटिया काम कराया कि तीन माह में ही केबल टूटकर नीचे गिर गई। जब केबिल पूरी तरह खराब हो गई तो ग्रामीण अपने-अपने घरों की केबिलें डायरेक्ट ट्रांसफार्मर में जोड़ने लगे। इस वजह से गलियों में तारों का जाल बन गया है।


केबलों से ढका ट्रांसफार्मर।

**एसडीएम के दखल के बाद जेई पहुंचे गांव :** गुरुवार को जब एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव को गांव में खराब बिजली व्यवस्था की जानकारी हुई तो उन्होंने एसडीओ ग्रामीण को तुरंत संज्ञान लेने का आदेश दिया। इसके बाद एसडीओ ग्रामीण प्रेमचंद्र ने जेई अरविन्द कुमार को मौके पर जाकर जांच करने के आदेश दिए। बिजली की खराब व्यवस्था देखने के बाद जेई ने ग्रामीणों से जल्द व्यवस्था सही कराने का आश्वासन दिया है।

> अभी एसडीओ को मामले को अवगत करा रहे हैं। वह मौके पर जाकर जांच करने के बाद व्यवस्था ठीक करा देंगे।
>
> **-रत्निका श्रीवास्तव**, एसडीएम बहेड़ी

> मैं अभी जेई को भेजकर चेक कराता हूं कि पोलों पर तार क्यों नहीं हैं। तार जल गए है या तार पड़े ही नहीं है।
>
> **-चमन प्रकाश**, एक्सीएन बहेड़ी



गलियों में तारों के जाल लटके हैं, हर समय हादसे का डर लगा रहता है। पहले भी करंट की चपेट में आने से कई जानवरों की मौत हो चुकी है। **-मो. फुरकान**



लोगों ने 200 से 300 मीटर केबिल घरों से डाल रखी है। इतनी बुरी बिजली व्यवस्था कहीं भी नहीं है। बिल समय से जमा हो रहा है तो विभाग का भी दायित्व है कि बिजली व्यवस्था सही करना चाहिए। **-मुहीद उर्रहमान**



रोज लोगों की केबिले टूट रही हैं, वाहन चालक भी डरकर निकलते हैं, कही किसी तार से वाहन न छू जाए। दस सालों से बिजली की यही व्यवस्था है। **-अशरफ हुसैन**

## सार-संक्षेप

### मूर्तियों को नष्ट करने वाले आरोपी को जमानत देने से किया इनकार, बरेली में दर्ज हुआ था मामला

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बरेली के एक मंदिर में शिव और देवी पार्वती की मूर्तियों को नष्ट करने तथा मंदिर के पुजारी की हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि इस तरह के अपराधों को समाज में पनपने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। ऐसे लोगों के प्रति समुदाय और लोगों की भावनाओं को व्यापक नुकसान पहुंचाने की कीमत पर नरम रुख नहीं अपनाया जा सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की एकलपीठ ने आरोपी शाहरुख को जमानत देने से इनकार करते हुए पारित किया। याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि अभियुक्त को मामले में झूठा फंसाया गया है और वह जुलाई 2024 से जेल में निरुद्ध है। उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। अभियुक्त पर इस वर्ष सावन के पवित्र महीने में शिव और देवी पार्वती की मूर्तियों को नष्ट करने का आरोप है, साथ ही सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने के उद्देश्य से आरोपी और उसके सह- आरोपियों ने मंदिर के पुजारी पर चाकू से हमला किया। सभी आरोपियों पर पुलिस स्टेशन इज्जतनगर, बरेली में मामला दर्ज किया गया था।

### महिला ने पुलिस चौकी के बाहर लगाई आग

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में प्रेमी ने शादी करने से मना किया तो क्षुब्ध होकर विधवा महिला ने गुरुवार को डीजल डालकर खुद को आग लगा ली और चौधरी सराय पुलिस चौकी में घुस गई। महिला को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया है। एसपी का कहना है कि आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई थी। सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चौधरी सराय निवासी नाजिया (32 वर्ष) के पति दिलशाद की तीन वर्ष पहले मौत हो चुकी है। नाजिया के पास तीन बच्चे हैं। दिलशाद की मौत के बाद करीब दो साल से मुहल्ले के ही युवक से नाजिया का प्रेम प्रसंग चला आ रहा है। नाजिया का कहना है कि युवक ने शादी का भरोसा देकर अनेक बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये मगर अब शादी करने से मना कर दिया। नाजिया गुरुवार को शाम चार बजे पुलिस चौकी चौधरी सराय पहुंची थी। झुलसी नाजिया को पहले जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां से गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने कहा कि घटना से एक घंटा पहले लगभग 3 बजे महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया था।

### दो तस्कर गिरफ्तार, पांच कछुए बरामद

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत कटरा पुलिस ने कमलापुर नहर की पटरी के पास से दो अभियुक्तों को कार समेत गिरफ्तार करके उनके कब्जे से पांच कछुए बरामद किए है। पकड़े गए अभियुक्त उत्तराखंड के रहने वाले है। कटरा प्रभारी निरीक्षक ओमशंकर शुक्ला को गुरुवार सुबह साढ़े दस बजे सूचना मिली कि कमलापुर नहर की पटरी के पास दो लोग खड़े है, जो नहर से कछुए पकड़ रहे है। पुलिस ने घेराबंदी करके दोनों अभियुक्तों को कार समेत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से पांच जीवित कछुए बरामद किए है। पकड़े गए अभियुक्त सुखदेव मंडल निवासी जगतपुर जिला उधमसिंह नगर व सागर विश्वास निवासी जगतपुर रुद्रपुर जिला उधम सिंह नगर है। पुलिस ने कार को सीज कर दिया।

### 7 करोड़ की ठगी करने का आरोपी जालसाज जेल भेजा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** दो साल पहले रुपये दोगुना करने का झांसा देकर करीब सात करोड़ रुपये की ठगी करने वाला जालसाज पुलिस के हत्थे चढ़ा है। पुलिस ने आरोपी को कस्टडी में लेने के बाद पूछताछ की। इसके बाद आरोपी का चालान कर कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है। पुलिस का तर्क है कि इस ठगी का वह स्वयं ही मास्टरमाइंड था। बता दें कि सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती के रहने वाले आकाश पुत्र मिश्रीलाल ने वर्ष 2022 जुलाई में गांधी स्टेडियम रोड पर एक चिटफंड कंपनी का कार्यालय खोला था। इसके बाद लोगों को रुपये दोगुना करने का झांसा देकर जाल में फंसाता चला गया। लोगों की मानें तो करीब जिले से उसने 10 करोड़ से अधिक रुपये एकत्र करने के बाद अक्टूबर 2023 में कार्यालय बंद कर दिया और फरार हो गया।

### ईडी ने साईं कंस्ट्रक्शन एंड बिल्डर्स के संचालक गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** ईडी ने साईं कंस्ट्रक्शन एंड बिल्डर्स के संचालक राजीव त्यागी को बुधवार देर रात को गिरफ्तार कर लिया। उनको लखनऊ जोनल कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। जहां जांच में सहयोग न करने पर गिरफ्तार कर लिया गया। राजीव त्यागी पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का 22 करोड़ रुपये हड़पने का मामला दर्ज है। जिसकी जांच ईडी कर रही है। गुरुवार को आरोपी राजीव को गाजियाबाद के विशेष अदालत में पेश किया गया। ईडी अधिकारियों ने पूछताछ के लिए कोर्ट से रिमांड मांगी। इस पर कोर्ट ने 24 अक्टूबर तक ईडी की कस्टडी में दे दिया गया है।

# तीन लाख के नकली नोट के साथ 2 युवक गिरफ्तार

## उन्नाव पुलिस, एसओजी ने किए बरामद, लखनऊ में छापते थे नोट

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



- प्रिंटर, वाईफाई मोडम, मानिटर और सीपीयू आदि बरामद
- लखनऊ के हाजी सलीम काम्प्लेक्स में छापते थे जालसाज

**अमृत विचार:** औरास पुलिस और एसओजी ने एक कार में छिपाकर ले जाए जा रहे करीब तीन लाख के जाली नोट व नोट छापने के उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस ने साथ ही दो युवकों को गिरफ्तार किया है। बरामद जाली नोट 100 और 500 के हैं। युवकों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वे लखनऊ के हाजी सलीम काम्प्लेक्स में जाली नोट छापने का काम करते थे।

पुलिस गिरोह के बारे में और जानकारी जुटा रही है। उन्नाव एसपी दीपक भूकर ने बताया कि औरास पुलिस व एसओजी को सूचना मिली थी कि क्षेत्र में जाली नोटों को खपाने का कारोबार चल रहा है। इसके चलते पुलिस चेकिंग कर रही थी। पुलिस टीम ने औरास में एक संदिग्ध कार को रोककर तलाशी ली तो कार में डेस्क बोर्ड से 100 रुपये के 988 जाली नोट बरामद हुए। कार की डिग्गी में एक प्रिंटर, वाईफाई मोडम, एक मानिटर, एक सीपीयू, एक पेपर कटर, एक लैपटाप आदि बरामद हुए। पुलिस ने कार सवार मो. शोएब पुत्र मो. शरीफ निवासी गांव तिलोइया कला थाना संडील हरदोई व फुरकान निवासी तकिया रहीमाबाद थाना रहीमाबाद लखनऊ को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 500 रुपये के 394 जाली नोट व दो मोबाइल फोन भी बरामद किये।

### जफर से बना राज छात्रा को फंसाया

**कानपुर, अमृत विचार:** बिधनू थाना क्षेत्र के एक गांव में 11वीं की छात्रा के साथ लव जिहाद का मामला सामने आया है। यहां गैर समुदाय के एक युवक ने नाम बदलकर 17 वर्षीया छात्रा से पहले दोस्ती की और फिर कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर उसका अश्लील वीडियो बनाया। इसके बाद वीडियो दिखाकर छात्रा पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाया। छात्रा के विरोध करने पर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। छात्रा के पिता ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। छात्रा के मुताबिक कुछ महीने पहले मझावन निवासी जब्बार के बेटे जफर ने अपना नाम राज बताकर उससे दोस्ती की। दोस्ती होने के बाद जफर स्कूल में छुट्टी के बाद उसे घर छोड़ने के बहाने अंजान जगह ले गया था।

# कानपुर के एचबीटीयू में रैगिंग 8 सीनियर छात्रों पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीनियरों ने बर्थडे पार्टी में बुलाकर पीटा

**अमृत विचार:** नवाबगंज थानाक्षेत्र में हरकोर्ट बटलर प्रौद्योगिकी विवि (एचबीटीयू) के जूनियर बीटेक छात्र ने सीनियर्स पर बर्थडे पार्टी में बुलाकर रैगिंग करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने आठ सीनियर बीटेक छात्रों पर संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

जय साक्षी अपार्टमेंट नवाबगंज निवासी गौरव चौहान ने पुलिस को बताया कि 16 अक्टूबर को रात 12:38 पर उसके दोस्त यशविंदर सिंह (बीटेक तृतीय वर्ष) के मोबाइल पर सीनियर गोविन्द सिंह (बीटेक फाइनल) का फोन आया। उसने कहा कि तुम और गौरव चौहान धीर शशीकान्त शर्मा को लेकर एचबीटीयू के अब्दुल कलाम हॉस्टल में मेरी बर्थडे पार्टी मनाने के लिए आ जाओ। इस पर यशविन्दर, गौरव तथा धीर हॉस्टल पहुंचे। वहां पर सीनियर गोविन्द, निश्चल निगम, हर्ष मधेशिया तथा अभय सोनकर आदि मिले। हॉस्टल की छत पर पार्टी चल रही थी। पार्टी के दौरान सीनियर्स अमन सिंह, अमन कुशवाहा आदि ने जूनियर धीर, शशिकान्त शर्मा, यशविन्दर सिंह व गौरव चौहान से कपड़े उतारने को कहा। मना करने पर सीनियर्स ने तीनों जूनियर्स को लात-घूंसों से मारा। पीड़ित गौरव चौहान की तहरीर पर रिपोर्ट लिखाई गई है।

### बुलंदशहर के चर्चित हत्याकांड के 6 आरोपी बरी

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बुलंदशहर के चर्चित हत्याकांड में चार लोगों की हत्या के 6 आरोपियों की उम्रकैद की सजा को रद्द करने के साथ ही उन्हें दोषमुक्त करते हुए बरी कर दिया। गवाहों के बयान और साक्ष्यों में भिन्नता के कारण न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की खंडपीठ ने वेद उर्फ वेदपाल, गंगा, जगन, प्यारे, राकेश और बबलू उर्फ बलुआ की अपील को स्वीकार कर लिया। अभियुक्तों के खिलाफ बुलंदशहर के पुलिस स्टेशन डिबाई में 25 मई 2004 को मृतक दिनेश के पुत्र बंटी ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया था कि पुरानी रंजिश के चलते रात में ट्यूबवेल पर सो रहे परिवार के कुंवर सिंह, संतोष, दिनेश और जालिम सिंह की हत्या कर दी गई।

# कटघर में महिला की सिर कटी लाश व बच्चे का शव मिला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र के अंतर्गत महिला की गला काटकर हत्या कर दी गई। महिला का शव गुरुवार को देवापुर के जंगल में कल्याणपुर जाने वाले चकरोड के पास रामगंगा नदी के पास मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर छानबीन शुरू की तो शव से लगभग 25-30 मीटर दूर सिर बरामद हुआ।

इस दौरान फोरेंसिक टीम साक्ष्य संकलन में जुटी थी, तभी करीब 200 मीटर दूर एक बच्चे का शव और मिला। बच्चे के शरीर पर सिर्फ अंडरवीयर है। दोनों ही शवों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। थाना कटघर क्षेत्र में गांव देवापुर के जंगल में गुरुवार को दिन में खेतों पर जा रहे ग्रामीणों ने दुर्गंध महसूस होने पर नदी की ओर जाकर देखा तो वहां झाड़ियों में महिला का सिर कटा शव पड़ा था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना कटघर थाना पुलिस को दे दी। पुलिस ने शव के पास जाकर देखा तो शव बुरी तरह से क्षत-विक्षत था। दौरान शव से लगभग 25-30 मीटर दूर महिला का सिर बरामद हुआ। सीओ कटघर ने बताया कि मृतक महिला की उम्र 30 से 35 साल के बीच की हो सकती है। जो सिर मिला है उसे देख कर लग रहा है कि हत्या करने के बाद उसे जलाने का प्रयास किया गया है। उधर पुलिस अभी जांच-पड़ताल कर ही रही थी कि महिला के शव से लगभग 200 मीटर दूर कल्याणपुर बाईपास पुल के पास एक बच्चे का शव बरामद हुआ। बच्चे की उम्र 7 से 9 साल के बीच होने का अनुमान है।

### रिश्ते के मामा ने भांजी के साथ किया दुराचार

**कानपुर, अमृत विचार :** रेवना थाना क्षेत्र के एक गांव में मौसी के घर आई युवती के साथ रिश्ते के मामा ने कमरे में बंधक बनाकर दुष्कर्म किया और धमकी देकर निकल भागा। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया है। रेवना थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवती अपनी मौसी के घर आई थी। मौसी और घर के अन्य लोग काम पर बाहर चले गए। घरवालों के बाहर जाने के बाद युवती मौसी के घर में अकेली थी, तभी मौका पाकर मौसी के रिश्ते में लगने वाले भाई निशांत पुत्र जगदीश घर में घुस आया और उसे कमरे में बंधक बना लिया। इसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया।


**बीसलपुर किसान सहकारी चीनी मिल लि0, बीसलपुर (पीलीभीत)**

पत्रांक- बी.के.एस./क्रय/2024-25/1532 — **ई-निविदा सूचना** — दिनांक- 17.10.2024

इस मिल समिति में वर्ष 2024-25 मे निम्नलिखित सामनों / कार्यो हेतु अनुभवी पार्टियों से ई-निविदायें अंकित तिथि तक एवं अंकित धरोहर राशि जमा करने के उपरांत आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा की नियम एवं शर्तें व विस्तृत विवरण से एवं संघ कार्यालय लखनऊ की वेबसाइट www.upsugarfed.org से डाउनलोड की जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य विवरण | निविदा लोड करने की तिथि सायं 6:55 बजे तक | निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि सायं 6:55 बजे तक | टेक्नीकल बिड खोलने की तिथि अपरान्ह 12:00 बजे | कामर्शियल बिड की तिथि अपरान्ह 03:00 बजे | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मिल के चार गन्ना क्रय केन्द्रों यथा, सुहेला प्रथम, सुर्रासकतपुर, बरसिया व बैरा से गन्ना परिवहन कार्य। | 19.10.2024 | 25.10.2024 | 26.10.2024 | 26.10.2024 | 25000/- प्र. क्रय केन्द्र |
| 2. | वर्ष 2020-21 की 2230 कु. बी.आई. एस.एस. शुगर बिक्री कार्य। | 19.10.2024 | 25.10.2024 | 26.10.2024 | 26.10.2024 | 55750/- |
| 3. | वर्ष 2021-22 की 3817 कु. बी.आई. एस.एस. शुगर बिक्री कार्य। | 19.10.2024 | 25.10.2024 | 26.10.2024 | 26.10.2024 | 95425/- |
| 4. | वर्ष 2023-24 की 4000 कु. ब्राउन शुगर बिक्री कार्य। | 19.10.2024 | 25.10.2024 | 26.10.2024 | 26.10.2024 | 100000/- |
| 5. | केन फीडिंग कार्य (पटला) | 19.10.2024 | 25.10.2024 | 26.10.2024 | 26.10.2024 | 10000/- |
| 6. | वाहय क्रय केन्द्रों का फाउन्डेशन कार्य | 19.10.2024 | 25.10.2024 | 26.10.2024 | 26.10.2024 | 10000/- |
| 7. | तीनों व्यायलरों के फर्नेस, चैम्बर एवं वैट स्कवर के ऐश पौण्ड में एकत्रित राखी को हटाने संबंधी कार्य। | 19.10.2024 | 25.10.2024 | 26.10.2024 | 26.10.2024 | 25000/- |
| 8. | कम्प्यूटर हार्डवेयर ए.एम.सी. कार्य एवं स्पेयर्स की आपूर्ति। | 19.10.2024 | 25.10.2024 | 26.10.2024 | 26.10.2024 | 5000/- |

अधोहस्ताक्षरी को निविदा की शर्तो में परिवर्तन करने एवं बिना कारण बताये एक या समस्त ई-निविदायें निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

डॉ. हरी कृष्ण गुप्ता
प्रधान प्रबन्धक


## उत्तराखंड

# गुलदार ने नानकमत्ता में किशोर व बागेश्वर में बालिका को मार डाला

संवाददाता, नानकमत्ता/बागेश्वर


गुरप्रीत सिंह


योगिता

**अमृत विचार :** नानकमत्ता क्षेत्र में रनसाली रेंज से सटे एक गांव में गुलदार ने हमला कर घर के आंगन में खेल रहे किशोर को मार डाला। वहीं बागेश्वर में धरमघर रेंज के पास स्थित गांव से परिजनों के बीच खेल रही बालिका को गुलदार उठा ले गया। बालिका का शव घर से 50 मीटर दूर झाड़ियों से बरामद हुआ।

नानकमत्ता में तराई पूर्वी वन प्रभाग रनसाली रेंज के जंगल से सटे विचुवा भूड़ गांव निवासी कुलविन्दर सिंह का 13 वर्षीय पुत्र गुरप्रीत सिंह अपने दो छोटे भाइयों के साथ घर के पास खेल रहा था। पास में ही कुलविन्दर सिंह झाड़ियां साफ कर रहे थे। इसी दौरान गन्ने के खेत से अचानक आए गुलदार ने गुरप्रीत पर हमला कर दिया। ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत के बाद गुरप्रीत को गुलदार से छुड़ाया। तत्काल घायल किशोर को सितारगंज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर, बागेश्वर जिले के धरमघर रेंज के अंतर्गत सानिउडियार गांव में गुलदार आंगन में खेल रही तीन साल की बालिका को उठा ले गया।

रवि उप्रेती की पत्नी व मां घर के आंगन में घास काट रहे थे, पास में ही उसकी तीन वर्षीया पुत्री योगिता खेल रही थी। तभी आसपास घात लगाए बैठा गुलदार झपटकर योगिता को उठा ले गया। गुलदार के हमले बालिका की मां व दादी घबराकर बेसुध हो गईं। घर से करीब 50 मीटर दूर बालिका का शव झाड़ियों के बीच मिला।

### प्राइवेट माइनिंग कंपनी के विरोध में उतरे हजारों लोग

**बाजपुर, अमृत विचार :** प्राइवेट माइनिंग कंपनी हटाओ उत्तराखंड बचाओ नारे के साथ बाजपुर में जन सैलाब सड़कों पर उतर आया। उन्होंने कंपनी के विरुद्ध जोरदार नारेबाजी एवं प्रदर्शन करते हुए नगर में जुलूस निकाला। साथ ही मुख्यमंत्री को सात सूत्रीय मांगपत्र प्रेषित करते हुए 25 अक्टूबर से आरपार की लड़ाई का ऐलान किया। गुरुवार को हजारों की संख्या में खनन कारोबार से जुड़े ट्रांसपोर्टर, श्रमिक एवं कारोबारी कृषि उत्पादन मंडी समिति में एकत्र हुए, जहां से जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए एसडीएम दफ्तर जा पहुंचे और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी को सौंपा। ज्ञापन में किसान के खेत की मिट्टी को प्राइवेट माइनिंग कंपनी से मुक्त करवाने एवं अनुमति की रॉयल्टी का शुल्क कम कर पूर्व की भांति 8 रुपये प्रति घनमीटर करने, मिट्टी की अनुमति 100 से 500 घनमीटर तक पूर्व की भांति तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारी की ओर से जारी करने, किसान के खेत की मिट्टी उत्तर-प्रदेश से उत्तराखंड लाने पर कोई शुल्क व रोक नहीं लगाने, कंपनी की ओर से आरबीएम पर कोई रोक न लगाने तथा कंपनी के कर्मचारी अपने चेकपोस्ट पर ही रेता-बजरी पक्के माल की रायल्टी चेक करने की मांग की गई है।

### झांसा देकर क्रेडिट कार्ड से निकाले 1.27 लाख

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** आरबीएल कस्टमर केयर का कर्मचारी बताकर एक व्यक्ति के आरबीएल क्रेडिट कार्ड से लाखों रुपये निकाले जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना ट्रांजिट कैंप के फुलसूंगा निवासी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि 18 सितंबर को उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति की कॉल आयी जो खुद को आरबीएल क्रेडिट कार्ड कस्टमर केयर का कर्मचारी बता रहा था। उन्होंने बताया कि क्रेडिट कार्ड पर 2200 रुपये में स्वास्थ्य बीमा हो रहा है। यदि हेल्थ इंश्योरेंस करने पर लिंक पर क्लिक कर दिया तो थोड़ी देर बाद ही वीडियो कॉल से एक व्यक्ति ने बातचीत की और तीन बार उसके खाते से भुगतान हो गया। इसके अलावा उसके अन्य बैंक खातों के क्रेडिट से भी कई बार भुगतान हुए। जिसके आधार पर उसके आरबीएल क्रेडिट कार्ड से 1.27 लाख रुपये की धनराशि की निकासी हुई। मोबाइल पर मैसेज आने पर जब कॉलर को कॉल किया तो मोबाइल बंद आने लगा। जिसके बाद ही साइबर ठगी का पता चला।

### मसूरी आईएएस अकादमी में मिला युवक का शव

**देहरादून, अमृत विचार :** मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में कार्यरत एक युवक का शव स्टाफ कमरे में मिलने से सनसनी फैल गई। खास बात है कि मृतक युवक ने महिला की वेशभूषा में था और मेकअप के साथ ही साड़ी पहन रखी थी। प्रथम दृष्ट्या पुलिस इसे आत्महत्या मान रही है।पुलिस के मुताबिक पौड़ी गढ़वाल के श्रीनगर के ग्राम उफल्डा निवासी अनुकूल रावत पुत्र विपेंद्र सिंह रावत (22) मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में मल्टी टास्क डिपार्टमेंट में कार्यरत था। जो बुधवार देर शाम ड्यूटी खत्म कर कमरे पर गया था, लेकिन गुरुवार सुबह काम पर नहीं आया। सहयोगियों ने उसे आवाज दी, लेकिन कमरे से कोई जवाब नहीं मिला।


**पब्लिक नोटिस**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेंस लि. शाखा द्वितीय तल बालाजी ईएनटी क्लीनिक कच्चा कटरा रोड शाहजहांपुर से सत्यपाल शर्मा पुत्र सेवाराम शर्मा व श्रीमती अर्चना शर्मा पत्नी सत्यपाल शर्मा निवासीगण ग्राम सरोवर नगर उर्फ भुरसण्डी पोस्ट राईखेड़ा तहसील सदर जिला शाहजहांपुर एक किता मकान तादादी 70.28 वर्गमी. जो गाटा सं 109 का जुज है वाकै मोहल्ला ग्राम अजीजगंज परगना जमौर तहसील सदर जिला शाहजहांपुर जिसकी चौहददी पूरब में मकान माया जोशी, पश्चिम में रास्ता 10 फिट सी.सी. रोड, उत्तर में मकान अशोक कन्नौजिया व दक्षिण में मकान अजीत यादव है को बंधक रखकर मेरे मुवक्किल से ऋण ले रहे है उक्त प्लाट को सत्यपाल शर्मा आदि ने घुरई से द्वारा बैनामा क्रय किया है जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 08.02.2012 को श्रीमान स.र. सदर शाहजहांपुर में बही सं. 1 जिल्द 7371 के पृष्ठ 39 से 68 तक क्रमांक 1462 पर हुई है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति /संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस के 07 दिन के अन्दर मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेंस लि0 शाखा शाहजहांपुर पर या मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है उक्त समयावधि बीत जाने के उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा सत्यपाल शर्मा आदि के पक्ष में ऋण जारी कर दिया जायेगा।

मुनीश कुमार सक्सेना (एडवोकेट)
चैम्बर नं. 27 न्यू बिल्डिंग बंगलिया
सिविल कोर्ट, बरेली सूचीबद्ध अधिवक्ता:- हिन्दुजा हा.फा.लि., शाहजहांपुर
मो. 9997389012



**इश्तहार मुजरिया**

**न्यायालय अपर उपजिलाधिकारी, सदर, बरेली**
**वाद संख्या-टी. 20241213010 7604 सन् 2024**
**लल्ला खां पुत्र कुतुब खां निवासी ग्राम अभयपुर केशोंपुर, तहसील व जिला बरेली।........वादी**
**बनाम**

1. मुस्तरी व्यस्क पत्नी नौशे खां 2. ईनस खां व्यस्क पुत्र नौशे खां 3. रूकसाना व्यस्क पत्नी शाहमत खां 4. मैसर खां व्यस्क पुत्र नौशे खां 5. सारून खां व्यस्क पुत्र शाहमत खां 6. हारून खां व्यस्क पुत्र शाहमत खां 7. श्रीमती सकीला बेगम व्यस्क पत्नी स्व. सरवर खां 8. नरवर खां व्यस्क पुत्र सरवर खां 9. ताहिर खां व्यस्क पुत्र सरवर खां 10. अफसर खां व्यस्क पुत्र सरवर खां 11. नन्हें खां व्यस्क पुत्र कुतुब खां 12. भोले खां व्यस्क पुत्र कुतुब खां 13. मुन्ने खां व्यस्क पुत्र बन्ने खां 14. अनवर खां व्यस्क पुत्र बन्नें खां 15. राजा खां व्यस्क पुत्र बन्ने खां 16 शाहनूर खां व्यस्क पुत्र बन्ने खां 17. सलमान खां व्यस्क पुत्र बन्ने खां 18. श्रीमती हमसीरन व्यस्क पत्नी बन्ने खां 19. मुस्तरी पत्नी स्व. लाजम खां 20. जाबिर पुत्र स्व. लाजम खां 21. शमसू पुत्र स्व.लाजम खां 22 फिरोज पुत्र स्व. लाजम खां 23. हाकिम खां व्यस्क पुत्र रसूल खां 24. मोहम्मद उमर खां व्यस्क पुत्र रसूल खां 25. दूल्हें खां व्यस्क पुत्र इमाम खां 26. नासिर खां व्यस्क पुत्र इमाम खां 27 नादिर खां व्यस्क पुत्र इमाम खां 28. साबिर खां व्यस्क पुत्र इमाम खां 29. अख्तर खां वयस्क पुत्र इमाम खां, 30. नन्हिया व्यस्क पत्नी श्री असगर खां 31.नसरीन बानों व्यस्क पुत्री जीशान खां 32. इसरार खां व्यस्क पुत्र जीशान खां 33 इमरान खां व्यस्क पुत्र असगर खां 34. रिजवान खां व्यस्क पुत्र जीशान खां 35. मोहम्मद अलतमस नाबालिग पुत्र जीशान खां 36. कु. निशा पुत्री जीशान खां, 37. मनतशा नाबालिग पुत्री जीशान खां, समस्त निवासीगण अभयपुर केशोंपुर तहसील व जिला बरेली 38. ग्रामसभा द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत अभयपुर केशोंपुर पर. तह. व जिला बरेली में कुरा बटवारा हेतु प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा-116 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता माननीय न्यायालय में दाखिल किया है व विपक्षी रिश्तेदार बनाम खास व आम को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त याचिका में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह नियत दिनांक 25.10.24 को माननीय न्यायालय के समक्ष सुबह 10 बजे स्वयं व अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत होकर अपन जबाव दाखिल करें अन्यथा प्रार्थना पत्र की सुनवाई एक पक्षीय कर दी जायेगी बाद में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

यह नोटिस आज दिनांक 15.10.2024 मेरे दस्तखत व मुहर अदालत से जारी किया गया है।

**अपर उपजिलाधिकारी सदर, बरेली।**



**कार्यालय ग्राम पंचायत बिहारीपुर, विकास खंड बहेड़ी, जनपद बरेली**

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेस-2 योजनान्तर्गत ठोस-तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एम.एल.डब्लू.एम.) के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), 15वां वित्त आयोग, ग्राम निधि व मनरेगा की धनराशि 350812/- रूपये द्वारा निम्न कार्यो की सामग्री आपूर्ति करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1 | ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन | (1) सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा/कम्पोस्ट पिट। (2) कचरा वाहन (साईकिल रिक्शा/ई-रिक्शा)। (3) एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र (आर.आर.सी.सेंटर) (4) सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सिरेटर (भस्मक) (5) सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग | गुणवत्ता युक्त ईट, रोड़ी, सरिया, रेता, बजरी, बजरफुट, आयरन, एंगल, टीन शेड, ई-रिक्शा/ साईकिल रिक्शा, पी.वी.सी. पाइप हैण्डपम्प मरम्मत, दीवार चित्रण आदि कार्यो से संबंधित सामग्री। |
| 2 | तरल अपशिष्ट प्रबंधन (ग्रे-वाटर मैनेजमेन्ट) | (1)- सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोक पिट (2)- फिल्टर चैम्बर (तालाबों/जलाशयों पर)। (3)- वेस्ट स्टेबलाईजेशन पौंड (डब्लू.एस.पी.) | |

उपरोक्त कार्यो को कराने के लिए सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु अनुभवी संस्था के चयन के लिए अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदादाताओं को जी.एस.टी. फर्म का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की छायाप्रति संलग्न करनी होगी व निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा। सामग्री की मात्रा घट-बढ़ सकती हैं। निविदा सूचना दिनांक 18.10.2024 से 19.10.2024 समय अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जा रही है एवं उसी दिन सायं 04 बजे खोली जायेगी।

तस्लीम अहमद-ग्राम प्रधान — ओमेंद्र कुमार-सचिव



**कार्यालय ग्राम पंचायत जसाई नागर, विकास खंड बहेड़ी, जनपद बरेली**

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेस-2 योजनान्तर्गत ठोस-तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एम.एल.डब्लू.एम.) के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), 15वां वित्त आयोग, ग्राम निधि व मनरेगा की धनराशि 491400/- रूपये द्वारा निम्न कार्यो की सामग्री आपूर्ति करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1 | ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन | (1) सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा/कम्पोस्ट पिट। (2) कचरा वाहन (साईकिल रिक्शा/ई-रिक्शा)। (3) एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र (आर.आर.सी.सेंटर) (4) सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सिरेटर (भस्मक) (5) सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग | गुणवत्ता युक्त ईट, रोड़ी, सरिया, रेता, बजरी, बजरफुट, आयरन, एंगल, टीन शेड, ई-रिक्शा/ साईकिल रिक्शा, पी.वी.सी. पाइप हैण्डपम्प मरम्मत, दीवार चित्रण आदि कार्यो से संबंधित सामग्री। |
| 2 | तरल अपशिष्ट प्रबंधन (ग्रे-वाटर मैनेजमेन्ट) | (1)- सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोक पिट (2)- फिल्टर चैम्बर (तालाबों/जलाशयों पर)। (3)- वेस्ट स्टेबलाईजेशन पौंड (डब्लू.एस.पी.) | |

उपरोक्त कार्यो को कराने के लिए सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु अनुभवी संस्था के चयन के लिए अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदादाताओं को जी.एस.टी. फर्म का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की छायाप्रति संलग्न करनी होगी व निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा। सामग्री की मात्रा घट-बढ़ सकती हैं। निविदा सूचना दिनांक 18.10.2024 से 19.10.2024 समय अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जा रही है एवं उसी दिन सायं 04 बजे खोली जायेगी।

आदित्य प्रताप सिंह-ग्राम प्रधान — ओमेंद्र कुमार-सचिव



**कार्यालय जिला पंचायत शाहजहांपुर**

पृ.सं.:- सी-475/जि.पं.-नि.अनु./2023-24 — दिनांक: 17.10.2024

**ई-निविदा सूचना**

संशोधित निर्माण नियमावली 1984 के अनुसार जिला पंचायत, सिचाई विभाग एवं लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है की जिला पंचायत शाहजहांपुर द्वारा अपने शासकीय अनुदान से अनुमोदित कार्य योजना में से 05 अदद कार्यो की अलग अलग ई-निविदा दिनांक 06.11.2024 को 5:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं । www.etender.up.nic.in पर ई-निविदा अपलोड/डाउनलोड की जा सकती है। ई-निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 07.11.2024 को 10:00 AM से टेंडर समिति के समक्ष खोली जायेंगी ई-निविदा की शर्ते निम्न्वत्त हैं।

1- टेंडर के साथ रजिस्ट्रेशन का प्रमाण, चरित्र प्रमाण पत्र ,हैसियत प्रमाण पत्र , पेन कार्ड , 65 सर्टिफिकेट , लेबर पंजीकरण, घोषणा पत्र, टेंडर शुल्क एवं अर्नेस्टमनी की प्रति संलग्न करना अनिवार्य हैं। निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त इसकी एक हार्ड कापी कार्यालय में जमा करनी होगी।

2- टेंडर शुल्क "बडौदा उ.प्र. ग्रामीण बैंक" के खाता संख्या "56370100007586" आईएफएससी कोड -BARB0BUPGBX में आरटीजीएस अथवा DD के रूप में जमा किया जायेगा।

3- 2 प्रतिशत अर्नेस्टमनी बडौदा उ.प्र. ग्रामीण बैंक में अथवा FD/NSC जो अपर मुख्य अधिकारी के पद नाम से बंधक हों संलग्न करना होगा।

4- अपूर्ण या सशर्त ई-निविदाओं पर कोई विचार नही कीया जायेगा।

5- सार्वजनिक निर्माण कार्यो में प्रयुक्त होने वाले उप खनिजों पर रायल्टी का भुगतान सुनिश्चित किये जाने विषयक भूतत्व एवं खनिज कर्म विभाग द्वारा समय-समय पर निर्गत शासनादेशों का अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा।

6- पंजीकृत ठेकेदार को ठेका दिए जाने के पश्चात कभी भी यह संज्ञान में आता है की वह ठेकेदार सक्रीय रूप से माफिया गतिविधियों , आसामाजिक कार्यो एवं संगठित आपराधिक गतिविधियों में लिप्त है तो उसे प्रदान किया गया कार्य का ठेका नोटिस जारी कर सक्षम प्राधिकारी द्वारा ठेका निरस्त कर दिया जावेगा एवं इस आशय का शपथपत्र 100 के स्टैम्प पर टेन्डर के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

7. प्रत्येक निविदा के साथ जिला पंचायत शाहजहांपुर में पंजीयन नवीनीकरण की रसीद/पंजीकरण प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

8- निविदा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का सर्वाधिकार मा. अध्यक्ष जिला पंचायत शाहजहांपुर में निहित होगा ।

आमंत्रित निविदाओं के कार्यादेश धनराशि की उपलब्धता के आधार पर जारी किये जायेंगे।

| क्र. सं. | ब्लाक | कार्य का नाम | टेन्डर लागत लाख में without GST | जमानत राशि | निविदा शुल्क | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भावलखेड़ा | बांडी गांव बस्ती से तालाब तक नाला | 21.18 | 39220 | 1200 | 6 माह |
| 2. | बंडा | रनमस्तपुर में बाबूराम के खेत से खुमरूआ तालाब तक अवशेष नाला। | 12.90 | 36340 | 1200 | 6 माह |
| 3. | मिर्जापुर | कवरा सलेमपुर पूर्वी में दलवीर के घर से मोरपाल के घर तक नाला निर्माण। | 13.86 | 35000 | 1200 | 6 माह |
| 4. | भावलखेड़ा | नियामतपुर से तालाब तक में नाली निर्माण। | 17.00 | 42320 | 1200 | 6 माह |
| 5. | ददरौल | लालपुर में ददरौल मोड़ तक नाला। | 21.10 | 42020 | 1200 | 6 माह |

संजय सिन्हा
अभियन्ता
जिला पंचायत, शाहजहांपुर

संतोष कुमार सिंह
अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, शाहजहांपुर

अनिर्वेदः श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च ।
महान् भवत्यनिर्विण्णः सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहनेवाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।

## संपादकीय

# कथनी-करनी का अंतर

कनाडा के साथ मौजूदा कूटनीतिक विवाद ट्रूडो सरकार के निराधार आरोपों के कारण उत्पन्न हुआ है। गुरुवार को भारतीय अधिकारियों ने अपने राजनयिकों के खिलाफ झूठे आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कनाडा ने भारतीय अपराधियों को शरण देने और उन पर कानूनी कार्यवाही के लिए प्रत्यर्पण के अनुरोधों को लटकाकर रखा। कनाडा के प्रधानमंत्री की कथनी और करनी में अंतर है, जो ट्रूडो सरकार के राजनीतिक एजेंडे को प्रतिबिंबित करता है। गौरतलब है कि जून 2023 में खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। वह भारत में वांछित था। कनाडा पुलिस ने अपने शक का ब्योरा दिया कि भारतीय राजनयिक किसी न किसी तरह एक भारतीय आपराधिक नेटवर्क के साथ संलिप्त थे, जिसे वे इस हत्या के लिए, साथ ही कुछ भारतीय आप्रवासियों को निशाना बनाने के लिए जिम्मेदार मानते हैं। यानी कनाडाई विदेश मंत्रालय ने मामले में भारतीय राजनयिकों पर राजनीतिक दखल अंदाजी का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ट्रूडो ने कहा कि कनाडा की धरती पर किसी नागरिक की हत्या करवाने में विदेशी सरकार का शामिल होना, हमारे देश की संप्रभुता का उल्लंघन है। निज्जर की हत्या मामले में भारत ने कनाडा के आरोपों पर अपनी ओर से स्थिति स्पष्ट कर दी। इसके बावजूद कनाडा ने लगाए आरोपों को लेकर अभी तक कोई सबूत नहीं दिया है। इस मामले में कनाडा को सबूत पेश करने चाहिए थे या फिर राजनयिकों पर आरोप लगाना बंद करते। कनाडा के प्रधानमंत्री के बयानों के बारे में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा भारत 'वन इंडिया' यानी एक भारत की नीति में विश्वास करता है, लेकिन अभी तक भारत ने देश विरोधी तत्वों के खिलाफ जो कार्रवाई का अनुरोध किया है, उस पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

भारत ने अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर भारतीय राजनयिकों और समुदाय के नेताओं को डराने के लिए हिंसक चरमपंथियों व आतंकवादियों को जगह मुहैया कराने का आरोप कनाडाई सरकार पर भी लगाया। ऐसे में भारत ने कनाडा के राजनियकों को निष्काषित कर सही कदम उठाया है। महत्वपूर्ण है कि भारत ने आगे की कार्रवाई का अधिकार सुरक्षित रखा है, जिसका मतलब वीजा में बड़ी कटौती और सीधे यात्रा संपर्कों में कमी आना हो सकता है। अब भारत को न सिर्फ कूटनीति बल्कि देश की छवि पर अपने अगले कदमों के असर के बारे में सावधानी से सोचना चाहिए। सबसे बढ़कर यह कि भारत को कनाडा की ओर से जवाबदेही सुनिश्चित किए जाने का अंतर्राष्ट्रीय अभियान तेज करना चाहिए।

# उत्तर प्रदेश बनेगा 'जीरो पावर्टी स्टेट'



डा. रविशंकर पांडेय
सेवानिवृत्त पीसीएस, लखनऊ

ऐसी स्थिति में देखा गया है कि किसी व्यक्ति की गरीबी में कई तरह के आर्थिक और सामाजिक कारक जिम्मेदार होते हैं तथा अलग-अलग व्यक्तियों के लिए इन कारणों का महत्व अलग अलग होता है। मोटे तौर पर इन कारकों को स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और जीवन स्तर के विभिन्न मानकों के रूप में विभक्त किया गया है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार आठवीं बार 15 अगस्त 2024 को यह घोषणा करते हुए देश और प्रदेश वासियों को चौंका दिया कि वे अपने प्रदेश को भारत का पहला गरीबी मुक्त राज्य बनाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उपर्युक्त महत्वाकांक्षी संकल्प के संबंध में यदि हम देश और प्रदेश में गरीबी के प्रतिशत का विश्लेषण करें तो पाएंगे कि वर्ष 2021 के अंत में उत्तर प्रदेश में 22.93 गरीब थे जबकि 2015-16 में यह आंकड़ा 37.63 प्रतिशत था। नीति आयोग द्वारा जारी की गई एक हालिया रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2015-2016 से 2019-2021 के मध्य देश में बहुआयामी गरीबी में जीवन यापन कर रहे लोगों की संख्या आशातीत रूप से कम हुई है जिसमें उत्तर प्रदेश राज्य अव्वल है। 'यूएनडीपी' की जारी एक अध्ययन आख्या ने भी बताया कि विगत पंद्रह सालों में लगभग 41.5 करोड़ भारतवासियों को बहुआयामी गरीबी से ऊपर उठाने में भारत कामयाब रहा है, जो उल्लेखनीय है। बहुआयामी गरीबी और इसके संकेतक-इधर के वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा बहुआयामी गरीबी की एक नई अवधारणा पर लगातार बल दिया जा रहा है। इसलिए बहुआयामी गरीबी के आशय को पहले समझना जरूरी है। विश्व के अधिकांश देश गरीबी को धन की कमी के रूप में परिभाषित करते हैं। किन्तु गरीबी का जीवन जी रहे लोग अपने अनुभवों को कुछ अधिक व्यापक रूप से व्यक्त करते हैं। जरुरत के समय धन की कमी से वह स्वास्थ्य, शिक्षा, समुचित पोषण और जीविका के साधनों से वंचित हो जाता है।

ऐसी स्थिति में देखा गया है कि किसी व्यक्ति की गरीबी में कई तरह के आर्थिक और सामाजिक कारक जिम्मेदार होते हैं तथा अलग-अलग व्यक्तियों के लिए इन कारणों का महत्व अलग अलग होता है। मोटे तौर पर इन कारकों को स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और जीवन स्तर के विभिन्न मानकों के रूप में विभक्त किया गया है। इन्हीं कारकों के कारण किसी व्यक्ति के जीवन में जो दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति लगातार कई वर्षों तक बनी रहती है उसी को बहुआयामी गरीबी की संज्ञा दी जा सकती है। उपर्युक्त कारकों के आधार पर बहुआयामी गरीबी को मापने के लिए कुछ

निर्धनतम परिवारों का चयन करने के लिए प्रथम चरण में 'माप-अप मोबाइल एप' पर परिवारों की पहचान की जाएगी। दूसरे चरण में हर ग्राम पंचायत में एक ग्राम स्तरीय समिति गठित की जाएगी, जहां पर ग्राम सहायता समूह गठित नहीं है, वहां पर गांव की आंगनबाड़ी संचालिका व स्वास्थ्य विभाग की आशा बहू को इसका सदस्य बनाया जाएगा।

संकेतकों का निर्माण किया गया है और इनके महत्व के आधार पर इन्हें अलग-अलग भारांक भी प्रदान किया गया है। इन कारकों में स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर हैं। स्वास्थ्य का आकलन गरीब परिवार के पोषण, बच्चों की मृत्यु दर और मातृ-स्वास्थ्य के संकेतकों, शिक्षा का आकलन बच्चों की स्कूल अवधि व स्कूल में उपस्थिति से तथा जीवन स्तर का आकलन प्रयुक्त ईंधन, शौचालय, पेयजल आपूर्ति, विद्युत, आवास एवं बैंक खाते आदि संकेतकों से किया गया है।

गरीबी में कमी-उपर्युक्त कारकों, संकेतकों और निर्धारित मापदंडों के आधार पर नीति आयोग द्वारा बहुआयामी गरीबी और उसकी तीव्रता का सर्वेक्षण कराकर प्रदेशवार व जिलेवार गरीबी का सूचकांक तैयार कराया था। इस सर्वेक्षण के आधार पर वर्ष 2016 से 2021 तक पांच वर्षों के मध्य पूरे देश में बहुआयामी गरीबी में लगभग दस प्रतिशत की कमी आई है और 13.50 करोड़ लोग इस गरीबी से बाहर निकलने में कामयाब रहे हैं। बात उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य की करें तो अकेले यहां पर 3.43 करोड़ लोग गरीबी से ऊपर उठे हैं जो सभी राज्यों से अधिक हैं। नीति आयोग की इस रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश के बारे में कुछ चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और शौचालय आदि की मूलभूत सुविधाओं में उत्साहवर्धक सुधार हुआ है। प्रदेश का एक और पिछड़ा क्षेत्र बुंदेलखंड भी है जहां चित्रकूट जिला गरीबी उन्मूलन में सबसे आगे है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में नजर डालें तो यहां पर गरीबों की संख्या कुछ धीमी गति से कम हुई है। नीति आयोग ने पांच वर्षों के दौरान बहुआयामी गरीबी से मुक्ति के जो आंकड़े पेश किए हैं उन्हें देखते हुए शेष आबादी को गरीबी से ऊपर उठाने में अब अधिक समय नहीं लगना चाहिए।

ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार-नीति आयोग की इस रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश में विगत पांच वर्षों में शहरी आबादी की तुलना में ग्रामीण आबादी के जीवन स्तर में अधिक तेजी से सुधार हुआ है। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में जहां गरीबों की आबादी में 18 प्रतिशत की गिरावट आई है वहीं शहरी इलाकों में इसका आंकड़ा महज 6 प्रतिशत ही है। इस दौरान पूर्वांचल के जिलों में लोगों का जीवन स्तर तेजी से सुधरा है जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इसकी रफ्तार कुछ धीमी है। पश्चिम में रामपुर जिले की आबादी में अन्य जिलों की अपेक्षा गरीबी में कमी आने के साथ वहां के निवासियों में जीवन स्तर को लेकर सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के चार जिलों रामपुर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और बरेली के लोगों का जीवन स्तर पहले से बेहतर हुआ है। प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिले के निवासियों का जीवन स्तर अन्य जिलों की अपेक्षा सबसे अच्छा है।

जीडीपी में सुधार-एक रिपोर्ट के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के जीवन स्तर में सुधार के साथ पूरे उत्तर प्रदेश में आमजन की सुख सुविधा में भी सकारात्मक परिवर्तन हुआ है। यह तथ्य जिलों में खेती बाड़ी से लेकर उद्योग, भवन निर्माण, स्वास्थ्य, परिवहन और शिक्षा समेत अठारह मानकों के आधार पर प्रदेश की जीडीपी के आकलन में सामने आया है।

मांग, व्यय और अर्थव्यवस्था में वृद्धि-तमाम प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूती के साथ वृद्धि के स्तर और गति को बनाए रखने में सफल रही है। इसी कारण बहुआयामी गरीबी में सबसे तेज गिरावट उत्तर प्रदेश में दर्ज की गई है। प्रदेश के लोगों की खरीद क्षमता में वृद्धि के साथ हर व्यावसायिक क्षेत्र में मांग बढ़ी है। उपभोग और मांग में वृद्धि के फलस्वरुप वस्तुओं व सेवाओं के क्रय में वसूले जाने वाले अप्रत्यक्ष कर संग्रह में भी प्रदेश की हिस्सेदारी बढ़ी है। यही नहीं आयकर रिटर्न भरने वालों की संख्या में भी प्रदेश में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है और यह देश में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति में अब शनैः शनैः कई आयाम जुड़ते चले जा रहे हैं। रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार अगस्त 2023 में वित्तीय संस्थानों से फंड आकर्षित करने के लिहाज से 16.20 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ उत्तर प्रदेश शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है।

कार्ययोजना-देश के सबसे अधिक जनसंख्या वाले प्रांत उत्तर प्रदेश को अगले एक साल के अंदर 'जीरो पावर्टी स्टेट' बनाने की यह योजना अति महत्वाकांक्षी होने के साथ-साथ चुनौतीपूर्ण भी है। सरकार ने इस महायोजना का एक विस्तृत रोड मैप जारी कर दिया है। इसके अंतर्गत गरीबी का आकलन नए सिरे से अब दो स्तरों पर किया जाएगा। प्रत्येक चरण में शामिल कर्मचारी, अधिकारी और ग्राम पंचायतों के पदाधिकारी इसके लिए पूरी तरह से जवाबदेह बनाए जाएंगे। इस चयन के आधार पर चिन्हित परिवारों को भोजन और वस्त्र के साथ साथ आवास, चिकित्सा सुविधा एवं अच्छी शिक्षा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा सुनिश्चित आय के उपयुक्त साधन भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

निर्धनतम परिवारों का चयन करने के लिए प्रथम चरण में 'माप-अप मोबाइल एप' पर परिवारों की पहचान की जाएगी। दूसरे चरण में हर ग्राम पंचायत में एक ग्राम स्तरीय समिति गठित की जाएगी, जहां पर ग्राम सहायता समूह गठित नहीं है, वहां पर गांव की आंगनबाड़ी संचालिका व स्वास्थ्य विभाग की आशा बहू को इसका सदस्य बनाया जाएगा। निर्धनतम परिवारों के अंतिम चयन में इस समिति के कम से कम तीन सदस्यों का एक मत होना आवश्यक होगा। इस संपूर्ण अभियान को एक साल के अंदर पूरा करने की योजना बनाई गई है। इस प्रकार गरीबी को प्रदेश में जड़ से समाप्त करने की योजना बनाने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है। इस महत्वाकांक्षी योजना के सफल एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से सभी जिलाधिकारियों और आयुक्तों को पत्र लिखते हुए वीडियो कान्फ्रेंसिंग से भी निर्देश दिए गए हैं। समय समय पर विकासखंड वार प्रगति का अंकन करने के लिए इस हेतु पोर्टल भी लांच कर दिया गया है।

## प्रसंगवश

# मध्यवर्ग और तिकड़म की दुनिया

इस देश में नव मध्यवर्ग का उदय और विस्तार बहुत तेज़ी से हुआ है। उसमें भ्रष्टाचार का बहुत अहम योगदान रहा है। लोगों में यह धारणा घर करती गई कि तिकड़म से ही धन-संपत्ति कमाई जा सकती है। तिकड़म से ही सत्ता और प्रभाव हासिल किया जा सकया हैं, जिनके ज़रिए और आसानी से, और अधिक मात्रा में, धन-संपत्ति कमाई जा सकती है। क्योंकि सत्ता से तिकड़म भिड़ाने के अवसरों में अचानक वृद्धि हो जाती है।

तिकड़म और सत्ता के गठजोड़ के एहसास से लोग सत्ता की ओर दौड़ पड़े। एमपी, एमएलए, कारपोरेटर, ग्राम-प्रधान, जहां भी, जो भी मिल जाय। मुख्य पार्टियों का टिकट पाने के लिए लोग आकाश-पाताल एक करने लगे। होते-होते ये टिकट नीलाम होने लगे-पहले लगाओ, फिर कमाओ (अपवाद तो हर जगह होते ही हैं)।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

दूसरी दौड़ लगी सरकारी नौकरी पाने के लिए। पता नहीं कैसे लोगों में यह धारणा बन गई कि सरकार माने तिकड़म की जगह-सरकार में कहीं भी घुस जाओ, तिकड़म का कम-ज्यादा अवसर मिल ही जाएगा। कुछ साल पहले उत्तर प्रदेश के थोड़े से चतुर्थ श्रेणी के पदों के लिए हज़ारों आवेदन-पत्र आए और उनमें एमए, पीएचडी तक के आवेदन थे। यह बेरोज़गारी का कम और सरकार में तिकड़म के अवसर के बारे में जन-भावना का प्रतिबिंब अधिक लगता है।]

सरकारी नौकरी के क्रेज़ का यह हाल है कि हर बाप अपने बेटों को कहीं भी, किसी भी स्तर की सरकारी नौकरी में 'फ़िट' कराने के लिए पैसे जोड़ रहा है और जुड़ गए तो लिए-लिए घूम रहा है। हर तरह की सरकारी नौकरी के लिए रेट क्वोट हो रहे हैं और दलाल घूम रहे हैं। जहां परीक्षा और इंटरव्यू दोनों होते हैं, वहां दोनों के अलग-अलग रेट हैं।

मेरे गांव में एक सज्जन ने बताया, फलां दलाल बहुत ईमानदार है, जिसका नहीं होता, उसे वापस कर देता है। अब उसका धंधा तो चलना ही है, चाहे भरती बिल्कुल ईमानदारी से हो। लोगों के दिमाग़ में जो यह भर गया है कि बिना लिए-दिए सरकारी नौकरी नहीं मिलती, उसी के सहारे, बिना उसके कुछ किए-धरे।]

सरकार में तिकड़म से धन कमाने के अवसर के बारे में जो जन-भावना है उसका बैरोमीटर दहेज के बाज़ार में साफ़ देखा जा सकता है। लड़का सरकारी नौकर हो गया तो रेट में एकाएक उछाल आ जायेगा। और रेट छोटी-बड़ी नौकरी के आधार पर कम, महकमे के आधार पर ज़्यादा घटता-बढ़ता है यानी तिकड़म से धन कमाने के अवसर की उपलब्धता के बारे में लोगों का जो आकलन है, उसके आधार पर।

यह नव मध्यवर्ग मनसा अब भी ग़रीब है। इसलिए धन आते ही शौक पूरा करने, तड़क-भड़क दिखाने पर ख़र्च करने लग जाता है। तरह-तरह के गैजेट्स, नए मॉडल की मोटर साइकिलें, फिर नए मॉडल की गाड़ियां, फ़र्नीचर, घर की साज-सज्जा

जो पीछे रह गए, यानी ग़रीब, उन पर दोहरी मार पड़ती है। ग़रीबी का भौतिक त्रास, और नव मध्यवर्ग की चमक-दमक देखकर मानसिक त्रास। आख़िर कुछ दिन पहले ये भी उन्हीं की तरह थे, उन्हीं के साथ थे। तो होता यह है कि तिकड़म न कर पाने या उसमें सफल न हो पाने से वे एकदम मायूस हो जाते हैं। और समुचित मात्रा में तिकड़म न कर पाने के लिए अपने को कोसने लगते हैं।

गांवों में इस नव मध्यवर्ग की एक झलक देखनी हो तो आप ब्लॉक प्रमुख की लड़की की शादी में हो आइए। एक नज़ारा ले लीजिए कि कौन-कौन मेहमान ऐसे हैं जिनका औरों से विशिष्ट स्वागत हो रहा है। बीडीओ, एडीओ, दारोगा, तहसीलदार, कुछ सरपंच, एमएलए, एमपी। और इनके दलाल जो प्रायः सबके सामान्य दलाल होते हैं। कुछ लाल बत्तीवाली गाड़ियां भी आ सकती हैं, जिनके आते ही स्वागत करने वाले सबको छोड़कर दौड़ पड़ेंगे। लाल बत्ती का यशोगान बहुत दिनों तक चलता रहेगा। आस-पास के लोग पूछेंगे-लाल बत्तीवाली कितनी गाड़ियां आई थीं, और उसी से ब्लॉक प्रमुख की हैसियत का अंदाज़ लगाएंगे। यह नव मध्यवर्ग ऐसे ही फलता-फूलता रहेगा। तिकड़म के अवसरों की तलाश और छीना-झपटी ऐसे ही चलती रहेगी। और इसी के साथ-साथ अख़बारों में, पत्रिकाओं में और फेसबुक पर भी बड़े विद्वत्तापूर्ण लेख लिखे जाते रहेंगे। भ्रष्टाचार पर, मंहगाई पर, बेरोज़गारी पर। प्रबुद्ध लोग आरामदेह ड्रॉइंग रूम में आरामदेह सोफों पर बैठकर बहसें करते रहेंगे कि देश का विकास क्यों नहीं हो रहा, ग़रीबी दूर क्यों नहीं हो रही, ग़रीब-अमीर के बीच की खाईं कम क्यों नहीं हो रही, भ्रष्टाचार क्यों बढ़ रहा, महंगाई क्यों बढ़ रही, वगैरह-वगैरह। और हर चीज़ के लिए प्रांत या केंद्र या दोनों की सरकारों को दोष देते रहेंगे।

# मुक्त हुए पर स्वतंत्र नहीं हो पाए हम



भगवान सिंह
वरिष्ठ लेखक

उनका प्रतिवाद करना अशोभन था, पर सच यह है कि अनुसंधान में नई बात नहीं, सही बात कही जाती है, उन तथ्यों को उद्घाटित किया जाता है।

रामकथा विश्व की प्राचीनतम (आदि) काव्यकृति है और वाल्मीकि आदि कवि। इस कथन पर आप संभव है विश्वास न कर पाएं। कारण हमें बताया जाता है कि ऋग्वेद विश्व की प्राचीनतम पुस्तक है और वह भी उन लोगों द्वारा जो ऋग्वेद को 3500 वर्ष अद्य पूर्व से बाद की रचना मानते हैं। ऐसी स्थिति में यदि कहें कि रामकथा ऋग्वेद से उतनी ही पुरानी है जितना आज से ऋग्वेद तो संभव है आप अपना आपा खो बैठें। एक वयोवृद्ध विद्वान ने आज से तीस पैंतीस साल पहले एक सेमिनार में सोम की पहचान पर मेरे वक्तव्य पर आह्लादित हो कर कहा था, 'तुम जिस भी विषय पर बोलते हो बिल्कुल नई बात कहते हो।'

उनका प्रतिवाद करना अशोभन था, पर सच यह है कि अनुसंधान में नई बात नहीं, सही बात कही जाती है, उन तथ्यों को उद्घाटित किया जाता है जिनकी ओर पहले किसी ने ध्यान नहीं दिया। इसमें मौलिकता नहीं, तार्किकता, साक्ष्य और अंतःसंगति का ध्यान रखा जाता है। उपेक्षित क्षेत्र या आयाम संभावना के क्षेत्र हैं। जो दीखता है उसे प्रचलित मान्यताओं और मूर्धन्य विद्वानों की बहुज्ञता, वय और ख्याति की चिंता किए बिना कहने के लिए साहस की आवश्यकता होती है क्योंकि कई बार इसके कारण आत्मीय संबंधों में भी खटास पैदा हो जाती है, व्यक्तिगत क्षति भी उठानी पड़ती है। परंतु इससे बौद्धिक परिदृश्य बदलता है, और बदलता रहा है। रामकथा की ऐतिहासिकता के विषय में भी ऐसा ही होगा, इसका भरोसा है। हमने लगभग एक हजार साल आतंक और बौद्धिक विकलांगता में बिताए हैं जिसमें बौद्धिक संस्थानों को ध्वस्त और स्वाहा किया जाता रहा और जो किन्हीं कारणों से बचा रह गया उसे औपनिवेशिक, नस्लवादी और मजहबी तकाजों से नष्ट करने के प्रयत्न किए जाते रहे। नव उपनिवेशवादी आग्रहों से वह आज भी जारी है और सेक्युलरिज्म का चोला धारण करके औपनिवेशिक स्थापनाओं के समर्थन में खड़ा हो कर उनसे भी अधिक उग्रता से अपनी सांस्कृतिक विरासत को नष्ट करने में लगा रहा है और इसने उस मानसिकता को प्रबल किया है कि भारतवासियों के बूते का न कुछ है, न कभी था। उन्हें ज्ञान और ऊर्जा पश्चिमोत्तर के आक्रांताओं से मिलती रही है और आज भी मिल रही है। इसमें इन्होंने अपनी साख के लिए एक चोर दरवाजा निकाल रखा है कि जो थोड़ा बहुत संभव है वह उन भारतीयों से ही संभव है जो अंग्रेजी में लेखन करते हैं। भारतीय भाषाओं में न तो गंभीर विषयों पर लेखन हुआ है, न ही संभव है।

वे भारतीय भाषाओं में न लिख सकते हैं, न इनके आधुनिक और प्राचीन साहित्य से परिचित हैं। इस तरह ज्ञान और अनुसंधान पर एकाधिकार न सही विशेषाधिकार पाश्चात्य अध्येताओं का आज भी बना हुआ है। पराधीनता समाप्त हो गई परावलंबन हमारे बुद्धिजीवी वर्ग के कारण बना रहा। हम मुक्त हुए पर स्वतंत्र नहीं हो पाए। इसका दायित्व नेहरू के नेतृत्व को जाता है जिन्होंने औपनिवेशिक विरासत को उपलब्धि के रूप में जारी रखा और गुटनिरपेक्ष रहने के दावे की बावजूद परामर्श के लिए अमेरिकी सलाहकारों पर निर्भर करते रहे। उनके पूरे शासन काल में भारत भुखमरी के कगार पर जीवित रहा जब भी जनसंख्या आज से तिहाई थी। अमेरिकी परामर्शदाता उन्हें सलाह देते रहे कि भारत खाद्यान्न के मामले में कभी आत्मनिर्भर नहीं हो सकता, उसे अमेरिका के पी एल 480 की अनुकंपा पर निर्भर रहना पड़ेगा इसलिए उसे अमेरिका के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहिए। उन्होंने अमेरिकी राजदूत गैल्ब्रेथ से गर्व से कहा था कि वह भारत पर राज करने वाले अंतिम अंग्रेज हैं। जिस देश की धातु विद्या का पूरा संसार लोहा मानता था और जिसका आश्चर्यजनक लौह स्तंभ उन्होंने अपनी आंखों से देखा और अपनी अंकवार में भरा होगा, उनको सिखाया गया था कि भारत तो इतना पिछड़ा था की सुईं तक नहीं बना सकता था।

अर्थात जो भी औद्योगिक प्रगति हुई वह अंग्रेजों के कारण हुई जब कि मैकाले ने स्वीकार किया था कि औद्योगिक क्रांति भारतीय पैसे के बल पर हुई। जो भी हो उनका मोहभंग होने के बाद उनकी जो दशा हुई उनके शासन काल में उससे मिलती-जुलती दशा पूरे देश की रही और उसके बाद एक ऐसे आदमी के हाथ में नेतृत्व आया जिसने जो रास्ता अपनाया उस पर चलते हुए भारत न कभी युद्ध में हारा न अन्न के अभाव से गुजरा और आज उस समय से तीन गुनी जनसंख्या का पेट ही नहीं भर रहा है अपितु कई देशों के अभाव की पूर्ति भी कर रहा है। यह अपनी जमीन, अपनी जबान और अपने दिमाग का चमत्कार है पर हमारा बुद्धिजीवी मानसिक रूप से नेहरू युग में ही जी रहा है। ऐसी अवस्था में अपनी भाषाओं के माध्यम से अनुसंधान और गहन विमर्श मात्र लेखन नहीं रह जाता, बौद्धिक स्वतंत्रता संग्राम का हिस्सा बन जाता है।

## सोशल फोरम

# सोशल मीडिया को कैसे देखें

सोशल मीडिया में 'सोशल' पदबंध बहुत ही महत्वपूर्ण है। यह सामाजिक से भिन्न है। समाज विज्ञान से लेकर लेकर परंपरागत विमर्श के विभिन्न क्षेत्रों में 18वीं शताब्दी के बाद से लेकर आज तक जिसे सामाजिक कहते रहे हैं, उससे इस 'सोशल' का कोई लेना-देना नहीं है।

दिलचस्प बात है कि हममें से कोई भीड़ का अंग बनना नहीं चाहता, 'भीड़' में बोलना नहीं चाहता। लेकिन सोशल मीडिया में तो सबकुछ 'मास' है, 'भीड़' है। सोशल मीडिया में ज्योंही दाखिल होते हैं 'भीड़' का अंग बन जाते हैं। सोशल मीडिया में 'मास' ही शक्ति है। भीड़ ही ताकतवर है। बीसवीं शताब्दी 'राजनीतिक केंद्रीकरण' और 'संचार केंद्रीकरण' की शताब्दी है। एकाधिकार, केंद्रीकरण और मुनाफा ये इस युग के तीन बड़े लक्ष्य हैं। पहली बार अमेरिका में एनएसए, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, फेसबुक, एपल आदि के बीच समझौते हुए हैं। इसे 'प्रिज्म' कार्यक्रम के नाम से जानते हैं। इसका मकसद है विश्व निगरानी करना, बहुराष्ट्रीय निगमों और अमेरिका के राजनीतिक और सांस्कृतिक हितों का विस्तार करना। इंटरनेट का समस्त डाटा संकलित करना, उसका व्यापारिक और राजनीतिक इस्तेमाल करना। डिजिटल तकनीक के आने के बाद संचार क्रांति का पैराडाइम बदला है। अब हम ज्ञान मीमांसा से तत्व मीमांसा की ओर मुड़ गए हैं। यानी 'आप क्या जानते हो' से 'तुम क्या हो' की ओर मुड़ गए हैं। 'ज्ञान प्रबंधन' से 'अस्मिता प्रबंधन' की ओर मुड़ गए हैं। सोशल मीडिया ने इस पैराडाइम शिफ्ट ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

नव्य-उदारीकरण के दौर में 1990-91 में जब संचार क्रांति आई तो वह मोबाइल-टेलीफोन और कंप्यूटर तक सीमित थी, उस दौर में तकनीकी उपयोग और सूचना या ज्ञान के संचय पर जोर दिया गया, सूचना से ज्ञान की ओर प्रयाण किया, लेकिन 2004 में जब फेसबुक का जन्म हुआ तो किसी ने नहीं सोचा था कि ज्ञान से छलांग लगाकर सीधे अस्मिता के क्षेत्र में समाज दाखिल होने जा रहा है।

**- फेसबुक वॉल से**

# कनाडा में तुष्टिकरण का बीज स्फुटित

जब नेता या सरकारें कमज़ोर होतीं हैं, तब अपना अस्तित बचाने के लिए तुष्टिकरण करने से परहेज़ नहीं करती, छोटे दलों की जायज़ नाजायज़ मांगों और अपेक्षाओं के आगे नतमस्तक हो जाती हैं। फिर वो चाहे देश, समाज के हित में हो या ना हो, इस पर ध्यान दिए बिना सिर्फ़ सत्ता में बना रहना ही उद्देश्य रह जाता है। आजकल कनाडा में आंतरिक और बाह्य द्वंद्व जो चल रहा है, उसे इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जा सकता है।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के शासन काल का दूसरा टर्म शुरुआत से ही बैसाखियों पर टिका हुआ है। न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के मुखिया जगमीत सिंह जिनके 25 सांसद चुनकर आए थे। उन्हीं की मदद से ट्रूडो दूसरी बार प्रधानमंत्री बन सके थे। यहां यह बता दूं कि जगमीत सिंह खलिस्तान की मांग का खुला समर्थन करते है और ट्रूडो को सपोर्ट की एक शर्त यह भी थी कि कनाडा में ख़ालिस्तानी मूवमेंट पर कोई प्रतिबंध नहीं लगेगा। ट्रूडो के सारे कार्यकलापों से उजागर है कि उसने जगमीत सिंह को इसकी मौन स्वीकृति दी और इसके लिए भारत से रिश्ते ख़राब करने को भी तैयार हो गए। इधर कनाडा में घरेलू हालात लगातार बिगड़ने लगे, हर मोर्चे पर ट्रूडो सरकार की किरकिरी होने लगी, चाहे वह महंगाई हो, रोज़गार हो, घर हों, स्वास्थ्य व्यवस्था हो सब फ्रंट पर कनाडा में त्राहि त्राहि मची हुई है। ट्रूडो की लोकप्रियता इस समय निचले स्तर पर है और सर्वेक्षणों के अनुसार उनका अगले साल होने वाले चुनाव में जीतना बहुत मुश्किल है। यह भांपते हुए जगमीत सिंह ने ट्रूडो सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया और सरकार अल्पमत में आ गई। इसका फ़ायदा उठाते हुए विपक्ष के नेता पिएरे पॉलिवर ने संसद में अविश्वास प्रस्ताव ला दिया। ट्रूडो ने अपनी सरकार बचाने के लिए सभी छोटे मोटे दलों और जगमीत सिंह के साथ क्या-क्या समझौते किए अब सामने आ रहा है। विएना संधि का उल्लंघन करते हुए कनाडा ने भारतीय उच्चायोग के शीर्षस्थ अधिकारियों की हरमीत सिंह निज्झर की हत्या के मामले में पुलिस जांच की मांग की, ऐसा लगता है ठंडे पड़ रहे मुद्दे को जगमीत सिंह के कहने पर ही पुनर्जीवित किया गया। कनाडा के इस कृत्य के चलते भारत ने कनाडा उच्चायोग में कार्यरत छः उच्चस्थ अधिकारियों को वापस बुला लिया और भारत स्थित कनाडा के उच्चाधिकारियों को 19 अक्तूबर तक भारत छोड़ने के निर्देश दे दिए हैं। यह राजनयिक संबंधों की न्यूनतम स्थिति कहलाती है।



राकेश शर्मा
निवर्तमान अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

आश्चर्य है कि अलगाववादियों ख़लिस्तानियों का समर्थन करने वालों के तुष्टिकरण करने के लिए ट्रूडो भारत के साथ संबंध ख़राब करने की हद तक जा सकते हैं। सर्वेक्षणों के अनुसार दुबारा चुनकर आने की उम्मीद तो ट्रूडो को कम हैं, लेकिन जो बीज कनाडा-भारत संबंधों की कड़वाहट के बो रहें हैं, उससे दोनों देशों की जनता, छात्र, व्यापारियों को भुगतना पड़ेगा। सिद्धांतहीन तुष्टिकरण सदैव, हर भौगोलिक परिवेश में अंतोत्गत्वा हानिकारक होता है।

# उधार की न्याय देवी

भारत के मुख्य न्यायमूर्ति की पहल पर सर्वोच्च न्यायालय की न्यायधीशों की लाइब्रेरी में न्याय की देवी की प्रतिमा में बदलाव किया गया है। पहले इसके एक हाथ में तराजू दूसरे में तलवार थी, अब तराजू तो बरकरार है, किंतु तलवार की जगह संविधान की प्रति लिए है। पहले उसके नेत्रों में पट्टी बंधी थी, अब आंखें खुली रखी गई हैं। देखें कि इस देवी का वास्तविक स्वरूप क्या है? दरअसल हमारे शास्त्रों और प्राचीन धर्म ग्रंथों में न्याय की कोई अलग से देवी है ही नहीं। तीन महादेवियां सृष्टि का संचालन करती हैं। वे हैं महासरस्वती, महालक्ष्मी और महाकाली, जो क्रमशः चित्,सत और आनंद की अधिष्ठात्री हैं। इसके अलावा महा विद्याएं कही जाने वाली भी दस देवियां या शक्तियां हैं, जिनके अधिकारिता वाले विषय हैं: काली(काल शक्ति), तारा(क्षुधा शक्ति), षोडशी(पूर्ण/ मुक्ति शक्ति), भुवनेश्वरी(ज्ञान शक्ति),छिन्नमस्ता(त्याग शक्ति), भैरवी (भरणशक्ति),धूमावती(दरिद्रता शक्ति), बगला(क्रूर शक्ति), मातंगी(प्रभाव शक्ति), कमला(ऐश्वर्य शक्ति)। हालांकि न्याय के बड़े बड़े अनुपम उदाहरण हैं यहां। श्रीराम ने एक कुत्ते को जबरदस्त न्याय दिया था। कुत्ता, जो संभवतः 'कुकुर' गणगोत्र का समाज का निचले पायदान का व्यक्ति था, वह अभिजात्य मान्य ब्राह्मण द्वारा कष्टित किया गया था। राम ने उसकी प्रार्थना के मुताबिक ही ब्राह्मण को दंड दिया था। वन में पांडवों का उपहास करने गए दुर्योधन को एक गंधर्व उठाकर लिए जा रहा था। वह आर्त होकर चिल्लाया,तो धर्म के मूर्तिमान रूप युधिष्ठिर ने अर्जुन से कहा कि 'इसे बचाओ'। यद्यपि अनुज यह पसंद नहीं कर रहे थे, क्योंकि वह तो शत्रु था और पांडवों कि खिल्ली उड़ाने गया था। तथापि अर्जुन को अग्रज की आज्ञा माननी पड़ी और दुर्योधन की रक्षा की। महाराज युधिष्ठिर ने कहा था कि,आपस में हम पांच और कौरव 100 जरूर हैं, किंतु बाहरी दुनियां के लिए हम 105 हैं। रामायण व महाभारत दोनों कालों में आपराधिक और नागरिक दोनों प्रकार की न्याय व्यवस्थाएं थीं और राजा सर्वोच्च था। नीति के श्लोकों में कहा गया है, "न्यायात्पथःप्रविचलंति पदं न धीराः"। यानी न्याय के पथ पर चलने वाले लोग विचलित नहीं होते हैं। वैसे यह न्याय देवी, जिसकी मूर्ति अभी तक न्याय भवनों में लगी होती रही, वह यूनान की देवी 'जस्टिया'है; इसी से जस्टिस शब्द बना है। भारत में एक अंग्रेज़ अफसर इसे 17 वीं शताब्दी में लाया था। यह अभारतीय और उधार की देवी है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2460, राज श्री 1790, फॉर्चून कि. 2175, रविन्द्रा 2375, फॉर्चुन ली. 1980, जय जवान 1930, सचिन 2040, सूरज 1955, अवसर 2075, राग गोल्ड 2140, गृहणी ली 2020, क्लासिक (किलो) 2130, मोर 2125, चक्र टिन 2230, ब्लू 2190, आशीर्वाद मस्टर्ड 2280, स्वास्तिक 2430 ।किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31800, लाल मिर्च 18000-22000, धनिया 8000-10000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800-900, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140-180, मखाना 900-1150 ।चावल - (प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 8500, राजभोग 6950, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 9300, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 5150, खजाना 5150 ।दाल दलहन-मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 12700-13600, राजमा भूटान नया 11700, मलका काली 7150-7700 मलका दाल 7375-8000, मलका छँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9600-10200, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900,चना काला 8650, दाल चना 9150, लाल हिंदुस्तान 9250, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9800, चना अकोला 9000, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 12600, मोटा हीरा 14600, अरहर गोला मोटा 11300, अरहर पटका मोटा 11600, अरहर कोरा मोटा 11900, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16000 ।चीनी - डालमियां 4160, पीलीभीत 4140, नवाबगंज 4130, बहेड़ी 4140 ।

# भारत 2030 तक बनेगा दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था : एसएंडपी

## बढ़ती जनसंख्या बुनियादी सेवा का दायरा बढ़ाने में चुनौतियां करेंगी प्रस्तुत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने गुरुवार को रिपोर्ट में यह बात कही। एजेंसी ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या बुनियादी सेवा का दायरा बढ़ाने में बढ़ती चुनौतियों को प्रस्तुत करती है और उत्पादकता बनाए रखने के लिए निवेश की बढ़ती जरूरतें भी सामने आती हैं।

रिपोर्ट में कहा गया कि वर्तमान में 3,600 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था भारत का लक्ष्य 2047 तक 30 हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है। भारत इस समय दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। एसएंडपी



- भारत का लक्ष्य 2047 तक 30 हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना
- वर्तमान में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

ने कहा कि भारत अगले तीन साल में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है और 2030 तक वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। निवेश बैंकिंग कंपनी जेपी मॉर्गन के सरकारी उभरते बाजार बॉन्ड सूचकांक में 2024 में इसका प्रवेश अतिरिक्त सरकारी वित्तपोषण प्रदान कर सकता है और घरेलू पूंजी बाजारों में महत्वपूर्ण संसाधनों तक पहुंच बना सकता है।

### उभरते बाजार निभाएंगे महत्वपूर्ण भूमिका

एसएंडपी ने आपनी रिपोर्ट उभरते बाजारों पर भविष्य की नजर : निर्णायक दशक में कहा कि उभरते बाजार अगले दशक में वैश्विक अर्थव्यवस्था को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जहां 2035 तक जीडीपी की औसत वृद्धि दर 4.06% रहेगी, वहीं उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के लिए यह 1.59% रहेगी। 2035 तक उभरते बाजार वैश्विक आर्थिक वृद्धि में 65% का योगदान देंगे। इसमें मुख्य रूप से एशिया-प्रशांत क्षेत्र की उभरती अर्थव्यवस्थाओं का योगदान होगा।

# बेयरिश पैटर्न : शेयर बाजार में गिरावट के संकेत

बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच, बेयरिश पैटर्न एक महत्वपूर्ण तकनीकी संकेत हैं जो संभावित गिरावट को दर्शाते हैं। ये पैटर्न चार्ट पर विभिन्न आकृतियों में दिखाई देते हैं और ट्रेडर्स को बिक्री के अवसर प्रदान करते हैं। सही पहचान और समझ से, इन संकेतों का उपयोग कर निवेशक अपने लाभ को बढ़ा सकते हैं और जोखिमों को प्रबंधित कर सकते हैं। इस लेख में, हम बेयरिश पैटर्न के विभिन्न प्रकार, पहचानने के तरीके और इसके लाभ-हानि पर चर्चा करेंगे।

### यह कैसे करता है काम

- **प्रवृत्ति का विश्लेषण :** बेयरिश पैटर्न आमतौर पर तब बनते हैं जब कीमत उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद गिरने लगती है।
- **विपरीत संकेत :** ये संकेत देते हैं कि खरीदारी में कमी और बिक्री बढ़ रही है।
- **फिर से परीक्षण :** अक्सर, कीमत पहले की उच्चस्तर पर वापस आती है, जिससे एक और बिक्री का अवसर मिलता है।




### निवेशकों को फायदा

- **अवसर :** बेयरिश की पहचान करके, आप संभावित गिरावट से लाभ उठा सकते हैं। सही समय पर बिक्री से आपको लाभ मिल सकता है।
- **रिस्क मैनेजमेंट :** बेयरिश संकेतों के सही उपयोग से नुकसान से बच सकते हैं। सही समय पर बाहर निकलने से निवेश को सुरक्षित रख सकते हैं।

### प्रमुख बेयरिश पैटर्न

- **हेड एंड शोल्डर्स :** यह पैटर्न तीन प्रमुख उच्च स्तरों से बनता है—एक उच्च (हेड) के बीच में दो छोटे उच्च (शोल्डर्स)। जब कीमत इस पैटर्न को बनाती है, तो यह अक्सर एक मजबूत बेयरिश संकेत होता है।
- **डबल टॉप :** यह पैटर्न तब बनता है जब कीमत दो बार समान उच्च स्तर पर पहुंचती है, लेकिन तीसरी बार गिर जाती है। यह गिरावट एक संभावित ट्रेंड रिवर्सल का संकेत देती है।
- **सपोर्ट ब्रेकडाउन :** जब कीमत किसी महत्वपूर्ण सपोर्ट स्तर को तोड़ती है, तो यह एक बेयरिश संकेत हो सकता है। यह दर्शाता है कि बाजार की खरीदारी की ताकत कमजोर हो रही है।

### जरा रखें सावधानी

- **गलत सिग्नल :** बेयरिश पैटर्न हमेशा सही नहीं होते हैं। कभी-कभी, बाजार की अनिश्चितता और अन्य कारक इन संकेतों को प्रभावित कर सकते हैं, जिससे आप गलत निर्णय ले सकते हैं।
- **मार्केट वोलैटिलिटी :** बाजार की तेजी और मंदी के दौरान, बेयरिश पैटर्न की सटीकता कम हो सकती है। ऐसे में समझदारी से निर्णय लेना जरूरी होता है।

## 10 साल में प्रत्यक्ष कर संग्रह में आई 182 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में 19.60 लाख करोड़ रुपये रहा

देश का प्रत्यक्ष कर संग्रह पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में 19.60 लाख करोड़ रुपये रहा है। इस तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 10 साल के कार्यकाल में प्रत्यक्ष कर संग्रह में 182% की वृद्धि हुई है। आयकर विभाग से जारी टाइम सीरीज डेटा से पता चला है कि कॉरपोरेट कर संग्रह 10 साल में दोगुना से अधिक होकर 9.11 लाख करोड़ से अधिक है। व्यक्तिगत आयकर संग्रह चार गुना बढ़कर 10.45 लाख करोड़ रुपये है। मोदी सरकार के पहले साल 2014-15 में प्रत्यक्ष कर संग्रह 6.96 लाख करोड़ था। इसमें 4.29 लाख करोड़ कॉरपोरेट कर और 2.66 लाख करोड़ आयकर था। दाखिल आयकर रिटर्न (संशोधित रिटर्न सहित) की संख्या 2014-15 के 4.04 करोड़ से बढ़कर 2023-24 में 8.61 करोड़ से अधिक हो गई। प्रत्यक्ष कर-जीडीपी अनुपात 2014-15 के 5.55% से बढ़कर 2023-24 में 6.64% हो गया।

## लॉजिस्टिक लागत दो साल में घटकर जीडीपी के 9% पर आ जाएगी: गडकरी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि भारत की लॉजिस्टिक लागत दो वर्षों में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 9% तक आ जाएगी, क्योंकि मंत्रालय कई राजमार्गों तथा एक्सप्रेसवे का निर्माण कर रहा है।

नीति आयोग के कार्यक्रम में गडकरी ने कहा कि वर्तमान में भारत में लॉजिस्टिक लागत 14% है, जबकि प्रमुख यूरोपीय देशों तथा अमेरिका में लॉजिस्टिक लागत 12% है। मंत्री



- कई राजमार्गों तथा एक्सप्रेसवे का निर्माण करा रहा है मंत्रालय

ने बताया कि चीन में लॉजिस्टिक लागत 8% है। आर्थिक शोध संस्थान नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) के अनुमानों के अनुसार, 2021-22 के लिए भारत में लॉजिस्टिक लागत जीडीपी के 7.8 से 8.9% के बीच थी। वहीं आर्थिक समीक्षा 2022-23 के अनुसार, यह जीडीपी का 14-18% है, जो वैश्विक मानक 8% से अधिक है। गडकरी ने कहा कि भारत के लिए वैकल्पिक ईंधन और जैव ईंधन के निर्यात की अपार संभावनाएं हैं। निम्न गुणवत्ता वाले कोयले का इस्तेमाल मेथनॉल बनाने के लिए किया जा सकता है। मंत्री ने कहा कि भारत जैव ईंधन, खासकर मेथनॉल के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है। गडकरी ने कहा कि उनका लक्ष्य भारतीय वाहन उद्योग को विश्व में पहले स्थान पर लाना है। भारत पिछले वर्ष दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा वाहन बाजार था और अमेरिका तथा चीन से पीछे है।

## बाजार में गिरावट से निवेशकों को छह लाख करोड़ रुपये की हानि

नई दिल्ली, एजेंसी

- नेस्ले के शेयरों में सबसे ज्यादा 3% से भी अधिक की गिरावट

विदेशी कोषों की निकासी से शेयर बाजार में तेज गिरावट से गुरुवार को निवेशकों की संपत्ति छह लाख करोड़ रुपये घट गयी। बीएसई का सेंसेक्स 494.75 अंक टूटा। कारोबार के दौरान यह 595.72 अंक तक फिसल गया था।

बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 6,03,862.06 करोड़ रुपये घटकर 4,57,25,183.01 करोड़ रुपये (5.44 लाख करोड़ डॉलर) रह गया। सेंसेक्स की कंपनियों में नेस्ले में 3% से भी अधिक की गिरावट आई। एफएमसीजी बनाने वाली नेस्ले का दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 0.94% की गिरावट के साथ 899.49 करोड़ रहने से इसके शेयरों में बिकवाली देखी गई। महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, टाइटन, मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक और टाटा स्टील के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, लार्सन एंड टुब्रो और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में तेजी रही।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### पीएमएलए पर पुनर्विचार की सुनवाई टाली

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने उस याचिका पर सुनवाई गुरुवार को 27 नवंबर तक टाल दी, जिसमें सवाल किया गया है कि क्या धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत ईडी की, गिरफ्तारी और संपत्ति कुर्क करने की शक्तियों को बरकरार रखने वाले उसके 2022 के फैसले पर पुनर्विचार की आवश्यकता है ? न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ को वकील ने सूचित किया कि याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल आज सुनवाई के लिए उपलब्ध नहीं हैं। पीठ ने कहा कि यही होता है। जब हम याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करते हैं तो कोई न कोई उपलब्ध नहीं होता है। स्थगन के अनुरोध का ईडी के वकील ने विरोध नहीं किया। न्यायालय, तीन न्यायाधीशों की पीठ के 27 जुलाई, 2022 के फैसले पर कुछ मानकों के आधार पर पुनर्विचार करने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था।

#### जम्मू कश्मीर के राज्य का दर्जा बहाली पर होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वह तय समय के अंदर जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल किए जाने वाली याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा। याचिकाकर्ताओं के वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला एवं मनोज मिश्रा की पीठ से अनुरोध किया कि याचिका पर तत्काल सुनवाई की आवश्यकता है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि राज्य का दर्जा देने के लिए एक एमए (विविध आवेदन) है। यह (पिछले साल के फैसले में) उल्लेख किया गया था कि इसे तय समय के अंदर होना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि मैं इसे देखूंगा। यह नयी याचिका जम्मू कश्मीर के शिक्षाविद् जहूर अहमद भट और सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता खुर्शीद अहमद मलिक की ओर से दायर की गई है।

#### झारखंड में हाथियों के हमले में दो ग्रामीणों की मौत

**जमशेदपुर।** झारखंड में गुरुवार को हाथियों के हमले में दो लोगों की मौत हो गई। वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पहली घटना में 32 वर्षीय देवाशीष मुंडा नामक युवक पर एक जंगली हाथी ने हमला कर दिया जब वह सुबह शौच के लिए जा रहा था। पूर्वी सिंहभूम जिले के श्यामसुंदरपुर थाना क्षेत्र के गांव इंदबनी के निवासी मुंडा को हाथी ने गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

# भारत उनकी भी मदद करता, जिन्होंने उससे युद्ध छेड़ा

## आरएसएस प्रमुख बोले- पूर्वजों के बनाए सिद्धांतों की प्रतिबद्धता के कारण भारत करता है सहयोग

- भागवत ने जैन समुदाय के कार्यक्रम को किया संबोधित

सूरत, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि हमारे पूर्वजों की ओर से निर्धारित किये सिद्धांतों के कारण भारत उन देशों की भी मदद करता है, जिन्होंने कभी उसके खिलाफ युद्ध छेड़ा था। उन्होंने कहा कि 1999 में कारगिल में पाकिस्तान के दुस्साहस का जवाब देने का विकल्प भारत के पास था, लेकिन सरकार ने सेना को सीमा पार न करने का निर्देश दिया था। भागवत जैन समुदाय के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में जैन धर्मगुरु आचार्य महाश्रमण भी मौजूद थे। भागवत ने कहा कि अपने पूर्वजों द्वारा स्थापित सिद्धांतों को कायम रखने की अपनी प्रतिबद्धता के कारण, भारत उन देशों को भी अपना समर्थन देता है, जिन्होंने पहले हमारे खिलाफ युद्ध छेड़ा था। हम पहले हमले शुरू नहीं करते और न ही हम अपने ऊपर कोई हमला बर्दाश्त करते हैं। उन्होंने कहा कि जब कारगिल युद्ध के दौरान पाकिस्तान ने हम पर हमला किया था तो भारत के पास विकल्प था कि अगर हम चाहें तो अपने पड़ोसी पर जवाबी कार्रवाई कर सकते थे। लेकिन हमारी सेना को स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि वे सीमा पार न करें। सेना को केवल उन लोगों को निशाना बनाने का निर्देश दिया गया था जो हमारी सीमा के भीतर थे। भारत द्वारा पाकिस्तान के अंदर सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमले का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने यह सुनिश्चित किया था कि केवल उपद्रवी तत्वों को ही निशाना बनाया जाये।



सूरत में जैन तेरापंथ समाज के कार्यक्रम में पहुंचे मोहन भागवत।

### भारतीय हर समस्या का समाधान कर देंगे

संघ प्रमुख ने कहा कि जब हमने उनके घर में हमला किया तो हमने पूरे पाकिस्तान को निशाना नहीं बनाया। हमने केवल उन लोगों पर हमला किया जो हमारे लिए परेशानी पैदा कर रहे थे। भारत ने सितंबर 2016 में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नियंत्रण रेखा के पार आतंकी ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक की थी। फरवरी 2019 में, भारतीय वायु सेना ने पुलवामा आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान के बालाकोट में हवाई हमला किया था। भारत या विश्व के समक्ष वर्तमान में मौजूद समस्याओं का कोई विशिष्ट उदाहरण दिए बिना भागवत ने कहा कि भारत के लोग अंततः हर समस्या का समाधान कर देंगे।

## मुंबई आने वाली दो अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में बम होने की धमकी

मुंबई, एजेंसी

- धमकी मिलने का सिलसिला चौथे दिन भी जारी

घरेलू विमानन कंपनियों की उड़ानों में बम रखे होने की धमकी मिलने का सिलसिला चौथे दिन भी जारी रहा। इसी बीच गुरुवार को विस्तारा और इंडिगो एयरलाइंस की दो अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इससे पहले इंडिगो, स्पाइसजेट और अकासा की सात उड़ानों में बुधवार को बम रखे होने की धमकी मिली थी।

एयरलाइन के अनुसार, जर्मनी के फ्रैंकफर्ट से मुंबई आ रहे विस्तारा एयरलाइन के एक विमान को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद गुरुवार को आपात स्थिति में मुंबई के हवाई अड्डे पर उतारा गया। उसने बताया कि बोइंग 787 विमान को अनिवार्य सुरक्षा जांच करने के लिए अलग स्थान पर खड़ा कर दिया गया है। बम की तलाश के लिए विमान की जांच की गई।

### नो-फ्लाई सूची में शामिल करने के विकल्प पर विचार

**नई दिल्ली।** नागर विमानन मंत्रालय विमानों में बम की धमकी की घटनाओं को रोकने के लिए कड़े नियम लागू करने और दोषियों को नो फ्लाई सूची में शामिल करने की योजना बना रहा है। नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा कि मंत्रालय नियमों में संशोधन करने पर विचार कर रहा है ताकि एयरलाइनों को बम की धमकी देने वाली घटनाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### 8 सोशल मीडिया खाते निलंबित

विमानों में बम की धमकी देने वाले कई सोशल मीडिया खातों को साइबर सुरक्षा एजेंसियों ने निलंबित या ब्लॉक किया है। साइबर, विमानन सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों की टीम ने विश्लेषण किया, जिसके बाद निलंबित करने के आदेश जारी हुआ है।

## विसर्जन की तैयारी में करंट से तीन की मौत

**सिवनी।** मप्र के सिवनी जिले के धूमा में महाकाली प्रतिमा के विसर्जन की तैयारी के दौरान गुरुवार को करंट लगने से तीन लोगों की मौत हो गई तथा पांच घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार महाकाली प्रतिमा के विसर्जन में लगाए ट्रक में साज सज्जा का पाइप हाईटेंशन लाइन से टकरा गया और करंट से तीन की मौके पर मौत हो गई तथा पांच घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर है। उनको जबलपुर भेजा गया है। मृतकों में नीलेश कुशवाहा, रवि विश्वकर्मा और मुकेश यादव है, यह धूमा के निवासी हैं। पुलिस मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच कर रही है।

## घर में पिज्जा बांटने को लेकर हुए विवाद में महिला को मारी गोली

नई दिल्ली, एजेंसी

दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में पिज्जा बांटने को लेकर हुई बहस के बाद महिला को उसकी जेठानी के भाई ने गोली मार दी। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि बुधवार रात हुई इस घटना में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि मामला तब प्रकाश में आया जब जीटीबी अस्पताल से सीलमपुर पुलिस थाने को सूचना मिली कि सादमा नाम की महिला को गोली से घायल होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़िता के पति का भाई जीशान बुधवार को पिज्जा लाया था। उसने छोटे भाई



- बहस के बाद महिला की जेठानी के भाई ने दिया वारदात को अंजाम चार लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जावेद की पत्नी सादमा सहित सभी को पिज्जा दिया। जीशान की पत्नी सादिया का सादमा से विवाद था और वह देवरानी के साथ पिज्जा साझा करने से नाराज थी। रात में सादिया ने अपने भाइयों मुंताहिर, तफसीर, शहजाद और गुलरेज को घर बुलाया और झगड़ा हुआ और इस दौरान मुंताहिर ने गोली चला दी, जो सादमा को जा लगी।

## शाह और नड्डा ने ग्रहण की भाजपा की सक्रिय सदस्यता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत सक्रिय सदस्यता ग्रहण की तथा कार्यकर्ताओं से इस अभियान का हिस्सा बन संगठन को और मजबूत करने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को इस अभियान की शुरुआत की थी और पहले सक्रिय सदस्य बने थे। शाह ने एक्स पर कहा कि कल प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा के पहले सक्रिय सदस्य बनकर सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत की। मैंने भी इस अभियान के तहत भाजपा की सक्रिय सदस्यता ली। भाजपा के कार्यकर्ता अपने बूथ या विधानसभा क्षेत्र में 50 नए सदस्यों को पंजीकृत कर सक्रिय सदस्य बन सकते हैं। यह अभियान न केवल भाजपा के सदस्यता को और अधिक गति देगा, बल्कि राष्ट्रप्रथम को ध्येय बनाने वाले सदस्य भी आगे आएंगे।

## चीनी वीजा भ्रष्टाचार में कार्ति के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआई ने कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम और अन्य के खिलाफ 2011 में बिजली कंपनी के लिए चीनी नागरिकों को वीजा दिलाने में कथित रिश्वतखोरी के संबंध में आरोप पत्र दायर किया है। उस समय उनके पिता पी. चिदंबरम केंद्रीय गृह मंत्री थे। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यहां एक विशेष अदालत के समक्ष पेश अपने आरोपपत्र में सीबीआई ने शिवगंगा लोकसभा सीट से सांसद कार्ति



- कांग्रेस सांसद सहित अन्य के खिलाफ रिश्वतखोरी का है आरोप

चिदंबरम, उनके सहयोगी एस. भास्कररमन, वेदांता की सहायक कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टीएसपीएल) और मुंबई स्थित बेल टूल्स का नाम लिया है, जिसके जरिए रिश्वत दी गई थी। आरोप-पत्र में शामिल अन्य आरोपियों में वी. मेहता, अनूप अग्रवाल, मंसूर सिद्दीकी और चेतन श्रीवास्तव शामिल हैं।

## जीएसटी धोखाधड़ी मामले में ईडी ने गुजरात में छापे मारे

गांधीनगर, एजेंसी

- एजेंसी ने राजकोट, जूनागढ़, अहमदाबाद, भावनगर और वेरावल शहरों में 23 परिसरों को खंगाला

ईडी ने गुरुवार को माल एवं सेवा कर (जीएसटी)धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन के मामले में गुजरात में कई शहरों में छापेमारी की, जिसमें राज्य पुलिस ने हाल में पत्रकार सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया था। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पीएमएलए के तहत मामला दर्ज होने के बाद संघीय एजेंसी ने राजकोट, जूनागढ़, अहमदाबाद, भावनगर और वेरावल शहरों में करीब 23 परिसरों पर छापेमारी की। मामले में गिरफ्तार पत्रकार महेश लांगा और लांगा से संबंधित परिसरों पर भी छापेमारी की जा रही है। ईडी मामले में कई अन्य कंपनियों की भूमिका की भी जांच कर रही है। एजेंसी मामले में साजिश और अपराध के जरिए आय अर्जित करने के आरोपों की जांच कर रही है।

## महाराष्ट्र में 288 में से 200 सीट पर एमवीए में बनी सहमति : पवार

**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने गुरुवार को कहा कि महा विकास आघाडी (एमवीए) के तीनों सहयोगी दलों के बीच महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए 288 में से 200 सीट पर आम सहमति बन चुकी है।

- एमवीए में राकांपा (एसपी), कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) शामिल

एमवीए में राकांपा (एसपी), कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) शामिल हैं। महाराष्ट्र के सतारा जिले के कराड में पवार ने कहा कि हरियाणा चुनाव के नतीजे का महाराष्ट्र पर कोई असर नहीं पड़ेगा। हरियाणा में कांग्रेस को भाजपा से हार का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि सीट-बंटवारे की चर्चा में मैं शामिल नहीं हूं। जयंत पाटिल वार्ता में पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

## जेलों में भीड़ कम करे राज्य और केंद्र शासित प्रदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

- कारागार में विचाराधीन कैदियों की संख्या सरकार के लिए चिंता का विषय
- सभी राज्यों को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने लिखा पत्र, कहा- उचित कदम उठाएं

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों से विचाराधीन कैदियों को राहत प्रदान देने और जेलों में भीड़ कम करने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 के विशिष्ट प्रावधान के कार्यान्वयन सहित कदम उठाने को कहा है। गृह मंत्रालय ने राज्यों को भेजे पत्र में कहा है कि जेलों में अत्यधिक भीड़, विशेषकर विचाराधीन कैदियों की बड़ी संख्या का मुद्दा सरकार के लिए चिंता का विषय रहा है।

पत्र में कहा गया है कि विचाराधीन कैदियों के लंबी अवधि तक हिरासत में रहने और उनकी कठिनाइयों के मुद्दे के समाधान के लिए वह विभिन्न प्रगतिशील कदम उठा रहा है, जिसमें जेलों से रिहाई चाहने वाले ऐसे कैदियों को राहत प्रदान करने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को वित्तीय सहायता प्रदान करना भी शामिल है। मंत्रालय ने कहा कि बीएनएसएस की धारा 479 (1), जो एक जुलाई 2024 से लागू हो गई है, ऐसी राहत प्रदान करती है।

### 6ए का फर्जी दस्तावेजों से हो सकता है दुरुपयोग: पारदीवाला

धारा 79 के अनुसार यदि विचाराधीन कैदी तय कारावास की आधी अवधि तक हिरासत में रखा गया है तो उसे जमानत पर रिहा कर दिया जाएगा। मृत्युदंड या आजीवन कारावास में राहत नहीं है। बीएनएसएस की धारा 479 (1) के तहत एक नया प्रावधान है, जो इस प्रकार है : बशर्ते कि जहां ऐसा व्यक्ति पहली बार अपराधी है (जिसे किसी अपराध के लिए दोषी नहीं ठहराया गया है) तो उसे बॉण्ड पर रिहा किया जाएगा, यदि वह अपराध के लिए निर्दिष्ट कारावास की एक-तिहाई तक की अवधि के लिए हिरासत में रहा हो। धारा 479 (3) के तहत, जेल अधीक्षक ऐसे कैदियों को जमानत देने के लिए संबंधित अदालत में आवेदन कर सकते हैं।

## खेल डायरी

### यूटीटी चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे देश के शीर्ष खिलाड़ी

**मडगांव।** भारत के शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी शुक्रवार से यहां शुरू हो रही सत्र की दूसरी यूटीटी राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे जिसमें मानव ठक्कर, जी साथियान, अहयिका मुखर्जी और सुतिर्था मुखर्जी शामिल हैं। सीनियर पुरुष वर्ग में शीर्ष वरीय ठक्कर, साथियान (पीएसपीबी) और मानुष शाह के साथ मिलकर अगुआई करेंगे। ठक्कर ने हाल में अस्ताना एशियाई चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया था। वहीं अचिंता शरत कमल और हरमीत देसाई दोनों ने प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है। महिला वर्ग में अयहिका और सुतिर्था भी जीत की लय जारी रखना चाहेंगी जिन्होंने एशियाई चैम्पियनशिप में महिला युगल पदक जीतकर इतिहास रचा और टीम स्पर्धाओं में भारत को कांस्य पदक दिलाने में योगदान दिया। श्रीजा अकुला और मनिका बत्रा टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगी जिससे दीया चिताले जैसी खिलाड़ी को मौका मिलेगा।

### हैदराबाद में आज से शुरू होगी प्रो कबड्डी लीग

**हैदराबाद।** प्रो कबड्डी लीग 2024 (पीकेएल) का आगाज शुक्रवार को हैदराबाद के जीएमसी बालयोगी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बेंगलुरु बुल्स और तेलुगु टाइटन्स के बीच मुकाबले से होगा। पीकेएल 11वें सीजन का आयोजन तीन शहरों में होगा जिसमें हैदराबाद के साथ नोएडा और पुणे भी शामिल होंगे। हैदराबाद 18 अक्टूबर से नौ नवंबर तक कबड्डी मैचों के पहले चरण की मेजबानी करेगा वहीं नोएडा इंडोर स्टेडियम 10 नवंबर से दो दिसंबर तक निर्धारित दूसरे चरण का आयोजन स्थल होगा। पुणे के बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में तीन से 24 दिसंबर के बीच अंतिम चरण का आयोजन होगा। पीकेएल सीजन 11 के प्लेऑफ की तारीखों और स्थानों की घोषणा बाद में की जाएगी। पुणेरी पलटन, तेलुगु टाइटन्स, बेंगलुरु बुल्स, बंगाल वॉरियर्स, यू मुंबा, हरियाणा स्टीलर्स, तमिल थलाइवाज, दबंग दिल्ली, गुजरात जायंट्स, जयपुर पिंक पैंथर्स, पटना पाइरेट्स और यूपी योद्धा समेत सभी 12 पीकेएल टीमें लीग चरण में एक-दूसरे से दो बार खेलेंगी। सीजन तीन से पांच के बीच तीन खिताब हासिल करने वाली पटना पाइरेट्स टीम, पीकेएल इतिहास की सबसे सफल टीम है उसके बाद जयपुर पिंक पैंथर्स है जिसने 2014 में उद्घाटन संस्करण जीतने के बाद सीजन 9 में अपना दूसरा खिताब जीता था।

### एशिया कप में भारत-पाकिस्तान का मुकाबला आज

**नई दिल्ली।** एसीसी टी-20 इमर्जिंग टीम एशिया कप 2024 में भारत ए का मुकाबला पाकिस्तान ए से शुक्रवार को होगा। ओमान में 18 से 27 अक्टूबर तक खेली जानी वाली इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीमें भाग लेगी। प्रतियोगिता के सभी मुकाबले अल अमारात में ओमान क्रिकेट अकादमी ग्राउंड पर खेले जायेंगे। भारतीय टीम कल पाकिस्तान ए के खिलाफ मैच से अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इस प्रतियोगिता में आठ टीमों को चार-चार टीमों के दो समूहों में विभाजित किया गया है और टीमें राउंड रॉबिन फॉर्मेट में एक-दूसरे से भिड़ेंगी। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। एशिया कप 2024 की टीमें और ग्रुप ए में अफगानिस्तान ए, बांग्लादेश ए, श्रीलंका ए, हांगकांग चीन, ग्रुप बी में भारत ए, पाकिस्तान ए (पाकिस्तान शाहीन्स), ओमान, संयुक्त आराम अमीरात (यूएई), एशियाई क्रिकेट टूर्नामेंट का यह छठा संस्करण है लेकिन यह पहली बार होगा कि एसीसी इमर्जिंग टीम एशिया कप टी-20 प्रारूप में खेला जाएगा।

### डीसी के निदेशक बने राव, बदानी मुख्य कोच नियुक्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने गुरुवार को 2025 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र से पहले अपने नए कोचिंग स्टाफ की नियुक्ति की जिसमें पूर्व भारतीय क्रिकेटर हेमांग बदानी को मुख्य कोच और वेणुगोपाल राव को क्रिकेट निदेशक बनाया गया। भारत के लिए चार टेस्ट और 40 वनडे खेल चुके 47 वर्षीय बदानी को विभिन्न क्रिकेट लीग में कोचिंग का अनुभव है। 2021 से 2023 तक उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के साथ क्षेत्ररक्षण कोच और फिर बल्लेबाजी कोच के तौर पर काम किया। बदानी ने कहा दिल्ली कैपिटल्स में शामिल होना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है और मुझ पर भरोसा करने के लिए टीम के मालिकों का आभारी हूं। भारत के लिए 16 वनडे खेलने वाले राव 2009 में आईपीएल जीतने वाली डेक्कन चार्जर्स टीम का हिस्सा थे। वह दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए तीन आईपीएल सत्र में भी खेले और दुबई कैपिटल्स से जुड़े रहे। राव ने कहा फ्रेंचाइजी के साथ मेरा जुड़ाव लंबे समय से है और मैं इस भूमिका की पेशकश करने के लिए टीम के मालिकों द्वारा दिखाये भरोसे के लिए आभारी हूं।

### पहले टेस्ट के दूसरे दिन 46 रनों पर सिमटी भारतीय टीम, 37 साल बाद बनाया न्यूनतम स्कोर, न्यूजीलैंड को मिली 134 रनों की बढ़त

# हेनरी के आगे बिखरे भारतीय धुरंधर



मैट हेनरी

5 विकेट

15 रन

13 ओवर



बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जा रहे भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन शून्य पर आउट होने के बाद भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली, सरफराज खान, केएल राहुल, रवींद्र जड़ेजा और आर अश्विन (बाएं से दाएं) निराशा के साथ पवेलियन लौटे। ● एजेंसी

**बेंगलुरु, एजेंसी**

मैट हेनरी (पांच विकेट) और विलियम ओरूर्के (चार विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद डेवन कॉन्वे के (91) अर्द्धशतक की मदद से न्यूजीलैंड ने वर्षा बाधित पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन गुरुवार को तीन विकेट पर 180 बनाकर भारत पर पहली पारी के आधार पर 134 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

भारत को पहली पारी में मात्र 46 रनों पर समेटने के बाद बल्लेबाजी करने मैदान पर आयी न्यूजीलैंड टीम के सलामी बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 67 रनों की साझेदारी की। 18वें ओवर में कुलदीप ने टॉम लेथम (15) को पगबाधा आउट कर टीम को पहली सफलता दिलाई। दूसरे विकेट की साझेदारी में कॉन्वे और विल यंग ने टीम के स्कोर को 142 रनों तक पहुंचाया जहां जाडेजा ने विल यंग (33) को कुलदीप के हाथों कैच आउट करा न्यूजीलैंड का दूसरा विकेट गिराया। इसके बाद अपने शतक की तरफ बढ़ रहे डेवन कॉन्वे (91) को अश्विन ने बोल्ड कर टीम के लिए तीसरा विकेट लिया। खेल समाप्ति के समय रचिन रविंद्र (22) तथा डैरिल मिचेल 14 रनों पर नाबाद रहे। भारत की ओर से आर अश्विन, कुलदीप यादव तथा रवीन्द्र जडेजा ने एक-एक विकेट लिया।



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का विकेट लेने के बाद जश्न मनाती न्यूजीलैंड की टीम। ● एजेंसी

- मैट हेनरी ने पांच और विलियम ओरूर्के ने लिए चार विकेट डेविड कॉन्वे शतक से चूके
- ऋषभ पंत ने सर्वाधिक 20 रन बनाए रविंद्र जडेजा कुलदीप और अश्विन को एक-एक विकेट

इससे पहले आज यहां एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत बेहद खराब रही और सातवें ओवर में कप्तान रोहित शर्मा (दो) को टिम साउदी ने बोल्ड कर न्यूजीलैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद विराट कोहली और सरफराज खान (शून्य) पर पवेलियन लौट गए इस दौरान बारिश शुरु होने से कुछ देर खेल रूका रहा। विराट को विलियम ओरूर्के और सरफराज को मैट हेनरी ने आउट किया। बारिश रुकने के बाद बल्लेबाजी करने आये यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 21 ओवर में विलियम ओरूर्के ने यशस्वी जायसवाल (13) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद भारत के लगातार विकेट गिरते गए। ऋषभ पंत ने टीम के लिए सर्वाधिक (20) रन बनाए।

आलम यह था कि भारत के नौ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। भारत की पूरी टीम 31.2 ओवर में 46 के स्कोर पर सिमट गई। इसी के साथ घरेलू पिच पर सबसे कम स्कोर बनाने का 37 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। इससे पहले भारतीय टीम 1987 में वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली टेस्ट में 75 रन पर ऑलआउट हुई थी। न्यूजीलैंड की ओर से मैट हेनरी ने 15 रन देकर पांच विकेट लिये। विलियम ओरूर्के को 22 रन देकर चार विकेट मिले। टिम साउदी ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी : 46/10 (31.2 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का पटेल बो ओरूर्के | 13 | 63 | 1/0 |
| रोहित शर्मा बो साउदी | 2 | 16 | 0/0 |
| विराट कोहली का फिलिप्स बो ओरूर्के | 0 | 9 | 0/0 |
| सरफराज खान का कोंवे बो हेनरी | 0 | 3 | 0/0 |
| ऋषभ पंत का लाथम बो हेनरी | 20 | 49 | 2/0 |
| केएल राहुल का ब्लंडेल बो ओरूर्के | 0 | 6 | 0/0 |
| रविंद्र जडेजा का पटेल बो हेनरी | 0 | 6 | 0/0 |
| रविचंद्रन अश्विन का फिलिप्स बो हेनरी | 0 | 1 | 0/0 |
| कुलदीप यादव का ब्रासवेल बो हेनरी | 2 | 17 | 0/0 |
| जसप्रीत बुमराह का हेनरी बो ओरूर्के | 1 | 3 | 0/0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 4 | 16 | 1/0 |

अतिरिक्त : 4, गेंदबाजी : साउदी 6-4-8-1, हेनरी 13 .2-3-15-5, ओरूर्के 12-6-22-4

**न्यूजीलैंड पहली पारी : 180/3 (50 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| टॉम लाथम पगबाधा बो कुलदीप | 15 | 49 | 3/0 |
| डेवोन कोंवे बो अश्विन | 91 | 105 | 11/3 |
| विल यंग का कुलदीप बो जडेजा | 33 | 73 | 5/0 |
| रचिन रविंद्र नाबाद | 22 | 34 | 2/0 |
| डेरिल मिचेल नाबाद | 14 | 39 | 1/0 |

अतिरिक्त : 5, गेंदबाजी : बुमराह 10-4-23-0, सिराज 7-1-21-0, अश्चिन 11-1-46-1, कुलदीप 12-1-57-1, जडेजा 10-0-28-1

### टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में भारत का सबसे न्यूनतम स्कोर

**बेंगलुरू।** भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ वर्षाबाधित पहले टेस्ट में अपनी पहली पारी में 31.2 ओवर में 46 रन पर सिमट गई जो स्वदेश में खेले गए 293 टेस्ट में उसका न्यूनतम स्कोर है। भारत के पांच बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। यह पहली बार है कि घरेलू टेस्ट की पारी में भारतीय टीम 50 रन भी नहीं बना सकी। इसके अलावा यह दूसरी बार है कि घरेलू टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच भारतीय बल्लेबाज खाता नहीं खोल सके। इससे पहले 1999 में मोहाली टेस्ट में ऐसा हुआ था। घरेलू मैदान पर भारत का न्यूनतम टेस्ट स्कोर 37 साल पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ नवंबर 1987 में दिल्ली में दर्ज हुआ था।

**स्वदेश में भारत के न्यूनतम टेस्ट स्कोर**

| रन | स्थान | वर्ष | टीम |
|---|---|---|---|
| 46 | बेंगलुरू | 2024 | न्यूजीलैंड |
| 75 | दिल्ली | 1987 | वेस्टइंडीज |
| 76 | अहमदाबाद | 2008 | दक्षिण अफ्रीका |
| 83 | मोहाली | 1999 | न्यूजीलैंड |
| 88 | मुंबई | 1965 | न्यूजीलैंड |

**विदेश में न्यूनतम टेस्ट स्कोर**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 36 | एडीलेड | 2020 | ऑस्ट्रेलिया |
| 42 | लॉडर्स | 1974 | इंग्लैंड |
| 58 | ब्रिसबेन | 1947 | ऑस्ट्रेलिया |
| 58 | मैनचेस्टर | 1952 | इंग्लैंड |
| 66 | डरबन | 1996 | दक्षिण अफ्रीका |

### ऋषभ पंत के घुटने में लगी चोट, जाना पड़ा मैदान से बाहर



**बेंगलुरू।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने खुलासा किया कि ऋषभ पंत के घुटने में चोट लगने के बाद सूजन आ गई है लेकिन उन्हें उम्मीद है कि यह विकेटकीपर बल्लेबाज शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन मैदान पर वापसी कर सकेगा। पंत न्यूजीलैंड की पहली पारी के 37वें ओवर में रविंद्र जडेजा की स्पिन गेंद को नहीं पकड़ पाए जो ओवर द विकेट से गेंदबाजी कर रहे थे और यह उनके घुटने पर लगी। वह जल्द ही लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए और उनकी जगह ध्रुव जुरेल मैदान में उतरे। गेंद उनके बाएं पैर के घुटने पर लगी जिसकी 2022 में उस कार दुर्घटना के बाद कई सर्जरी की गई थीं। रोहित ने बताया दुर्भाग्य से गेंद सीधे उनके घुटने पर लगी, उसी पैर पर जिसकी उन्होंने सर्जरी करवाई है। इसलिए उनके घुटने में थोड़ी सूजन है, लेकिन वह एहतियात के तौर पर मैदान छोड़कर बाहर गए। उम्मीद है कि रात में वह ठीक हो जाएंगे और हम उन्हें मैदान पर वापस देखेंगे।

### 46 रन पर टीम को आउट होते देखकर दुखी हूं : रोहित

**बेंगलुरू।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन टीम को 46 रन के न्यूनतम स्कोर पर सिमटते देखकर वह दुखी हैं। बारिश के कारण पहले दिन का खेल रद्द होने के बाद दूसरे दिन रोहित ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। भारत की पारी 31.2 ओवर में सिमट गई और पांच बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। रोहित ने दूसरे दिन के खेल के बाद कहा बतौर कप्तान 46 रन का स्कोर देखकर दुखी हूं क्योंकि पहले बल्लेबाजी का फैसला मेरा था। लेकिन साल में एक या दो खराब फैसले चलते हैं।

## निशानेबाजी विश्व कप फाइनल में विवान को मिला रजत, नरूका ने जीता कांस्य पदक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अनंतजीत सिंह नरूका के पुरुष स्कीट में कांस्य पदक के बाद विवान कपूर ने पुरुष ट्रैप स्पर्धा में रजत पदक जीता जिससे गुरुवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी फाइनल में भारत के पदकों की संख्या चार हो गई।

विवान ने फाइनल में 44 का स्कोर बनाया और वह चीन के स्वर्ण पदक विजेता यिंग की से पीछे रहे। तुर्की के टोल्गा एन टुंसर ने 35 के स्कोर से कांस्य पदक जीता। विवान ने क्वालीफिकेशन दौर में 125 में से 120 अंक जुटाकर छह निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई थी। इससे पहले राजस्थान के 26 वर्षीय नरूका ने छह निशानेबाजों के फाइनल में 43 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इटली के तामारो कासांद्रो को स्वर्ण और गैब्रियेले रोसेत्ती को रजत पदक मिला जिन्होंने क्रमशः 57 और 56 स्कोर किया।



अनंतजीत सिंह नरूका। ● एजेंसी

नरूका ने क्वालीफिकेशन दौर में 125 में से 121 स्कोर किया था। भारत के लिए सोनम मस्कर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में रजत और अखिल श्योराण ने पुरूषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में कांस्य पदक जीता है। नरूका और महेश्वरी चौहान पेरिस ओलंपिक में स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहे थे।

**महिला टी-20 विश्व कप**

## ऑस्ट्रेलिया को हराकर द. अफ्रीका फाइनल में पहुंची

**दुबई।** दक्षिण अफ्रीका ने कसी गेंदबाजी के बाद एनेके बोश (नाबाद 74 रन) के शानदार अर्धशतक की बदौलत गुरुवार को छह बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई टीम को आठ विकेट से हराकर उलटफेर करते हुए महिला टी-20 विश्व कप के फाइनल में प्रवेश किया।

दक्षिण अफ्रीका ने टी-20 विश्व कप में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त दी। अब रविवार को दक्षिण अफ्रीका का सामना न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा। दक्षिण अफ्रीका ने 17.2 ओवर में दो विकेट पर 135 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया का आठवीं बार फाइनल का सपना तोड़ दिया। बोश प्लेयर ऑफ द मैच रहीं। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया 20 ओवर में 134 रन ही बना सकीं।

## डेनमार्क ओपन : क्वार्टरफाइनल में सिंधु

**कोपेनहेगन, एजेंसी**

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने गुरुवार को डेनमार्क ओपन 2024 के राउंड ऑफ 16 में चीन की हान यू को हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली हैं। आज यहां खेले गये मुकाबले में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने 63 मिनट तक चले मैच में चीनी खिलाड़ी पर 18-21, 21-12, 21-16 से जीत दर्ज की। चीन की हान यू पर पीवी सिंधु की यह सातवीं जीत है।



भारतीय शटलर पीवी सिंधु को पहले गेम में 18-21 से हारने के बाद वापसी की और दूसरे गेम में शानदार शुरुआत करते हुए बढ़त हासिल की और चीन की शटलर के खिलाफ ब्रेक से पहले तक 11-6 की बढ़त बनाते हुए गेम पर अपनी पकड़ मजूबत कर ली। ब्रेक के बाद भी सिंधु ने अपनी लय जारी रखते हुए विश्व के सातवें नंबर के खिलाड़ी को 21-12 से स्कोर से हराकर मैच में 1-1 की बराबरी कर ली। तीसरा और निर्णायक गेम बेहद रोमांचक रहा। सिंधु ने 2-1 की बढ़त के साथ गेम का आगाज किया। इसके बाद चीन की शटलर ने भी वापसी करते हुए कुछ अंक जुटाए और गेम में 7-7 की बराबरी कर ली। यहां से भारतीय शटलर पर दबाव साफ दिख रहा था क्योंकि चीन की हान यू ने दो अंकों की अहम बढ़त हासिल कर ली थी। सिंधु को यह मैच जीतने के लिए गेम में बढ़त बनाने की दरकार थी और उन्होंने पहले 11-11 से बराबरी की और फिर लय हासिल करते हुए 19-16 की बढ़त लेकर चीन की शटलर को बैकफूट पर धकेला। इसके बाद सिंधु ने लगातार दो अंक हासिल करते हुए मैच को 2-1 से अपने नाम कर लिया।

## बॉलीवुड हलचल



## है जवानी तो इश्क होना है में काम करेंगे वरूण

**मुंबई।** बॉलीवुड के चॉकलेटी हीरो वरूण धवन अपने पिता डेविड धवन की फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में काम करते नजर आ सकते हैं। वरुण धवन इन दिनों अपनी आने वाली एक्शन थ्रिलर वेब सीरीज सिटाडेल हनी बन्नी को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस सीरीज के अलावा वरुण इन दिनों एक और फिल्म को लेकर चर्चा में हैं, जिसका नाम ''है जवानी तो इश्क होना है'' बताया जा रहा है। कहा जा रहा है रमेश तौरानी के प्रोडक्शन की इस फिल्म को वरूण के पिता डेविड धवन निर्देशित करेंगे। डेविड धवन इससे पूर्व वरूण धवन को लेकर मैं तेरा हीरो, जुड़वा 2 और कुली नंबर 1 बना चुके हैं। चर्चा है कि वरुण धवन नवंबर में गोवा में है जवानी तो इश्क होना है की शूटिंग शुरू करेंगे। अगले साल की शुरुआत में इस फिल्म के कुछ सींस की शूटिंग विदेश में की जा सकती है।

### 20 को होगा चंदू चैंपियन का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की फिल्म चंदू चैंपियन का वर्ल्ड टेलिविजन प्रीमियर जी सिनेमा पर 20 अक्टूबर को होगा। जी सिनेमा इस वीकेंड चंदू चैंपियन के वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर के साथ मुरलीकांत पेटकर का बेमिसाल सफर लेकर आ रहा है। कबीर खान द्वारा निर्देशित और कार्तिक आर्यन के दमदार अभिनय से सजी यह फिल्म न सिर्फ इंसानी जज्बे की जीत दर्शाती है बल्कि हौसले की सच्ची कहानियों को भी सलाम करती है। कार्तिक आर्यन ने बताया, मुरलीकांत पेटकर का रोल निभाने की तैयारी के लिए मैंने अपनी डाइट और लाइफस्टाइल पूरी तरह बदल दी। मुझे ऐसी डाइट लेनी पड़ी जो मेरे लिए अनजान थी और जिनका स्वाद हमेशा अच्छा नहीं होता था। यह मेरे जैसे खाने के शौकीन इंसान के लिए एक चैलेंज था। इसने न सिर्फ मेरे शरीर को बदला, बल्कि मुझे और ज्यादा ध्यानशील और सकारात्मक इंसान भी बनाया। मैंने लगभग 18 महीनों तक एक सख्त दिनचर्या का पालन किया, जिसमें मैंने पूरी लगन से मेहनत की और अपने कैलोरी इनटेक को एडजस्ट किया। शुरुआत में मुझे संघर्ष करना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद मैंने अंततः इस अनुशासित जीवनशैली को अपनाया- समय पर खाना, समय पर सोना और नियमित रूप से जिम जाना। अपनी पिछली खाने की आदतों को छोड़ना कठिन था, लेकिन अब मैं इस नई दिनचर्या का आदी हो गया हूं, जो हमेशा स्वाद में अच्छी नहीं होती लेकिन मेरी पूरी सेहत पर सकारात्मक असर करती है।

### शर्वरी बनीं मिराजियो के नए क्लेक्शन की मॉडल

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शर्वरी हैंडबैग ब्रांड मिराजियो के नये क्लेकशन की मॉडल बनायी गयी है। मशहूर हैंडबैग ब्रांड मिराजियो ने बॉलीवुड स्टार शर्वरी के साथ अपने ए/डब्लू 24 क्लेक्शन का अनावरण किया है। #मेडफॉरमोर कैंपेन सिर्फ एक लॉन्च नहीं है, बल्कि उन महिलाओं का उत्सव है जो सीमाओं से परे जाकर उत्कृष्टता की ओर निरंतर अग्रसर रहती हैं। मिराजियो का यह नया कलेक्शन उन साहसी, आत्मविश्वासी और महत्वाकांक्षी महिलाओं के लिए डिजाइन किया गया है, जो ऊंचाइयों को छूने और सीमाओं से परे जाने की चाह रखती हैं। शर्वरी ने कहा, मैं मिराजियो के #मेडफॉरमोर कैंपेन का चेहरा बनने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। इस कैंपेन के पीछे का संदेश मेरे दिल के बेहद करीब है। यह महिलाओं को बड़ा सपना देखने और साधारण से आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करता है। मैंने हमेशा यह माना है कि हमें वही पाना चाहिए जो हमारे दिल को जोश से भर देता है, और मिराजियो उसी साहसी भावना को दर्शाता है। इसीलिए यह सहयोग मेरे लिए एक स्वाभाविक फिट की तरह है। हम मिलकर उन महिलाओं का उत्सव मना रहे हैं जो उत्कृष्टता की खोज में निडर हैं।

## दूसरा टेस्ट : पाकिस्तान ने इंग्लैंड को जीत के लिए दिया 297 रनों का लक्ष्य

**मुल्तान, एजेंसी**

पाकिस्तान ने गुरुवार को दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में आगा सलमान के (63) अर्द्धशतक की मदद से 221 रन बनाकर इंग्लैंड़ को जीत के लिए 297 रनों का लक्ष्य दिया था जिसके जवाब में इंग्लैंड अपनी दूसरी पारी में 36 रन पर दो विकेट खोकर संकट में फंस गया है।

दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और पहले ओवर की तीसरी गेंद पर ही साजिद खान ने बेन डकेट को शून्य पर रिजवान के हाथों कैच आउट कराकर टीम को पहली सफलता दिला दी। चौथे ओवर में नौमन अली ने जैक क्रॉली (तीन) को रिजवान के हाथों कैच आउट करा इंग्लैंड को दूसरा झटका दिया। उस समय टीम का स्कोर मात्र 11 रन था। तीसरे दिन का खेल समाप्ति पर ऑली पोप (21) तथा जो रुट (12) रनों पर नाबाद रहे। इससे पहले दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और छठें ओवर में शोएब बशीर ने अब्दुल्लाह शफीक (चार) को आउट कर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद कप्तान शान मसूद (11) भी बशीर का शिकार बने। सईम अयूब (22) के रूप में तीसरा विकेट पर भी बशीर को मिला। कामरान गुलाम (26) को जैक लीच ने पगबाधा आउट किया। मोहम्मद रिजवान (23) रन बनाकर पांचवें विकेट के रूप में आउट हुए। चायकाल के बाद लीच ने 43वें ओवर में पाकिस्तान को छठा झटका दिया और सऊद शकील (31) को पगबाधा आउट कर दिया। दो ओवर बाद ही लीच ने फिर नये बल्लेबाज आमेर जमाल को एक रन पर बोल्ड आउट कर टीम को सातवीं सफलता दिलाई। इसके बाद नौमन अली (1) को बशीर ने स्टोक्स के हाथों के कैच आउट कराया। पाकिस्तान का नौवां विकेट आगा सलमान के रुप में गिरा। इस तरह उसकी कुल बढ़त 296 रन की हो गयी है।



विकेट लेने के बाद जश्न मनाती पाकिस्तान की टीम। ● एजेंसी


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# वैवाहिक दुष्कर्म : पति को छूट वाले कानूनों की वैधता पर करेंगे फैसला : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि वह भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के उन दंडनीय प्रावधानों की संवैधानिक वैधता पर निर्णय करेगी जो बलात्कार के अपराध के लिए पति को अभियोजन से छूट प्रदान करता है, यदि वह अपनी पत्नी, जो नाबालिग नहीं है, को उसके साथ यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर करता है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने केंद्र की इस दलील पर याचिकाकर्ताओं की राय जाननी चाही कि इस तरह के कृत्यों को दंडनीय बनाने से



- सीजेआई ने कहा- यह एक संवैधानिक प्रश्न है, मुख्य मुद्दा संवैधानिक वैधता का है

वैवाहिक संबंधों पर गंभीर असर पड़ेगा तथा विवाह की संस्था भी प्रभावित होगी। एक याचिकाकर्ता के अधिवक्ता करुणा नंदी ने दलीलें शुरू कीं और वैवाहिक दुष्कर्म पर आईपीसी तथा बीएनएस के प्रावधानों का जिक्र किया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि यह एक संवैधानिक प्रश्न है।

हमारे सामने दो निर्णय हैं और हमें फैसला लेना है। मुख्य मुद्दा संवैधानिक वैधता का है। नंदी ने कहा कि अदालत को एक प्रावधान को रद कर देना चाहिए जो असंवैधानिक है। शीर्ष अदालत ने कहा कि आप कह रहे हैं कि यह (दंडात्मक प्रावधान) अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार), अनुच्छेद 19, अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता) का उल्लंघन करता है... संसद ने जब अपवाद खंड लागू किया था, तो उसका आशय यह था कि जब कोई पुरुष 18 वर्ष से अधिक उम्र की पत्नी के साथ यौनाचार में संलग्न होता है, तो इसे दुष्कर्म नहीं माना जा सकता।

# इजराइली हवाई हमले में मारा गया हमास प्रमुख याह्या सिनवार

- फिलिस्तीन ने कहा- स्कूल में था आश्रय स्थल, इजराइल बोला- छुपे हुए थे जिहादी

दीर अल बलाह (गाजा पट्टी)

इजराइली विदेश मंत्री ने पुष्टि की है कि गाजा में इजराइली सैनिकों ने हमास के शीर्ष नेता याह्या सिनवार को मार गिराया है। सिनवार पिछले साल इजराइल पर हमले का मुख्य साजिशकर्ता था, जिसके बाद हमास-इजराइल में भीषण जंग शुरू हुई।

सिनवार एक साल पहले इजराइल-हमास युद्ध की शुरुआत से ही इजराइल की ओर से जारी सर्वाधिक वांछित लोगों की सूची में सबसे ऊपर था, और उसकी हत्या से आतंकवादी समूह को एक बड़ा झटका लगा है। हमास की ओर से सिनवार की मौत की फिलहाल कोई पुष्टि नहीं की गई।



उत्तरी गाजा में हमले के बाद उठता धुंआ। ● एजेंसी

विदेश मंत्री कैट्ज ने सिनवार की हत्या को इजराइली सेना के लिए एक सैन्य और नैतिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि सिनवार की हत्या से बंधकों को तुरंत रिहा करने और एक ऐसा बदलाव लाने की संभावना पैदा होगी जो गाजा में बिना हमास और बिना ईरानी नियंत्रण के एक नयी वास्तविकता को जन्म देगा।

पूरे युद्ध के दौरान, सिनवार सार्वजनिक रूप से कभी सामने नहीं आया। जुलाई में ईरान की राजधानी तेहरान में इजराइल के हमले में इस्माइल हानिया की हत्या के बाद सिनवार को समूह के शीर्ष नेता के रूप में चुना था। वहीं उत्तरी गाजा में विस्थापित लोगों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर गुरुवार को इजराइल द्वारा किए गए हमले में पांच बच्चों सहित कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी।

### हिसाब चुकता हुआ, युद्ध अभी बाकी है : नेतन्याहू

यरुशलम। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को कहा कि इजराइल ने उस व्यक्ति से अपना हिसाब चुकता कर लिया है जिसने होलोकॉस्ट (यहूदी नरसंहार) के बाद हमारे लोगों के इतिहास में सबसे भीषण नरसंहार को अंजाम दिया। नेतन्याहू ने कहा कि हमास नेता याह्या सिनवार की हत्या गाजा में बंधक बनाए गए लोगों को वापस लाने के लिए युद्ध में एक महत्वपूर्ण क्षण है। उन्होंने यह भी कहा कि जो कोई भी हथियार सौंप देगा और बंधकों की वापसी में सहायता करेगा, उसे गाजा से सुरक्षित रूप से जाने दिया जाएगा। हमारा युद्ध अभी खत्म नहीं हुआ है।

### सिनवार की मौत से हो सकता है युद्ध का अंत : बाइडन

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने गुरुवार को कहा कि इजराइली सैनिकों द्वारा हमास नेता याह्या सिनवार को मार गिराया जाना इजराइल, अमेरिका और दुनिया के लिए एक अच्छा दिन है। सिनवार की मौत से इजराइली बंधकों को मुक्त करने और गाजा में जारी युद्ध को समाप्त करने का मौका है। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार कमला हैरिस ने भी सिनवार की मौत को गाजा में युद्ध को समाप्त करने के लिए अवसर करार दिया। बाइडन ने इस घटना की तुलना अल-कायदा के आतंकी ओसामा बिन लादेन की हत्या के बाद अमेरिका में महसूस की गई भावना से की।

## एक नजर

### खाई में गिरा सीआरपीएफ का वाहन, 12 कर्मी घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक वाहन बृहस्पतिवार को सड़क से फिसलकर खाई में गिर गया और इस हादसे में 12 जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मध्य कश्मीर जिले के खैगाम इलाके में यह दुर्घटना हुई। उन्होंने बताया कि इस हादसे में घायल हुए सीआरपीएफ के कर्मियों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पाकिस्तान विस्फोट में तीन की मौत, दो घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के इस्लामाबाद के राजमार्ग पर हुए विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गयी है जबकि दो अन्य घायल हो गए हैं। यातायात पुलिस ने गुरुवार को अपने बयान में बताया कि यह दुर्घटना बुधवार रात को एम1 राजमार्ग पर एक टोल प्लाजा के पास हुई, जहां एक यात्री वैन में विस्फोट हुआ। इसमें तीन लोगों की मौत हो गयी और दो अन्य घायल हो गये। बयान में कहा गया प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि दुर्घटना सिलेंडर फटने के कारण हुई। पुलिस ने बताया कि घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### सोमालिया: कैफे में हुए हमले में सात की मौत

**मोगादिशु।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में एक पुलिस प्रशिक्षण स्कूल के बाहर एक कैफे में एक आत्मघाती हमलावर द्वारा किए गए विस्फोट में सात लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि हताहतों में अधिकारी और नागरिक शामिल हैं जो बृहस्पतिवार को जनरल काहिये पुलिस अकादमी के बाहर चाय पी रहे थे। अलकायदा से सम्बद्ध आतंकवादी समूह अल-शबाब ने बयान के माध्यम से हमले की जिम्मेदारी ली।

### कोटा में यूपी के छात्र ने लगाई फांसी, मौत

**कोटा।** उत्तर प्रदेश निवासी नीट-यूजी के परीक्षार्थी ने कोटा में पीजी में फंदा लगाकर जान दे दी जो यहां इस साल आत्महत्या से मौत का 15वां मामला है। पुलिस ने कहा कि बुधवार रात को कोटा शहर के दादाबाड़ी थाना क्षेत्र में घटना घटी। पुलिस के अनुसार जब छात्र ने परिजनों का फोन नहीं उठाया तो पीजी के केयरटेकर ने पुलिस को सूचित किया। उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर का निवासी आशुतोष चौरसिया पिछले छह महीने से कोटा में मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहा था।

# खराब संबंधों के लिए ट्रूडो जिम्मेदार

## मंत्रालय ने कहा- नई दिल्ली के खिलाफ ओटावा के गंभीर आरोपों का कोई सबूत नहीं मिला

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने गुरवार को कहा कि कनाडा के साथ मौजूदा कूटनीतिक विवाद ट्रूडो सरकार के निराधार आरोपों के कारण उत्पन्न हुआ है तथा नई दिल्ली के खिलाफ ओटावा के गंभीर आरोपों के समर्थन में कोई सबूत साझा नहीं किया गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा सार्वजनिक जांच के दौरान की गई स्वीकारोक्ति से भारत के खिलाफ लगाए आरोपों का महत्व पता चलता है।

संघीय चुनाव प्रक्रियाओं और लोकतांत्रिक संस्थाओं में विदेशी हस्तक्षेप की सार्वजनिक जांच के समक्ष गवाही देते हुए ट्रूडो ने बुधवार को स्वीकार किया कि जब उन्होंने पिछले वर्ष खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय सरकारी एजेंटों की संलिप्तता का आरोप लगाया था, तब उनके पास केवल खुफिया जानकारी थी और कोई ठोस साक्ष्य नहीं था। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त की कि उसने जो सुना है, वह नई दिल्ली के इस दृढ़ रुख की पुष्टि करता है कि कनाडा ने भारत और भारतीय राजनयिकों के खिलाफ ओटावा द्वारा लगाए गंभीर आरोपों के समर्थन में हमें कोई सबूत पेश नहीं किया है। अभी तक कनाडा द्वारा कोई सबूत साझा नहीं किया गया है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान संकट (भारत-कनाडा संबंधों में) ट्रूडो सरकार के निराधार आरोपों के कारण उत्पन्न हुआ है। जायसवाल ने कहा कि भारत की ओर से कनाडा के पास लगभग एक दशक से 26 प्रत्यर्पण अनुरोध लंबित हैं।





- सार्वजनिक जांच के दौरान ट्रूडो की स्वीकारोक्ति से आरोपों के महत्व का चलता है पता

### भारत मानता है आतंकवाद पर गंभीर नहीं कनाडा : ट्रूडो

**वाशिंगटन।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने बुधवार को कहा कि भारत का मानना है कि कनाडा हिंसा, आतंकवाद या घृणा भड़काने के अपराध को गंभीरता से नहीं लेता है। ट्रूडो ने संघीय चुनाव प्रक्रियाओं और लोकतांत्रिक संस्थाओं में विदेशी हस्तक्षेप के संदर्भ में सार्वजनिक जांच के दौरान गवाही देते हुए कहा कि कनाडा सरकार यह पता लगाने के लिए भारत से मदद मांग रही है कि क्या कथित हस्तक्षेप और हिंसा किसी शरारती तत्व द्वारा की गई थी या सरकार में किसी उच्च पदस्थ व्यक्ति द्वारा निर्देशित थी। ट्रूडो ने कहा कि मुझे लगता है कि यह बेहद अहम सवाल है और यह एक ऐसा प्रश्न है जिसका उत्तर पता लगाने के लिए हम भारत सरकार से सहायता करने के लिए बार-बार कह रहे हैं। हम इस सवाल की तह तक जाना चाहते हैं कि क्या यह सरकार के भीतर किसी संभावित शरारती तत्व का काम है या फिर यह भारत सरकार का अधिक व्यवस्थित प्रयास है... । उन्होंने कहा कि इसलिए हम शुरुआत से भारत सरकार से इन आरोपों को गंभीरता से लेने और जांच शुरू करने के लिए कह रहे हैं।

### ट्रूडो सरकार निराधार आरोपों के कारण गहराया मुद्दा

भारत ने कहा कि कनाडा के साथ मौजूदा कूटनीतिक विवाद ट्रूडो सरकार के निराधार आरोपों के कारण उत्पन्न हुआ है, तथा नई दिल्ली के खिलाफ ओटावा के गंभीर आरोपों के समर्थन में कोई सबूत साझा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा हम कहेंगे कि जहां तक आरोपों का सवाल है, प्रधानमंत्री ट्रूडो द्वारा की गई स्वीकारोक्ति से आरोपों पर हमारे रुख के महत्व का पता चलता है। हम स्वाभाविक रूप से अपने राजनयिकों के खिलाफ लगाए गए झूठे आरोपों को खारिज करेंगे। संघीय चुनाव प्रक्रियाओं और लोकतांत्रिक संस्थाओं में विदेशी हस्तक्षेप की सार्वजनिक जांच के समक्ष गवाही देते हुए ट्रूडो ने स्वीकार किया जब उन्होंने पिछले वर्ष खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय सरकारी एजेंटों की संलिप्तता का आरोप लगाया था, तब उनके पास केवल खुफिया जानकारी थी और कोई ठोस साक्ष्य नहीं था। गौरतलब है कि सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मुद्दे को लेकर भारत और कनाडा के बीच कूटनीतिक विवाद और गहरा गया है। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी चरमपंथी निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के पिछले साल सितंबर में आरोप लगाए थे।

### बिश्नोई गिरोह पर कनाडा ने नहीं की कार्रवाई : मंत्रालय

**नई दिल्ली।** भारत ने कहा कि उसने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह और अन्य गिरोहों के सदस्यों के बारे में सुरक्षा संबंधी जानकारी कनाडा सरकार के साथ साझा की है तथा उनकी गिरफ्तारी की मांग की है, लेकिन अभी तक ओटावा द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि उन्होंने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है, जो हमारी मुख्य चिंता है। और, इसके पीछे एक राजनीतिक मकसद है, जिसे आप जानते हैं...हमारी सुरक्षा चिंता पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# चीन ने भूटान में बसाई आबादी अब डोकलाम पर उसकी नजर

नई दिल्ली, एजेंसी

- अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं का उल्लंघन करते हुए देश में 22 गांव बसा लिए



चीन ने भूटान की पारंपरिक सीमाओं का उल्लंघन करते हुए देश में 22 गांव बसा लिए हैं। एक रिसर्च रिपोर्ट में ये दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार चीन के इन 22 गांवों में से 19 पूर्ण रूप से रिहायशी गांव हैं, जबकि तीन में आबादी अभी कम ही है। चौंकाने वाली बात यह है कि इन 22 गांवों में से सात में निर्माण कार्य शुरू होने का खुलासा 2023 की शुरुआत में हो गया था।

चीन ने डेढ़ साल में इन इलाकों में तेजी से निर्माण कार्य भी किया है। इनके माध्यम से चीन की नजर डोकलाम पर है। ये क्षेत्र वही है, जिसे लेकर 2017 में भारत और चीन की सेनाएं आमने सामने थीं। भारत-चीन और भूटान के ट्राई-जंक्शन पर पड़ने वाले डोकलाम को चीन अपना बताता है। तिब्बती विश्लेषकों के नेटवर्क टरकोइस रूफ की इस ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, चीन ने 2016 में भूटान के क्षेत्र के तौर पर जाने जाने वाले अपनी सीमा के पार वाले क्षेत्रों में निर्माण कार्य शुरू कर दिया था। चीन ने इन 22 गांवों में 752 रिहायशी ब्लॉक बनाए हैं, जिनमें 2284 परिवारों के रहने की व्यवस्था की गई है। इन क्षेत्रों में अधिकारियों, निर्माण कार्य में लगे कर्मियों, सीमा पुलिस और सेना के करीब 7000 लोगों को बसाए जाने की तैयारी है। यह गांव काफी ढलान वाली इलाके और ऊंची घाटी वाले क्षेत्रों में बनाए गए हैं, जिसकी समुद्र से ऊंचाई 3832 मीटर तक है।

### झूठे पैकेज डील देना चाहता है चीन

चीन की तरफ से जो गांव बसाए गए हैं, वह पूर्वोत्तर भूटान में स्थित हैं, जो कि कूटनीतिक तौर पर भारत के लिए खतरा नहीं हैं। हालांकि, चीन ने 1990 तक इन्हें भूटान के नक्शे पर दिखाने के बाद फिर अपने नक्शे पर दिखाना शुरू कर दिया। आखिर चीन को भारत के खिलाफ कूटनीतिक फायदा न मिलने के बावजूद उसने पूर्वोत्तर भूटान के गांवों पर कब्जा क्यों किया? टरकोइस रूफ की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन इन इलाकों को भूटान के पश्चिम में स्थित डोकलाम पठार पर कब्जा करने के इरादे से रख रहा है।

### कब्जे पर चीन की नजर

चीन ने भूटान में जिन गांवों का निर्माण किया है, उनकी लोकेशन काफी अहम है। दरअसल, चीन की तरफ से यह गांव पश्चिम और पूर्वोत्तर में स्थापित किए गए हैं। इनमें से आठ गांव पश्चिमी भूटान में हैं, जिसे 1913 में तत्कालीन भूटान के शासक 13वें दलाई लामा द्वारा भूटान को सौंप दिया गया था। इन गांवों के जरिए चीन की पश्चिम में अहम कूटनीतिक लक्ष्य पर भी नजर है। यह क्षेत्र है 89 किमी का डोकलाम का पठार।

# व्यापार और निवेश के लिए महत्वपूर्ण है अफ्रीका : मुर्मू

लिलोंग्वे (मलावी), एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कहा कि अफ्रीका एक महत्वपूर्ण व्यापार और निवेश गंतव्य है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि महाद्वीप में दूरसंचार, सूचना प्रौद्योगिकी, शिक्षा और पेट्रोलियम सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय कंपनियों द्वारा निवेश बढ़ रहा है। भारत-मलावी व्यापार सम्मेलन में मुर्मू ने कहा कि वह हार्ट ऑफ अफ्रीका का दौरा करने वाली पहली भारतीय राष्ट्रपति बनकर खुश हैं। तीन देशों की यात्रा के अंतिम चरण में गुरुवार वह यहां पहुंचीं।

मुर्मू ने कहा कि अफ्रीका में दूरसंचार, सूचना प्रौद्योगिकी, शिक्षा, जल उपचार और पेट्रोलियम सहित



- महाद्वीप में भारतीय कंपनियों ने 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर का किया निवेश

विभिन्न क्षेत्रों में बहुराष्ट्रीय तथा लघु एवं मध्यम उद्यमों में भारतीय कंपनियों द्वारा निवेश बढ़ रहा है। 1964 में मलावी की स्वतंत्रता के बाद उसके साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने वाला भारत पहला देश था। दोनों देशों के बीच वाणिज्यिक संबंध ऐतिहासिक हैं। लेकिन दोनों देशों के बीच लोगों के बीच संपर्क 140 वर्षों से भी अधिक पुराना है।

# साढ़े तीन साल की बच्ची से अश्लील हरकत करने में दो शिक्षक गिरफ्तार

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा के एक नामी स्कूल में पढ़ने वाली साढ़े तीन साल की बच्ची से कथित तौर पर डिजिटल रेप के लिए पुलिस ने गुरुवार को स्कूल के कार्यालय प्रशासक और बच्ची की क्लास टीचर को गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दयामय महतो और मधु मेनघानी के रूप में हुई है तथा इन्हें शुक्रवार सुबह कोर्ट में पेश किया जाएगा।

- डिजिटल रेप में स्कूल कार्यालय प्रशासक व क्लास टीचर भी आरोपी

बिना अनुमति बच्ची या महिला के साथ उंगलियों या हाथ-पैर के अंगूठे से यौन उत्पीड़न किया जाता है तो उसे डिजिटल रेप कहते हैं। पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी को 11 अक्टूबर को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया था, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपी नित्यानंद स्कूल में हाउसकीपिंग का काम करता था। पुलिस ने बताया कि गुरुवार को गिरफ्तार आरोपियों ने घटना को छुपाने का प्रयास किया इसलिए उनके खिलाफ ये कार्रवाई हुई। थाना सेक्टर 20 में आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

# अमेरिकी बी-2 का यमन के हूती विद्रोहियों के बंकरों पर हमला

दुबई, एजेंसी

- अमेरिका के रक्षा सचिव बोले- हूती विद्रोहियों नियंत्रित क्षेत्रों में पांच भूमिगत हथियार भंडारणों को बना गया निशाना

अमेरिका के लंबी दूरी की मारक क्षमता वाले बी-2 बमवर्षक से यमन के हूती विद्रोहियों के भूमिगत बंकरों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए गए। अधिकारियों ने गुरुवार तड़के इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस हमले से कितना नुकसान हुआ है। यमन के हूती विद्रोहियों को निशाना बनाने के लिए बी-2 स्पिरिट का इस्तेमाल करना आम बात नहीं है।

बी-2 स्पिरिट ऐसा बमवर्षक है जिसमें दुश्मन की नजर में आए बिना हमला करने की क्षमता है। गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ इजराइल के हमलों के विरोध में हूती विद्रोही लाल सागर में कई महीनों से पोतों को निशाना बना रहे हैं। हूतियों के अल-मसीरा समाचार चैनल ने बताया कि यमन की राजधानी सना के आसपास हवाई हमले हुए हैं। साल 2014 से हूती विद्रोहियों ने सना पर कब्जा कर रखा है। इसमें बताया गया कि हूती विद्रोहियों के गढ़ सादा के आसपास भी हवाई हमले हुए हैं, हालांकि इसने नुकसान या हताहतों के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं दी है। अमेरिका के रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने एक बयान में कहा यमन में हूती विद्रोहियों के नियंत्रित क्षेत्रों में पांच भूमिगत हथियार भंडारण स्थानों को निशाना बनाकर बी-2 बमवर्षक से हमले किए गए हैं। हूतियों का समर्थन करने वाले ईरान को परोक्ष रूप से चेतावनी देने के लिए भी यह हमले किए गए हैं। ईरान ने पिछले साल के दौरान दो बार इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमले किए।

# आईसीटी ने हसीना के खिलाफ जारी किया गिरफ्तारी वारंट

**ढाका।** बांग्लादेश में अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने गुरुवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ जुलाई-अगस्त में हुए जन विद्रोह के दौरान मानवता के खिलाफ किए गए अपराधों के आरोप में गिरफ्तारी वारंट जारी किया।

आईसीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति मोहम्मद गुलाम मुर्तजा मजूमदार की अध्यक्षता वाली पीठ में आज सुनवाई शुरू हुई। न्यायमूर्ति मजूमदार के नेतृत्व में तीन न्यायाधीशों के न्यायाधिकरण ने अभियोजन पक्ष की याचिका को स्वीकार करते हुए यह आदेश पारित किया। न्यायाधिकरण ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि हसीना समेत 45 लोगों को 18 नवंबर तक पेश किया जाए।

# गुजरात हाईकोर्ट ने खारिज की सीबीआई जांच की मांग

## मोरबी पुल हादसा

अहमदाबाद, एजेंसी

- पीड़ितों के परिजनों ने मामले की जांच सीबीआई से कराने का किया था आग्रह

गुजरात हाईकोर्ट ने 2022 के मोरबी पुल ढहने की जांच सीबीआई को सौंपने से इनकार कर दिया है। इस हादसे के पीड़ितों के परिजनों ने इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपने का आग्रह किया था। मुख्य न्यायाधीश सुनीता अग्रवाल और न्यायमूर्ति प्रणव त्रिवेदी की खंडपीठ ने कहा कि अदालत जांच की सटीकता पर गौर नहीं कर सकती।

अदालत गुजरात के मोरबी में 30 अक्टूबर, 2022 की घटना के बाद स्वतः संज्ञान लेकर शुरू की गई एक पीआईएल पर सुनवाई कर रही थी। हादसे में मच्छू नदी पर ब्रिटिशकाल का एक झूला पुल ढह जाने से 135 लोगों की मौत हो गई थी। कुछ पीड़ितों और मृतकों के परिजनों ने पूरे मामले की सीबीआई से पुनः जांच कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने गुजरात पुलिस पर उचित जांच नहीं करने और विशेष जांच दल द्वारा कुछ अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराए जाने के बावजूद किसी भी नगर निगम अधिकारी को आरोपी नहीं बनाने का आरोप लगाया है।

सुनवाई के दौरान पीड़ितों की ओर से पेश हुए वकील राहुल शर्मा ने मुख्य प्राथमिकी में हत्या का आरोप जोड़ने का अनुरोध किया। महाधिवक्ता ने सूचित किया कि पिछले वर्ष आरोपपत्र दाखिल किया था और मोरबी मुख्य अधिकारी अनुशासनात्मक जांच का सामना कर रहे हैं। जब शर्मा ने पुनः जांच के लिए दबाव डाला तो मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि पुनः जांच का आदेश देना इस जनहित याचिका के दायरे से बाहर है।

## खगोल विज्ञान

सक्रियता की चरम अवस्था सौरमंडल को प्रभावित करती है

# चरम पर पहुंचा 11वर्षीय सूर्य का सौरचक्र

अमृत विचार, नैनीताल

25वां सोलर साइकिल चरम पर जा पहुचा है। इसके अगले वर्ष तक चरम पर रहने की संभावना है। नासा के राष्ट्रीय महासागरीय और वायुमंडलीय प्रशासन (एनओएए), और अंतर्राष्ट्रीय सौर चक्र भविष्यवाणी पैनल के वैज्ञानिकों ने यह घोषणा की है।

सौर चक्र सूर्य का प्राकृतिक चक्र है। इस चक्र में सूर्य निम्न और उच्च चुंबकीय गतिविधि के दौर से गुजरता है। यह चक्र लगभग 11 साल का होता है। जिसमें सूर्य शांत से सक्रियता की ओर गुजरता है और सक्रियता के दौरान तूफानी स्थिति में परिवर्तित हो जाता है। नासा अंतरिक्ष मौसम कार्यक्रम के निदेशक जेमी फेवर्स के अनुसार सौर सक्रियता के अधिकतम पहुचने के दौरान सूर्य की सतह पर





सूर्य के निम्न व उच्चतम सक्रियता की तस्वीर।

सनस्पॉट की संख्या बढ़ जाती है। सूर्य के चरम अवस्था के दौरान सूर्य के बारे में जानने का एक रोमांचक अवसर प्रदान करती है। चरम पर पहुचने के दौरान सूर्य पृथ्वी के साथ हमारे पूरे सौर मंडल पर वास्तविक प्रभाव डालता है और अंतरिक्ष मौसम पर गहरा असर डालता है। साथ ही अंतरिक्ष में उपग्रहों और अंतरिक्ष यात्रियों के साथ-साथ रेडियो संचार और जीपीएस को प्रभावित करता है। पृथ्वी पर स्थित पावर ग्रिड को प्रभावित कर सकता है।

इधर पिछले कुछ महीनों में सूर्य जबरदस्त सक्रिय है। मई माह में बड़े सौर ज्वालाओं और कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) की बौछार ने पृथ्वी को प्रभावित किया। सूर्य की हलचल ने दो दशकों में पृथ्वी पर शक्तिशाली भू-चुंबकीय तूफान पहुचे। इन दिनों सूर्य की सतह पर दर्जनों सनस्पॉट उभरे हुए हैं। जिनसे बड़े विस्फोट सूर्य पर जारी रहेंगे। बहरहाल अगले वर्ष तक सौर चक्रियता चरम पर रहेगी।

### महान वैज्ञानिक गैलीलियो ने सबसे पहले देखे सनस्पॉट

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौर वैज्ञानिक डॉ वहाबउद्दीन के अनुसार 1600 के दशक में महान वैज्ञानिक गैलीलियो ने पहली बार सनस्पॉट देखे थे। तभी से सूर्य पर नजर रखना शुरू हुआ और सूर्य के भयानक रूप का पता चल सका। प्रत्येक सौर चक्र का समय अलग-अलग होता है। सौर चक्र की अधिकतम समय 14 वर्ष तक हो सकता है। औसतन 11 वर्ष माना जाता है। 25वां सौर चक्र 2019 में शुरू हुआ था।

# नवाज शरीफ ने की भारत से संबंध सुधारने की पहल

लाहौर, एजेसी

- जयशंकर की यात्रा के बाद पाकिस्तान के पूर्व पीएम ने कहा- हमें अच्छे पड़ोसियों की तरह रहना चाहिए



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने गुरुवार को कहा कि भारत पाकिस्तान को अतीत भूलकर अच्छे पड़ोसियों की तरह रहना चाहिए। शरीफ की इस टिप्पणी को विदेश मंत्री एस जयशंकर की इस सप्ताह इस्लामाबाद यात्रा के बाद भारत से रिश्तों को सुधारने की पहल के रूप में देखा जा रहा है। तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके और सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) के अध्यक्ष ने जयशंकर की यात्रा को अच्छी शुरुआत बताया और उम्मीद जतायी कि दोनों पक्ष सकारात्मक रुख के साथ आगे बढ़ेंगे।

दिसंबर 2015 में प्रधानमंत्री मोदी की लाहौर की अचानक यात्रा की सराहना करते हुए शरीफ ने कहा कि वह दोनों देशों के बीच संबंधों में लंबे समय से जारी ठहराव से खुश नहीं हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों पक्षों को सकारात्मक दृष्टिकोण से आगे बढ़ना चाहिए। नवाज ने कहा कि हम अपने पड़ोसियों को नहीं बदल सकते, न ही पाकिस्तान और न ही भारत। हमें अच्छे पड़ोसियों की तरह रहना चाहिए।

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बड़े भाई नवाज ने कहा कि चीजें इसी तरह आगे बढ़नी चाहिए। हम चाहते थे कि प्रधानमंत्री मोदी आएं, लेकिन यह अच्छा हुआ कि भारतीय विदेश मंत्री आए। मैंने पहले कहा है कि हमें बातचीत के क्रम को आगे बढ़ाना चाहिए।